सूर्योदय 6:34 सूर्यास्त 5:34
आज का तापमान
शिमला 11.0 न्यू 23.1 अधि
धर्मशाला 14.0 न्यू 26.0 अधि
बाजार
सेंसेक्स 79724.12
निफ्टी 24304.35
सोना 78,590 चांदी 97,000

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in




आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 3 नवंबर 2024 | 18 कार्तिक, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 317, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

WEMBLEY SINCE 1961
(An ISO 9001-2008 Certified Co.)
Wembley Paints & Chemicals
Bring Home Wide Range of Premium Interior & Exterior Paints
Winner of National Award 2015
Winner of GOLDEN PEACOCK AWARD LONDON
High Gloss Emulsion For Exterior & Interior
High Build Primer for High Gloss Emulsions
WEMBLEY
THE COMPLETE SOLUTION
For WOOD & WALL COATINGS (SINCE-1961)
JAIN TRADERS UNA Mob.: 9805002437
Authorized Distributors For: Himachal Pradesh
Wembley Paints and Chemicals and Indo Wembly Paints Pvt. Ltd.



## न्यूज शॉर्ट्स

### एयर इंडिया की फ्लाइट में मिला कारतूस-बारूद



**नई दिल्ली।** दुबई से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या एआई-916 में कारतूस और बारूद मिला है। बताया जा रहा है कि कारतूस और बारूद फ्लाइट में एक सीट के नीचे से मिला है। एयरलाइंस ने शनिवार को बताया कि कारतूस व बारूद 27 अक्तूबर को दिल्ली में लैंडिंग के बाद क्रू मेंबर्स को मिला था। फिलहाल इस पूरे मामले की जांच चल रही है।

### बोत्सवाना के राष्ट्रपति बने ड्यूमा बोको



**गैबोरोन।** बोत्सवाना के राष्ट्रपति ड्यूमा बोको बने हैं। उन्हें मुख्य न्यायाधीश टेरेंस रन्नोवाने ने उच्च न्यायालय में आधिकारिक रूप से देश के छठे राष्ट्रपति के रूप में शपथ दिलाई। बोत्सवाना टेलीविजन पर अपना राष्ट्रपति स्वीकृति भाषण देते हुए बोको ने बिना देरी के शपथ लेने के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि किसी भी देरी से देश नेतृत्व विहीन हो जाएगा।

### लॉरेंस के भाई अनमोल को भारत लाने की कवायद

**चंडीगढ़।** मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई के भाई अनमोल को अमेरिका से वापस लाने के लिए प्रत्यर्पण की कार्रवाई शुरू कर दी है। अमेरिका ने भारत के साथ साझा की गई जानकारी में कहा कि अनमोल बिश्नोई अमेरिका में है। इस बारे में भारत को अलर्ट कर दिया है। अनमोल ने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर पर फायरिंग की जिम्मेदारी ली थी। इसके साथ ही पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला और बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में भी उसका नाम सामने आया है।

### झारखंड में भूकंप के झटकों से डोली धरती




**रांची।** झारखंड के चक्रधरपुर और जमशेदपुर में शनिवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 4.3 मापी गई। झारखंड के लोगों ने शनिवार सुबह 9 बजकर 12 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए। भूकंप के बाद लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। नुकसान की कोई खबर नहीं है। भूकंप का केंद्र खरसावां जिले से लगभग 13 किलोमीटर दूर था।

अनंत ज्ञान
अनुभवी स्टाफ चाहिए
'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।
संपादकीय विभाग
उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।
मार्केटिंग विभाग
मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।
मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

कांग्रेस पार्टी घोषणा कर जनता को बनाती है मूर्ख : डॉ. राजीव -पेज 2
धर्मशाला की वायु गुणवत्ता में 60 प्रतिशत गिरावट -पेज 4
वोकेशनल शिक्षक 4 को शिमला में करेंगे प्रदर्शन -पेज 6
खामेनेई ने इसराइल-अमेरिका को दी करारा जवाब देने की धमकी -पेज 13
भारत हांगकांग सिक्सेस टूर्नामेंट में यूएई और इंग्लैंड से हारा -पेज 14

# भारत-ग्रीस करेंगे रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत

## पीएम मोदी व मित्सोटाकिस के बीच व्यापार, रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी और ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस के बीच फोन पर बातचीत हुई। मोदी और मित्सोताकिस ने भारत-ग्रीस सामरिक साझेदारी को मजबूत करने का संकल्प दोहराया।

दोनों नेताओं ने व्यापार, रक्षा, शिपिंग और कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की।

**भविष्य में समुद्री कनेक्टिविटी को दिया जाएगा बढ़ावा**

उन्होंने हाल की उच्च स्तरीय बैठकों के बाद द्विपक्षीय संबंधों में आई प्रगति की सराहना की और समुद्री कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार, ग्रीस के मित्सोताकिस ने जून में हुए लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी की पुनर्निर्वाचित होने पर बधाई दी और भारत-ग्रीस संबंधों के उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद जताई।

पीएम मोदी ने 'एक्स' पर इस बातचीत के बारे में लिखा कि शुक्रवार को पीएम किरियाकोस मित्सोताकिस के साथ सार्थक बातचीत हुई। भारत-ग्रीस सामरिक साझेदारी को और गहरा करने की अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों नेताओं ने कहा कि हमारा लक्ष्य व्यापार, रक्षा, शिपिंग और कनेक्टिविटी में सहयोग को और मजबूत करना है। ग्रीस भारत का यूरोपीय संघ में एक महत्वपूर्ण साथी है। दोनों नेताओं ने आईएमईईसी और पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों सहित विभिन्न क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों नेता एक-दूसरे के संपर्क में बने रहने पर सहमत हुए।

### भारत में 2 वाणिज्यिक दूतावास खोलेगा ग्रीस

**नई दिल्ली।** ग्रीस भारत में दो नए दूतावास खोलेगा। नए वाणिज्य दूतावास मुंबई और बेंगलुरु में खोले जाएंगे। इसका उद्देश्य भारत के साथ राजनयिक उपस्थिति और जुड़ाव को बढ़ाना है। ग्रीक प्रधानमंत्री मित्सोताकिस ने टेलीफोन पर बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस निर्णय के बारे में बताया। वर्तमान में ग्रीस के भारत में तीन राजनयिक कार्यालय हैं, जिनमें नई दिल्ली में दूतावास तथा चेन्नई और कोलकाता में वाणिज्य दूतावास शामिल हैं। ग्रीस सरकार का यह कदम भारत-ग्रीस संबंधों को बढ़ाने के व्यापक प्रयास का हिस्सा माना जा रहा है। दोनों देशों के बीच 2023 में प्रधानमंत्री मोदी की एथेंस की आधिकारिक यात्रा के दौरान रणनीतिक साझेदारी ढांचे को अपनाने को लेकर विशेष बातचीत की थी। दोनों नेताओं ने उच्च स्तरीय आदान-प्रदान और द्विपक्षीय संबंधों में आई तेजी की समीक्षा की।

# अनंतनाग और श्रीनगर में मुठभेड़ जवानों ने तीन आतंकी किए ढेर

## सीआरपीएफ के दो जवान और दो पुलिसकर्मी हुए घायल, मुठभेड़ जारी



**अशोक ठाकुर, श्रीनगर**

**जम्मू**-कश्मीर के अनंतनाग और श्रीनगर के खानयार इलाके में शनिवार सुबह हुई मुठभेड़ में सेना के जवानों ने तीन आतंकियों को ढेर कर दिया। बांदीपोरा में भी मुठभेड़ हुई।

अधिकारियों ने बताया कि अनंतनाग के दक्षिण कश्मीर जिले के शांगस-लारनू इलाके में हलकान गली के पास मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए हैं, जिनसें से एक स्थानीय और दूसरा विदेशी नागरिक है। आतंकियों के पास से एक और अमेरिका निर्मित एम4 राइफल बरामद हुई है। वहीं, खानयार इलाके में हुई मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का एक पाकिस्तानी आतंकवादी ढेर हो गया, जबकि 4 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद खानयार इलाके में घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था। इस दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलियां चलाईं, जिसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। घर में 2 से 3 आतंकी छिपे थे। सेना ने घर को बम से उड़ा दिया है। इसमें एक आतंकी मारा गया। घटनास्थल से आतंकी की बॉडी और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं।

**खानयार इलाके में घर में छिपे हुए थे आतंकी**

मुठभेड़ के दौरान सीआरपीएफ के दो जवान और दो पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं, उन्हें सेना के 92 बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि अनंतनाग और बांदीपोरा में मुठभेड़ जारी है। (अनंत ज्ञान)

# सांसद अरविंद ने मांगी माफी



**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के सांसद अरविंद सावंत ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में शिवसेना की उम्मीदवार शाइना एनसी पर की अपमानजनक टिप्पणी के लिए माफी मांगी है। शुक्रवार को शाइना ने सावंत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। सावंत ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवन में कभी किसी महिला का अपमान नहीं किया है।

# स्क्रैप कारोबारी ने साजिश रच खुद पर चलवाई थीं गोलियां

## एसपी बद्दी ने किया खुलासा, कहा- जल्द आरोपी को किया जाएगा गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

**नालागढ़** के खेड़ा में स्क्रैप कारोबारी की गाड़ी पर हुई फायरिंग मामले में नया मोड़ सामने आया है। बद्दी पुलिस ने एक सप्ताह के भीतर मामले को सुलझा दिया है।



पुलिस जांच में साफ हुआ है कि कारोबारी राम किशन निवासी मलपुर ने साजिश रचकर खुद पर फायरिंग करवाकर झूठे गोलीकांड का पूरा खेल रचा था। राम किशन ने स्थानीय युवाओं को हायर किया था, ताकि गोलीकांड करवाकर पुलिस सिक्योरिटी व अन्य स्वार्थ के लिए संसाधनों का दुरप्रयोग कर सके। यह खुलासा शनिवार को एसपी इल्मा अफरोज ने किया है। उन्होंने कहा कि यह पूरा गोलीकांड झूठा है, जिसमें राम किशन को दोषी पाया गया है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। अभी तक इकबाल नाम के युवक को गिरफ्तार किया है और एक हथियार भी बरामद किया है। गौर रहे कि बीते 26 अक्तूबर को स्क्रैप कारोबारी की फॉर्च्यूनर गाड़ी पर पांच राउंड फायर का मामला सामने आया था, जब राम किशन बद्दी से रोपड़ के लिए निकला था। राम किशन खेड़ा से डाडी कनिया के समीप सुनसान रास्ते पर पहुंचा तो एक नकाबपोश ने एक के बाद एक राउंड फायर किए। इसके बाद नालागढ़ पुलिस स्टेशन में खुद पर फायरिंग की सूचना दी और पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची।

### कारोबारी ने हायर किया था शूटर

**रामकिशन** ने बीबीएन के स्थानीय कुछ पहले से विवादों में चल रहे युवकों को घटना की वारदात को अंजाम देने के लिए हायर किया था। एक शूटर ने मुंह पर नकाब बांधकर खेड़ा राजपुरा रोड पर सुनसान स्थान पर गोलियां चलाई थीं।

# 25 से शुरू होगा संसद का शीतकालीन सत्र

**एजेंसी, नई दिल्ली**


**18वीं** लोकसभा का पहला शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू होगा। यह सत्र 20 दिसंबर तक चलेगा। इसमें वन नेशन-वन इलेक्शन और वक्फ विधेयक समेत कई बिल पेश होने के आसार हैं।

**वन नेशन-वन इलेक्शन और वक्फ विधेयक बिल पेश होने के आसार**

इसके अलावा जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का प्रस्ताव भी पास किया जा सकता है। 18वीं लोकसभा का पहला मानसून सत्र 22 जुलाई से 9 अगस्त तक चला था। पूरे सत्र में कुल 15 बैठकें हुईं, जो लगभग 115 घंटे तक चलीं थी। सत्र के दौरान सदन की प्रोडक्टिविटी 136 फीसदी रही। इसी सत्र में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 23 जुलाई को सदन में केंद्रीय बजट 2024-2025 पेश किया। इस पर कुल 27 घंटे और 19 मिनट तक चर्चा चली, जिसमें 181 सदस्यों ने भाग लिया।

# हिमाचल में सूखे जैसे हालात, बारिश की उम्मीद नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**हिमाचल** प्रदेश में एक सप्ताह तक बारिश के कोई आसार नहीं हैं। प्रदेश में सूखे जैसे हालात बन गए हैं। प्रदेश के सभी क्षेत्रों में 8 नवंबर तक मौसम साफ रहेगा। इस दौरान अधिकतम तापमान में और अधिक बढ़ोतरी होने का पूर्वानुमान है।

**प्रदेश में 8 नवंबर तक मौसम साफ रहेगा, तपेंगे पहाड़**

मौसम में आए बदलाव से सर्दियों में भी पहाड़ तपने लगे हैं। पहली नवंबर को मौसम में रिकॉर्ड गर्माहट दर्ज की गई थी। वहीं, कल्पा में 40, चंबा 14, शिमला 8 और कांगड़ा, सोलन व मनाली में 4 साल बाद नवंबर में सबसे अधिक तापमान रहा। कल्पा में 1984 में 24.5 अधिकतम तापमान रहा था। अब यहां पारा 23.6 डिग्री दर्ज हुआ। चंबा में 2010 के बाद 30 डिग्री और शिमला में 2016 के बाद अब 22 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान पहुंचा है। न्यूनतम तापमान में कमी आने से सुबह और शाम के समय मौसम में ठंडक बढ़ने लगी है। ताबो में न्यूनतम पारा माइनस 2.5, कुकुमसेरी 0.6, केलांग 3.6, कल्पा 4.6, समदो 8.6, मनाली 6.6, सोलन 8.9, शिमला 11.0, धर्मशाला 14.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। आईएमडी के अनुसार, राज्य के 6 जिलों चंबा, हमीरपुर, बिलासपुर, सोलन, सिरमौर और कुल्लू में एक बूंद भी बारिश नहीं हुई।

# गृह मंत्री अमित शाह पर कनाडा के आरोपों को भारत ने किया खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** ने कनाडा के एक मंत्री की ओर से गृह मंत्री अमित शाह के बारे में की गई 'बेतुकी और निराधार' टिप्पणियों पर कड़े शब्दों में विरोध दर्ज कराया।

**कनाडाई उच्चायोग के प्रतिनिधि को तलब कर लगाई फटकार**

विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कनाडा में भारतीय राजनयिकों की 'ऑडियो और वीडियो निगरानी' की भी निंदा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमने कनाडाई उच्चायोग के प्रतिनिधि को तलब किया। उन्हें बताया गया कि भारत सरकार विदेश उपमंत्री डेविड मॉरिसन की ओर से समिति के समक्ष भारत के केंद्रीय गृह मंत्री को लेकर किए गए बेतुके और निराधार संदर्भों पर सबसे मजबूत शब्दों में विरोध करती है। इस तरह की गैरजिम्मेदाराना हरकतों के द्विपक्षीय संबंधों पर गंभीर परिणाम होंगे। मॉरिसन ने संसद सत्र के दौरान अमित शाह को सिख चरमपंथियों को निशाना बनाने वाली कार्रवाइयों से जोड़ा। विदेश उपमंत्री ने कनाडा की नागरिक सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा कमेटी को बताया कि उन्होंने 'वाशिंगटन पोस्ट' से शाह के नाम की पुष्टि की।

**आगाज** प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने किया पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप का शुभारंभ

# बीड़ बिलिंग में मानव परिंदों की हवा में अठखेलियां

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**



**कांगड़ा** जिले के बीड़ बिलिंग में शनिवार को पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप का आगाज हो गया। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप का शुभारंभ किया।

बाली ने कहा कि बीड़ बिलिंग दुनिया की सर्वोत्तम, विचित्र और लंबी साइट होने के कारण दुनियाभर के पैराग्लाइडरों का पंसीदा स्थान है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अगुवाई में पैराग्लाइडिंग का विश्वस्तरीय आयोजन होना देश व प्रदेश के लिए गौरव की बात है और इसके आयोजन से दुनिया में हिमाचल की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। इस मौके पर मुख्य संसदीय सचिव पशुपालन, पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास किशोरी लाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

**बाली बोले- दुनिया की सर्वोत्तम पैराग्लाइडिंग साइटों में शुमार बीड़ बिलिंग**

### 26 देशों के 94 पायलट ले रहे भाग

**पैराग्लाइडिंग** वर्ल्ड कप प्रतियोगिता में 26 देशों के 94 पायलट भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में 32 भारतीय प्रतिभागियों सहित 7 महिला प्रतिभागी भी शामिल हैं। आठ दिनों तक चलने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। दो हेलिकॉप्टर, 7 स्वास्थ्य टीमें, एंबुलेंस सहित 6-6 रेस्क्यू और रेट्रीवल टीमें तैनात की गई हैं, जो अटल विहारी पर्वतारोहण संस्थान मनाली से प्रशिक्षित लोगों की है।



## न्यूज ब्रीफ

### सनरॉक प्ले स्कूल गुम्मा में भाईदूज पर्व का आयोजन



**भरत ठाकुर, कोटखाई।** सनरॉक प्ले स्कूल गुम्मा, कोटखाई में भाईदूज पर्व का आयोजन धूमधाम से किया गया, जिसमें बच्चों व समस्त स्टाफ के सदस्याओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर प्ले स्कूल की प्रधानाचार्य शैलजा अमरेईक ने सभी प्रदेशवासियों को भाईदूज की हार्दिक बधाई और शुभकामनाए देते हुए नन्हे मुन्ने बच्चों को इस पर्व को मनाए जाने के महत्व पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाई दूज का पर्व भाई-बहन के रिश्ते पर आधारित पर्व है, जिसे बड़ी श्रद्धा और परस्पर प्रेम के साथ मनाया जाता है। रक्षाबंधन के बाद, भाईदूज ऐसा दूसरा त्योहार है, जो भाई बहन के अगाध प्रेम को समर्पित है। प्रधानाचार्य शैलजा अमरेईक ने कहा कि सनरॉक प्ले स्कूल क्षेत्र के बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा प्रदान करने व बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सदेव प्रयासरत रहता है व संबंधित क्षेत्र के लोगों की आशाओं व अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए प्रत्यनशील है। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया व खूब मस्ती की तथा नन्हे मुन्नों को मिठाइयां भी बांटी गई।

### भाजपा मंडल रोहड़ू की बैठक आयोजित



**दशमी रावत, रोहड़ू।** भारतीय जनता पार्टी रोहड़ू मंडल की मासिक बैठक शनिवार को मंडल अध्यक्ष शशि रावत की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस अवसर पर भाजपा नेत्री शशि बाला विशेष रूप से मौजूद रही। बैठक में मंडल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई और संगठन द्वारा निर्धारित कार्यो की समीक्षा की गई। बैठक में आगामी रुपरेखा तैयार की गई और कार्यकर्ताओं के सुझाव भी लिए गए। इस दौरान रवि किमलाटा, महामंत्री राजकुमार शरवाण व विजय मेहता, राजा मेहता, पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नाट्य समारोह में होगा सात नाटकों का मंचन

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय रैपेरटरी द्वारा अपने साठ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शिमला में हीरक जयन्ती नाट्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। भाषा एवं संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 4 से 10 नवम्बर, 2024 तक आयोजित किए जा रहे इस सात-दिवसीय 'रंग षष्टि' नाट्य समारोह में कुल सात नाटकों का मंचन किया जाएगा। शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर के बहुदेशीय सभागार में आयोजित हो रहे इस महोत्सव में प्रथम दिन 4 नवम्बर को ताज महल का टैंडर, 5 नवंबर को धर्मवीर भारती कृत अंधा युग, 6 नवंबर को बांयेन, 7 को बंद गली का आखरी मकान, 8 को लैला मजनूं, नौ नवम्बर को माई री मैं का से कहूं तथा 10 को बाबू जी नाटक का मंचन होगा। इन नाटकों का निर्देशन सुप्रसिद्ध रंगमंच निर्देशकों राम गोपाल बजाज, चितरंजन त्रिपाठी तथा राजेश सिंह आदि द्वारा किया गया है। यह नाट्य महोत्सव प्रतिदिन सायं 5:30 बजे आरम्भ होगा तथा इस हेतु प्रवेश निःशुल्क होगा। इसके अतिरिक्त दिनांक 5 नवम्बर, 2024 से 09 नवम्बर, 2024 तक राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा गेयटी थियेटर के गोथिक हॉल में प्रतिदिन कार्यशाला का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के अनुभवी निर्देशक व वरिष्ठ रंगकर्मी रंगमंच की बारीकियों तथा अभिनय के बारे में प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। कार्यशाला का समय प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक रहेगा। कोई भी रंगमंच या अभिनय में रुचि रखने वाला व्यक्ति इस कार्यशाला में निःशुल्क भाग ले सकता है।

### गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स एसो. ने फ्लोट जेट्टी में मनाया विश्वकर्मा दिवस




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा मंडी भराड़ी फोरलेन पुल के नजदीक गोबिंदसागर झील में फ्लोट जेट्टी में विश्वकर्मा दिवस के उपलक्ष्य में सादा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें एसोसिएशन के राज्य अध्यक्ष सराज अख्तर, संस्थापक सदस्य एवं कोषाध्यक्ष निर्मला राजपूत के नेतृत्व में स्पीड बोट, पैडल बोट व अन्य उपकरणों का विधिवत पूजन किया गया। एसोसिएशन की संस्थापक सदस्य एवं कोषाध्यक्ष निर्मला राजपूत ने बताया कि यह उत्सव प्रायः मुख्य तौर पर विश्वकर्मा के पांच पुत्रों मनु, मय, त्वष्टा, शिल्पी और देवज्ञ की संतानों द्वारा मनाई जाती है। यह कारखानों एवं औद्योगिक क्षेत्रों में (प्रायः शॉप फ्लोर पर) विशेष रूप से मनाया जाता है। विश्वकर्मा को विश्व का निर्माता तथा देवताओं का वास्तुकार माना गया है। इस मौके पर मंडी बुराड़ी क्षेत्र में सभी लोगों को मिठा हलवा एवं दलिया बांटा गया।

### सीआरपीएफ जवान की हार्ट अटैक से मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर की पंजाब सीमा के साथ लगते गांव बैहल का एक और जवान देश के लिए कुर्बान हो गया। सीआरपीएफ में तैना एएसआई तिलक राज निवासी बैहल का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। तिलक राज वर्तमान श्रीनगर में तैनात थे और देश सेवा के लिए अपनी ड्यूटी पर मौजूद थे। ड्यूटी के दौरान ही अचानक तिलक राज की तबीयत खराब हुई और उसके सीने में तेज दर्द उठा। उसके साथियों द्वारा उसे नजदीकी सैनिक अस्पताल ले जाया गया, लेकिन दुर्भाग्य से तिलक राज को बचाया नहीं जा सका और उसने देश के लिए अपनी शहादत दे दी। शुक्रवार की देर शाम ही बैहल गांव में यह खबर पहुंची, जिसे सुनते ही पूरा गावं शोक में डूब गया। शनिवार की सुबह ही केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक टुकड़ी तिलक राज की देह को लेकर उसके गांव बैहल पहुंची, जिसके पश्चात श्रद्धांजलि देने के साथ ही सेना के जवानों ने सलामी दी। कीरतपुर साहिब के पातालपुरी श्मशानघाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। तिलक राज अपने पीछे पत्नी और दो बेटे अमनदीप और जसबीर सिंह को छोड़ गए हैं। इस अंतिम संस्कार में विधायक रणधीर शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### जेएनवी कोठीपुरा में अब 9 तक लें दाखिला

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जवाहर नवोदय स्कूल कोठीपुरा में सत्र 2025-26 में नौवीं, 11वीं कक्षा की खाली सीटों के लिए प्रवेश की तिथि बढ़ा दी गई है। अब 9 नवंबर तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। दाखिले के लिए लिखित प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी को होगी। प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं जो वर्तमान समय में किसी भी सरकारी या मान्यता प्राप्त स्कूल में पढ़ रहे हों। अभ्यर्थी बिलासपुर का स्थायी निवासी होना चाहिए। 11वीं कक्षा में दाखिले के लिए अभ्यर्थी की आयु 01/06/2008 से 31/07/2010 के बीच होनी चाहिए। नौवीं कक्षा में दाखिले के लिए अभ्यर्थी की आयु 01/05/2012 से 31/07/2012 के बीच होनी चाहिए। प्राचार्य सतीश जोशी ने बताया कि दाखिले की तिथि बढ़ गई है। अभ्यर्थी 9 नवंबर तक आवेदन तक कर सकते हैं।

### नस्वाल में बैल ने बुजुर्ग पर किया हमला

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** उपमंडल के तहत नस्वाल कस्बे में एक बेसहारा बैल ने राह चलते बुजुर्ग पर हमला कर दिया। बैल के हमले से बुजुर्ग व्यक्ति को चोटें आई हैं। बुजुर्ग का अस्पताल में उपचार करवाया गया। जानकारी के मुताबिक नस्वाल गांव के 73 वर्षीय सदा राम रोजाना सैर करने के लिए जाते हैं। शनिवार शुबह करीब सात बजे वह सैर के लिए निकले थे, इस दौरान नस्वाल कस्बे के समीप एक बैल ने सदा राम पर हमला कर दिया। बैल ने सींगों से उठाकर उन्हें खेतों में फेंक दिया। बैल के हमले से बुजुर्ग के शरीर पर चोटें आई हैं। क्षेत्रवासी राजेश, सुधीर, संदीप, सतीश, मदन, अभिषेक, पवन, कश्मीरी लाल, प्रेम आदि ने बताया कि नस्वाल व आसपास के क्षेत्रों में दर्जनों बेसहारा पशु घूम रहे हैं। बुजुर्ग लोगों व बच्चों का अकेले सड़क व रास्तों पर चलना खतरों से खाली नहीं है।

---

### देवत पंचायत के बटेवड़ी गांव में मनाया जाने वाला 'खिल्ला' है पौराणिक खेल

# खिल्ला उत्सव में बधान राजपूतों ने जीती बाजी

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा**

उपमंडल चौपाल की ग्राम पंचायत देवत के अंतर्गत ग्राम बटेवड़ी में धार्मिक उत्सव 'खील्ला' धूम धाम से मनाया गया। उपमंडल चौपाल सहित ऊपरी शिमला के विभिन्न क्षेत्रों से आए हजारों लोग इस अद्भुत दैवीय खेल के साक्षी बने। इस दैवीय खेल का इतिहास भी अपने आप में कम रोचक नहीं है। बताया जाता है कि सदियों पूर्व चंदू और सुन्नू दो भाई उत्तरकाशी के ब्राह्मण बटेवड़ी आए थे। जिन्हें स्थानीय निवासी राजपूत बुधु ने बटेवड़ी गांव में बसा दिया था। बुधु शंठा का क्षत्रिय राजपूत था।

सुनूं और चंदू अपने साथ शिरगुल महाराज की मूर्ति के साथ एक देवता की मूर्ति भी साथ लाए थे। देवता की जो मूर्ति है उनके हाथ में एक डंडा सा है, जिसे स्थानीय अथवा दैवीय भाषा में खिल्ला कहा जाता है। देवता के यहां बस जानें से दोनों वंशजों ने खेल खेलना शुरू किया तब से लेकर अब तक सैकड़ों वर्षों से चंदू के वंशज चदान और बुधु के वंशज बधान सैकड़ों



उत्सव के दौरान मौजूद लोग।

सालों से इस खेल को खेलते आए है। चंदू का जो भाई सुनू था उसने राजपूत से शादी की थी, जिसका वंश आगे चलकर सनाई बना। यह भी बताया जाता है कि खिल्ला देवता का खेल था, जिसे आगे चलकर बढ़ाएं और चंदान वंश ने आज तक जारी रखा है।

इस उत्सव में पोराणिक परम्पराओं के अंतर्गत हर वर्ष की तरह दीपावली के तीसरे दिन इस बार भी केदारी कुला देवता बटेवड़ी की उपस्थिति में उत्सव का ढोल नगाड़ों के साथ आयोजन किया गया। इस उत्सव में विभिन्न क्षेत्रों के हजारों लोगों ने भाग लिया।

इस उत्सव में चंदान ब्राह्मण व बधान राजपूत दो बिरादरी के लोग नृत्य के साथ साथ युद्ध अभिनय कर एक-दूसरे को पराजित करते है। लोक नृत्य आयोजन के बाद एक आधा फुट की लकड़ी का डंडा जमीन में गाढ़ा जाता है तथा मंदिर से देवता महाराज की पालकी की पदयात्रा के बाद उस डंडे जिसे लोकल भाषा में खील्ला कहते है पर पालकी को रखा जाता है, उसके पश्चात ब्राह्मण जाति के लोग जिन्हें चंदान कहा जाता है तथा राजपूत जाति के लोग जिन्हें बधान कहा जाता है दोनों समुदाय के लोग एकत्र होकर उस लकड़ी के डंडे को खींचते है, इस खींचतान के समय कई बार दो-दो किलोमीटर दूर तक चले जाते हैं।

स्थानीय निवासी व पूर्व पंचायत समिति अध्यक्ष एडवोकेट देवेंद्र शर्मा ने कहा कि इस उत्सव में चंदान ब्राह्मण व बधान राजपूत दो बिरादरी के लोग नृत्य के साथ साथ युद्ध अभिनय कर एक-दूसरे को पराजित करते है।

इस उत्सव में एक आधा फुट की लकड़ी का डंडा जमीन में गाढ़ा जाता है तथा मंदिर से देवता महाराज की पालकी की पदयात्रा के बाद उस डंडे जिसे लोकल भाषा में खील्ला कहते है पर पालकी को रखा जाता है और दोनों के लोग एकत्र होकर लकड़ी के डंडे को खिंचते है। इस वर्ष राजपूत समुदाय की बधान विरादरी ने खील्ला खिंच कर अपने समुदाय की जीत दर्ज की।

---

## मुख्यमंत्री को गारंटी कार्ड पढ़कर अपने नेताओं के भाषण सुने चाहिए : जयराम

**अनंत ज्ञान, शिमला**



पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री को अपने पार्टी के घोषण पत्र और अपने पार्टी के छोटे बड़े नेताओं के बयान फिर से सुनने चाहिए कि कैसी-कैसी गारंटिया कांग्रेस ने हिमाचल को दी थी। इसके साथ ही पार्टी मुख्यालय में पड़े वह फॉर्म भी देखने चाहिए कि किस तरह से युवाओं को स्टार्टअप फंड देने और महिलाओं से सम्मान निधि के फॉर्म भरवाए गए थे। उसे देखकर शायद उन्हें याद आ जाए कि उन्हें किसलिए प्रदेश के लोगों ने बहुमत दिया था। यदि मुख्यमंत्री अब झूठ बोलना बंद कर दें तो प्रदेश पर बहुत बड़ी मेहरबानी होगी।

अब तो उनके आलाकमान और राष्ट्रीय नेतृत्व ने भी मान लिया है कि झूठ बोलने के कारण और बड़े-बड़े चुनावी वादे करने के कारण ही आज आंग्रेस की यह स्थिति हुई है। कांग्रेस के सभी सरकारों की इसी झूठ की वजह से किरकिरी हो रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हिमाचल में बोलें गए झूठ की वजह से आज कांग्रेस के किसी नेता और उनके बयान को कोई गंभीरता से नहीं ले रहा है। कांग्रेस के झूठ की वजह से आज कांग्रेस के गारंटियों की राजनीति ही समाप्त हो गई। हिमाचल और हिमाचल के नेताओं से कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व अब किनारा कर रहा है, लेकिन इससे कांग्रेस को मुक्ति नहीं मिलने वाली है। उनके द्वारा हिमाचल विधान सभा चुनाव के बड़े मंचों से लेकर नुक्कड़ और चौराहों तक कहा गया हर झूठ एक दस्तावेज की तरह दर्ज हैं। जिससे हम कांग्रेस को भागने नहीं देंगे। गारंटियों को लेकर विधान सभा के भीतर भी उनके झूठ को हमने पूरे कागज-पत्र के साथ बेनकाब किया था और आगे भी करेंगे। मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि उन्होंने पांच गारंटियां पूरी कर दी हैं। गारंटियों के हिसाब से उनकी सरकार बने दो साल हुए तो दो लाख लोगों को नौकरी देनी थी लेकिन एक भी नौकरी नहीं दी।

उल्टा डेढ़ लाख से ज्यादा पद खत्म कर दिए और 12 हजार से ज्यादा लोगों को नौकरी से भी निकाल दिया।

---

## कांग्रेस पार्टी घोषणा कर जनता को बनाती है मूर्ख : डॉ. राजीव

**अनंत ज्ञान, शिमला**

भाजपा के राज्यसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को इस उम्र में जो ज्ञान आया है, उसके लिए हम उनका अभिनंदन करते हैं लेकिन यह ज्ञान उनको थोडा पहले आ जाना चाहिए था।



अच्छी बात ये है कि भले ही देर से आया लेकिन आखिरकार ये ज्ञान उनको आया तो जरूर कि झूठी गारंटियों के कारण हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक सहित सभी कांग्रेस शासित राज्य आर्थिक दिवालियेपन की कगार पर हैं। ज्ञात हो कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार द्वारा महिलाओं की फ्री बस सेवा वाली गारंटी पर पुनर्विचार करने की बात पर कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने नेताओं को नसीहत देते हुए कहा है कि घोषणा पत्र में वही गारंटी की घोषणा कीजिए, जिसके लिए बजट हो या जिसके लिए वित्त प्रबंधन हो। मीडिया में ये बात भी चल रही है कि कर्नाटक में महिला की फ्री बस सेवा वाली गारंटी बंद हो सकती है।

भारद्वाज ने भाजपा की ओर से कांग्रेस अध्यक्ष से कुछ सवाल पूछते हुए उनसे इस पर जवाब की उम्मीद की। खड़गे जी ने अपनी पार्टी के घोषणा पत्र की गारंटी पर दिए गए गए ज्ञान का पहला पाठ सबसे पहले राहुल गांधी को पढ़ाया है या नहीं? तेलंगाना में कांग्रेस पार्टी की घोषणाओं का क्या हाल है?

---

## छात्रा वर्ग कबड्डी में नेरवा संच बना चैंपियन

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** अभ्युदय यूथ क्लब के तत्वाधान में दक्षिण हिमाचल संभाग के चौपाल अंचल की अंचल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सरांह में संपन्न हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ सरकारी ठेकेदार वीरेंद्र चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर सरकारी ठेकेदार रिंकू ठाकुर, व्यापार मंडल के अध्यक्ष विवेक गजटा, सरांह संभाग के संभाग प्रमुख अजय गजटा विशेषातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

छात्र वर्ग कबड्डी में कुपवी संच ने थरोच संच एवं छात्रा वर्ग में नेरवा संच ने धबास संच को धूल चटा कर जीत दर्ज की,जबकि छात्र वर्ग हाईजंप में विजय प्रथम व तुषार दूसरे स्थान पर रहे व छात्रा वर्ग में खुशबू प्रथम तथा सेजल द्वितीय स्थान पर रहे ।

---

## समारोह में दर्शकों ने किए लोक संस्कृति के दर्शन

**अनंत ज्ञान, शिमला**

भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा राज्य स्तरीय पहाड़ी दिवस समारोह-2024 के अवसर पर ऐतिहासिक गेयटी थियेटर परिसर के एमफि थिएटर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम की कड़ी में दूसरे दिन के लोक संस्कृति दर्शन कार्यक्रम का शुभारंभ शहनाई की मंगल धुनों से किया गया।



कार्यक्रम में प्रस्तुति पेश करते हुए कलाकार।

हरनाम सिंह ओर साथियों ने करयाला शैली में साधू व बाबू का स्वांग, चेतन व साथियों ने गोरखे के स्वांग के स्वांग से दर्शकों को खूब हंसाकार लोट-पोट किया। निशा बाला व सखियों ने पारंपरिक मधुर स्वर में सुकेती लोकगीतों की प्रस्तुति दी। वरिष्ठ लोक गायिका मनसा पंडित ने जिला, चम्बा, कांगड़ा, हमीरपुर के पारंपरिक लोक गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को आनन्दित किया। प्रसिद्ध चुडेश्वर सांस्कृतिक मंडल जालग, राजगढ़ जिला सिरमौर के कलाकारों ने पारंपरिक सिंहटु नृत्य से दर्शकों को आशचर्यचकित किया।

पूजा कला मंच शगीन तारा देवी के कलाकार रमेश चन्द ने लोअर महासू की पारंपरिक झुरी लोक गीत की शानदार प्रस्तुति तथा कार्यक्रम के अंत में प्रसिद्ध लोकगायक रामलाल वर्मा, गोपाल हाब्बी व साथियों ने शिमला, सिरमौर के पारंपरिक लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर विभाग की उपनिदेशक भाषा कुसुम संघाईक , जिला भाषा अधिकारी शिमला अनिल हारटा दीपा शर्मा, डा. जोगिंद्र सिंह हाब्बी, देवंद्र मेहता, शिवम ठाकुर और देवेंद्र कुमार देव भी उपस्थित रहे।

---

### दीपावली पर्व मनाने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वापस दिल्ली रवाना

# जेपी नड्डा ने झंडूता व नयना देवी विधानसभा क्षेत्रों को जोड़ने वाले बागछाल पुल का किया मुआयना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

दिवाली पर्व के उपलक्ष्य में अपने घर आए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा शनिवार को वापस दिल्ली लौट गए। वापसी के समय उन्होंने झंडूता और नयना देवी विधानसभा क्षेत्रों को जोड़ने वाले बागछाल पुल का मुआयना भी किया। इस दौरान नयना देवी के विधायक रणधीर शर्मा, झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल, सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल, पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग व भाजपा के जिला अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान आदि भी उनके साथ थे। देश में सबसे अधिक 185 मीटर लंबे कैंटीलीवर स्पैन के इस पुल को देखकर नड्डा बेहद प्रभावित हुए। इस पुल के निर्माण के लिए उन्होंने झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल के प्रयासों की विशेष तौर से सराहना की।






गौरतलब है कि गोबिंदसागर पर बागछाल पुल का काम वर्ष 2005 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने शुरू करवाया था, लेकिन दो वर्ष बाद ही पिल्लर धंसने जैसे तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए काम बंद कर दिया गया था। एक दशक तक इसका काम पूरी तरह से ठप रहा था। वर्ष 2017 में झंडूता के विधायक बने जीतराम कटवाल ने इसके निर्माण की प्रक्रिया फिर से शुरू करवाई। केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की पूर्व भाजपा सरकार की मदद से उन्होंने क्षेत्रवासियों का इस पुल का सपना साकार किया। निर्माण कार्य के दौरान वह 100 से अधिक बार पुल पर पहुंचकर कार्य प्रगति का जायजा लेते रहे। जेपी नड्डा को पुल की जानकारी देते हुए जीतराम कटवाल ने कहा कि कुल 330 मीटर लंबा यह पुल देश में सबसे अधिक 185 मीटर लंबे कैंटीलीवर स्पैन वाला है। झंडूता और नयनादेवी विधानसभा क्षेत्रों को जोड़ने के साथ ही इस पुल के निर्माण से चंडीगढ़, दिल्ली, हमीरपुर व कांगड़ा आदि की दूरी भी काफी कम हुई है। यह एक तरह से 'गोल्डन गेट ऑफ' हिमाचल' बन गया है। जेपी नड्डा ने पुल के निर्माण में इंजीनियरिंग स्किल्स की सराहना करते हुए एक से दूसरे छोर तक उसका मुआयना किया।

---

## मुख्यमंत्री के दौरे पर भाजपा के नेता कर रहे आधारहीन बयानबाजी : सुनील शर्मा

**बिलासपुर।** राज्य सहकारी बैंक के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव सुनील शर्मा ने मुख्यमंत्री दौरे को लेकर भाजपा नेताओं द्वारा की गई बयानबाजी को आधारहीन करार दिया है। सुनील शर्मा ने बिलासपुर में कहा कि भाजपा नेता मुख्यमंत्री व प्रदेश सरकार के खिलाफ अनाप-शनाप बयानबाजी



कर रहे हैं। भाजपा नेताओं को विकास कार्य पच नहीं रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने बिलासपुर दौरे के दौरान बिलासपुर में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए क्रूज का शुभारंभ किया है। इसका लाभ जहां स्थानीय लोगों को मिलेगा, वहीं इसके साथ पर्यटकों को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। विकास भी करवाया जा रहा है, लेकिन भाजपा नेता बिना सत्ता से छटपटा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को संयम रखने की आवश्यकता है। अभी प्रदेश सरकार के महज दो साल ही पूरे होने को हैं और भाजपा नेता बिना सत्ता छटपटा रहे हैं। उन्हें अभी और लंबा इंतजार करना होगा। उन्होंने कहा कि सीएम ने अपने बिलासपुर दौरे के दौरान विभिन्न कार्यों का शुभारंभ किया। बिलासपुर में प्रदेश सरकार के बेहतर प्रयासों के चलते पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और इसका लाभ स्थानीय जनता को भी मिलेगा। भाजपा नेता सीएम के दौरे पर बेवजह सवाल उठा रहे हैं।

---

## सुई सुरहाड़ में 9 नवंबर से शुरू होगी कबड्डी स्पर्धा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

उपमंडल सदर की ग्राम पंचायत सुई सुरहाड़ में स्थानीय युवक मंडल की ओर से 9 और 10 नवंबर को कबड्डी और बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें ओपन कबड्डी और अंडर-17 वर्ग के मुकाबले करवाए जाएंगे।

युवक मंडल के प्रधान हेमराज ने बताया कि ओपन वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता टीम को 21 हजार व उपविजेता को 15 हजार रुपए की राशि दी जाएगी। अंडर-17 कबड्डी वर्ग में विजेता को 5100 और उपविजेता को 3100 रुपए का इनाम दिया जाएगा। बैडमिंटन प्रतियोगिता में विजेता को 2500 व उपविजेता को 1500 रुपए इनाम दिया जाएगा।

हेमराज ने बताया कि इस आर अंडर-15 वर्ग में दौड़ का आयोजन भी किया जाएगा। इसमें विजेता को 500 और उपविजेता को 300 रुपए इनाम दिया जाएगा। बताया कि



**विजेता को 21 हजार और उपविजेता को 15 हजार रुपए मिलेगा इनाम**

सभी भाग लेने वाली टीमों को 9 नवंबर को खेल स्थान पर पहुंचना होगा। प्रतियोगिता में रेफरी का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा। यदि कोई खिलाड़ी नशे की हालत में पाया जाता है तो उसे टीम से बाहर कर दिया जाएगा। उन्होंने खिलाड़ियों से आग्रह किया कि इस प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर भाग लें और कार्यक्रम को सफल बनाएं। टीम का पंजीकरण कराने और अधिक जानकारी के लिए 8580527878 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

---

**संस्कृति**

### किन्नौर महोत्सव में मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

## हिमाचली कलाकारों के नाम रही तीसरी सांस्कृतिक संध्या

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

राज्य स्तरीय किन्नौर महोत्सव की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में हिमाचल प्रदेश सरकार के लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह बतौर विशेष अतिथि उपस्थित रहीं। राज्य स्तरीय किन्नौर महोत्सव की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में कुलदीप शर्मा ने बतौर स्टार गायक अपनी कला से सांस्कृतिक संध्या का समा बांधा। इसके अलावा कुमार साहिल एवम गौरव कौंडल ने भी अपनी कला से सभी को मनमोहित किया।


तीसरी सांस्कृतिक संध्या में किन्नौर के कलाकारों एवं हिमाचल के कलाकारों ने अपने हुनर से सभी को मंत्रमुग्ध किया, जिसमें अनिल शर्मा, रोजी शर्मा, रमना भारती,



किशन वर्मा व तांत्रा बॉयज ने अपने गायकी के माध्यम से सभी को थिरकने पर मजबूर किया। इस अवसर पर उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा, पुलिस अधीक्षक अभिषेक शेखर, एपीएमसी के निदेशक उमेश नेगी, राज्य सहकारी बैंक के निदेशक विक्रम सिंह नेगी, उपमण्डलाधिकारी कल्पा डॉ. मेजर शशांक गुप्ता एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।





# 51 शक्तिपीठों में से एक बुशहर राज्य के शासकों की देवी माता भीमाकाली




भीमा काली मंदिर भारत में हिमाचल प्रदेश के सराहन में एक प्राचीन मंदिर है, जो कि माता भीमाकाली देवी को समर्पित है, जो पूर्व बुशहर राज्य के शासकों की देवी हैं। यह मंदिर शिमला से लगभग 180 किमी दुरी पर स्थित है और हिन्दू धर्म के 51 शक्तिपीठों में से एक है। सराहन शहर को किन्नौर के द्वार के रूप में जाना जाता है। सराहन से 7 किमी की दूरी पर नीचे सतलुज नदी है। सराहन की पहचान पुराणों में वर्णित तत्कालीन शोणितपुर से की गई है।

## पोहलानी माता






डलहौजी में डैनकुंड की खुबसूरत वादियों में बसा पोहलानी माता का मंदिर यहां के लोगों के लिए श्रद्धा और आस्था का केंद्र है। पौराणिक कथाओं के अनुसार लोगों पर हो रहे अत्याचार को देखकर माता महाकाली से रहा नहीं गया और वह डैनकुंड की इन्हीं पहाड़ियों पर एक बड़े से पत्थर से बाहर प्रकट हुई। पत्थर के फटने की आवाज दूर-दूर तक लोगों को सुनाई दी, कन्या रूपी माता के हाथ में त्रिशूल था और यहीं पर माता ने राक्षसों से एक पहलवान की तरह लड़ कर उनका वध किया। तभी से यहां पर माता को पोहलानी माता के नाम से पुकारा जाने लगा।



जिला चंबा के ऐतिहासिक माता शिव शक्ति मंदिर छतराडी में कास्ट कला का अद्भुत नमूना।



मंडी में महाशिवरात्रि के दौरान निकली शोभायात्रा का मनमोहक दृश्य।

## मिस किन्नौर



राज्य स्तरीय किन्नौर महोत्सव में आयोजित मिस किन्नौर प्रतियोगिता का खिताब रूबी नेगी के सर सजा, जबकि फर्स्ट रनरअप का खिताब सुरभि नेगी व सेकेंड रनरअप का खिताब सुनीता नेगी के सर सजा।



ऊना के कुटलैहड़ में स्थित डेरा बाबा योगी पंगा आश्रम, लाखों लोगों की आस्था का केंद्र है




बृज राज स्वामी मंदिर नूरपुर में शनिवार को गोवर्धन पूजा के अवसर पर भजन कीर्तन का आयोजन, विश्व का एकमात्र मंदिर जहां श्री कृष्ण भगवान के साथ राधा नहीं मीरा की है मूर्ति।

## श्री कृष्ण की झांकी



ऊना के राधा कृष्ण मंदिर में भगवान श्री कृष्ण की सुंदर झांकी प्रस्तुत करते कलाकार।



जिला चंबा में पारंपरिक परिधान में नृत्य करते गद्दी सुमदाय के लोग।

## पारंपरिक वाद्य यंत्र



हिमाचल प्रदेश में छोटी काशी से प्रसिद्ध मंडी के पड्डल मैदान में पारंपरिक वाद्य यंत्रों को बजाते हुए देवलू।




महाशिवरात्रि के दौरान मंडी के पड्डल में विराजमान देवी देवता।

## न्यूज ब्रीफ

### फतेहपुर में जंगली जानवरों का शिकार किया तो हो सकती है जेल : डिप्टी रेंजर



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** वन खंड फतेहपुर के तहत पड़ते जंगलों में इस बार जंगली जानवरों का शिकार करना शिकारियों को महंगा पड़ सकता है। शनिवार को मीडिया के साथ चर्चा करते हुए विभागीय डिप्टी रेंजर ब्रह्म सिंह ने कहा कि सर्दियों के मौसम में जंगलों का रुख करने वाले शिकारियों पर विभाग की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने कहा अगर कोई भी शिकारी जंगली जानवरों का अवैध शिकार करते हुए पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अवैध शिकार करने पर शिकारी को जेल भी हो सकती है। उन्होंने लोगों से भी अपील की है कि वे भी अगर कहीं पर जंगली जानवरों का अवैध शिकार होने की जानकारी रखते हैं तो तुरंत विभाग को सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

### पंचायतों को अपराध मुक्त बनाने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों की जवाबदेही हो सुनिश्चित : जितेंद्र



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** विकास खंड फतेहपुर की पंचायत नंगल व सुनहारा के बीडीसी जितेंद्र पठानिया ने शनिवार को नंगल में मीडिया के माध्यम से सरकार से अपील की है कि पंचायतों को अपराध मुक्त करने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा आज फतेहपुर के हर कोने में किसी न किसी तरह का अपराध हो रहा है। इसे रोकने के लिए जहां आम आदमी को आगे आना होगा, वहीं पंचायत प्रतिनधियों की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए तभी हर क्षेत्र खुशहाल व समृद हो पाएगा। इसके साथ ही उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से भी अपील की है कि अपनी- अपनी पंचायतों के आम स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाएं, ताकि पंचायत क्षेत्र में आन -जाने वाले हर व्यक्ति की जानकारी बन पाए।

### कंप्यूटर शिक्षक की हृदय गति रुकने से मौत



**अनंत ज्ञान, डरोह।** दिवाली के दिन जहां एक और पूरा प्रदेश दिवाली मना रहा था, वहीं कंप्यूटर शिक्षक रविंद्र कुमार (48) पुत्र स्व. दर्शन कुमार गांव व डाकघर भढ़ेरा, जो कि पिछले 15 वर्षों से आउटसोर्स पर सेवाएं दे रहे थे की अचानक हृदय गति रुकने से मौत हो गई। वह वर्तमान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भडोली जिला ऊना में कार्यरत था अचानक दिवाली के दिन हृदय गति रुक जाने से मृत्यु हो गई। रविंद्र कुमार अपने पीछे दो लड़कियां, पत्नी व मां को छोड़ गए हैं। हिमाचल प्रदेश कंप्यूटर शिक्षक संघ ने रविंद्र कुमार की आकस्मिक मौत पर गहरा शोक व संवेदना व्यक्त की है। संघ के मुख्य संयोजक अजीत धीमान, प्रदेश अध्यक्ष सुमन ठाकुर, हरदेव सिंह, इंद्र कुमार, संजीव कटोच, भीष्मा भंडारी, पूनम शर्मा, अश्विनी शर्मा, सुरेंद्र जस्ता, दिनेश विशिष्ट, रवि कुमार, रमेश कुमार इत्यादि ने बताया है कि इस तरह की यह पहली घटना नहीं है इससे पहले भी कई कंप्यूटर शिक्षकों की आकस्मिक मौत हो चुकी है। संघ की अध्यक्ष सुमन ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से आग्रह किया है कि रविंद्र कुमार के परिवार को तुरंत आर्थिक सहायता प्रदान की जाए और उसकी पत्नी को करुणामूलक आधार पर सरकारी नौकरी दी जाए, ताकि परिवार का भरण पोषण हो सके।


### जुआ खेलने पर 5900 रुपए किए बरामद

**अनंत ज्ञान, गगल।** दिवाली के त्योहार पर जुआ खेलने वालों से पुलिस ने 5900 रुपए बरामद किए। गगल पुलिस के थाना प्रभारी उधम सिंह ठाकुर ने बताया कि गगल पुलिस की टीम ने दो जगह छापे मारे। पहले मामले में गगल के नजदीक भीम टीला के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे थे और पुलिस ने अचानक छापा मारा और वहां 2600 रुपए बरामद किए। दूसरा छापा जुआ खेलने वालों पर देहरिया में मारा, जहां से पुलिस ने 3300 रुपए बरामद किए। थाना प्रभारी ने बताया कि कुछ जुआ खेलने वालों को चेतावनी देते हुए छोड़ भी दिया और कुछ जुआ खेलने वालों के ऊपर मामला भी दर्ज किया। प्रभारी ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# बीड़ में पैराग्लाइडिंग प्रशिक्षण केंद्र शुरू नहीं होना तीन सरकारों की नालायकी : शांता

## कहा, अगर प्रशिक्षण केंद्र शुरू हो गया होता तो नहीं होती दुर्घटनाएं

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



पालमपुर पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि बीड़ बिलिंग पैराग्लाइडिंग के लिए बहुत लोकप्रिय हो रही है। एक तरफ प्रशंसनीय वर्ल्ड कप शुरू हो रहा है। विश्व भर से पैराग्लाइडर आ रहे हैं तो दूसरी तरफ दो दिन में दो विदेशी पैराग्लाइडर्स का दुर्घटना में अपनी जान गंवाना दुखद है।

ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि वहां प्रशिक्षण की आवश्यक व्यवस्था नहीं है। शांता कुमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पर्यटन की आपार संभावनाएं हैं। विश्व भर में पैराग्लाइडिंग बहुत लोकप्रिय हो रही है। बीड़ का नाम विश्व भर में प्रसिद्ध हो रहा है और सरकारें आठ वर्ष से भवन बना कर सोई हुई हैं। उन्होंने कहा कि एक सरकार की नहीं, बल्कि तीन सरकारों की नालायकी पर वे क्या कहें कुछ समझ नहीं आ रहा। उन्होंने वर्तमान सरकार से इतना ही पूछा है कि तीन सरकारों की यह नालायकी कब समाप्त होगी।

### पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने 8 वर्ष पूर्व रखी थी प्रशिक्षण केंद्र भवन की नींव

**शांता** कुमार ने कहा कि आज से आठ वर्ष पहले मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने पैराग्लाइडिंग प्रशिक्षण केंद्र भवन की नींव रखी और कहा था कि यह प्रशिक्षण केंद्र दो वर्ष में शुरू हो जाएगा। अब आठ वर्ष बीत गए, आठ करोड़ का भवन तीन साल से बनकर तैयार है, परंतु प्रशिक्षण शुरू नहीं हुआ, कारण बताया गया कि अभी तक उस संबंध में सभी नियम नहीं बने हैं। सरकार की ओर से प्रशिक्षण का कोई प्रबंध नहीं हुआ, परंतु प्रशिक्षण के बहुत से अवैध स्कूल वहां खुल गए। बिना योग्यता से प्रशिक्षण दिया जा रहा है और उसके कारण दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। उन्होंने कहा कि जब भवन का निर्माण शुरू हुआ था तो उसी के साथ विभाग द्वारा नियम बनाने का काम क्यों शुरू नहीं किया गया। भवन बनते ही प्रशिक्षण केंद्र प्रारंभ होना चाहिए था।

### पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप के सफल आयोजन के लिए किया हवन



बीड़ बिलिंग में पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप की सफलता, सुरक्षा और सुखशांति से आयोजन के लिए शनिवार को यहां पर शांति हवन का आयोजन किया गया। भारतीय संस्कृति और परंपरा के अनुसार सभी की सुरक्षा के लिए आयोजित हवन में विदेशी पैराग्लाइडिंग प्रतिभागियों ने हवन में भाग लिया। इससे पहले मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल ने आरएस बाली स्वागत किया और कहा कि बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की विशेष प्रयासों से बैजनाथ की बीड़ बिलिंग घाटी के लिए पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप का आयोजन संभव हुआ है।

# दीपावली पर धर्मशाला की वायु गुणवत्ता में 60 प्रतिशत गिरावट

## दिवाली की रात 68 से 109 पर पहुंचा एक्यूआई, डमटाल में 98 तक पहुंचा

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

दिवाली पर दिल्ली की आबोहवा जहां बहुत बुरी तरह प्रभावित हुई, तो वहीं धर्मशाला में भी एयर क्वालिटी इंडेक्स में 60 प्रतिशत गिरावट दर्ज हुई है। हालांकि अब एक्यूआई लेबल सुधर रहा है। इस बार दिवाली पर प्रदूषण बढ़ा तो है, लेकिन पिछले साल से कम हुआ है। उधर, कांगड़ा जिला के औद्योगिक क्षेत्र डमटाल में दिवाली पर प्रदूषण में काफी बढ़ोतरी दर्ज की गई। आंकड़ों के अनुसार 30 अक्तूबर को धर्मशाला का एयर क्वालिटी इंडेक्स 68 था, जो दिवाली की रात को बढ़कर 109 हो गया। पिछले साल इसका स्तर 140 था। इस साल पटाखों के कारण वायुमंडल पर 20 प्रतिशत नकारात्मक प्रभाव बढ़ा है। डमटाल में दिवाली से पहले का एक्यूआई दिवाली पर 90 से बढ़कर 98 पहुंच गया। हालांकि ये धर्मशाला से कम है।



क्षेत्रीय प्रयोगशाला, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, धर्मशाला ने दिवाली से पहले और दिवाली के दौरान वायु गुणवत्ता में परिवर्तन की जांच करने के लिए दाड़ी में धर्मशाला की परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी की। आंकड़ों के अनुसार धर्मशाला का एक्यूआई 30 अक्तूबर को संतोषजनक श्रेणी में 68 था, जो दिवाली पर 109 हो गया जो मध्यम श्रेणी में आता है। धर्मशाला में दिवाली पर परिवेशी वायु गुणवत्ता में 60 प्रतिशत गिरावट का संकेत देता है। डेटा से पटाखे फोड़ने का प्रभाव साफ दिखता है। रेस्पिरेबल पार्टिकुलेट मैटर के संबंध में परिवेशी वायु गुणवत्ता दिवाली पर 100 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के निर्धारित मानकों को पार कर गई।

वहीं, दिवाली से एक दिन पहले डमटाल में एक्यूआई 30 अक्तूबर को 82 और दिवाली के दिन को 98 था। आरएसपीएम 100 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के निर्धारित मानकों से नीचे था। डमटाल में परिवेशी वायु गुणवत्ता पर पटाखों का लगभग 20 प्रतिशत प्रभाव पड़ा है। आंकड़ों की पुष्टि करते हुए हिमाचल प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी संजीव शर्मा ने बताया कि कांगड़ा जिला के धर्मशाला तथा डमटाल में दिवाली की रात को प्रदूषण काफी बढ़ा हुआ पाया गया। कई जगहों में 1 नवंबर को भी दिवाली मनाई गई। (अनंत ज्ञान)

### प्रदेश में बद्दी सबसे ज्यादा प्रदूषित

**हिमाचल** के सोलन जिले के बद्दी में शुक्रवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 296 तक पहुंच गया जो खतरनाक श्रेणी में आता है। राजधानी शिमला में भी एएक्यूआई 92 दर्ज किया गया। बिलासपुर में एएक्यूआई 189 रहा। प्रदेश के कई क्षेत्रों में एक नवंबर को भी दिवाली मनाई गई। इससे हिमाचल के विभिन्न इलाकों में एयर क्वालिटी इंडेक्स में गिरावट दर्ज की गई।

# खडलो में पाइपलाइन तो बिछाई कनेक्शन देना भूल गया विभाग



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

### नलों में नहीं आ रहा पानी गांववासी परेशान, विभाग से कनेक्शन देने की अपील

जल शक्ति विभाग उपमंडल फतेहपुर के तहत पड़ती पचायत सुनहारा के गांव खडलो की दास्तान कुछ ऐसी है कि विभाग द्वारा पुरानी पाइपलाइन की जगह नई पाइपलाइन तो बिछा दी, लेकिन कनेक्शन देना भूल गया। इस कारण पिछले कई दिनों से गांव में पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। गांववासी मोहिंद्र सिंह ने बताया नई डाली गई पाइपलाइन से कनेक्शन देने के लिए कई बार विभाग से फोन के माध्यम से अपील की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि गांव के करीब आठ परिवार हैंडपंप से पानी लाने को मजबूर हैं। उन्होंने फिर विभाग से अपील की है कि नई डाली गई पाइपलाइन के साथ कनेक्शन दिया जाए, ताकि उनके नलों में भी पानी आ सके। वहीं, इस बारे जब विभागीय एसडीओ अमित रंधावा के साथ बात की तो उन्होंने कहा मामला ध्यान में है। जल्द ही कनेक्शन दिलवा दिया जाएगा। इस दौरान उनके साथ शक्ति पठानिया, रिखी राम, करनैल सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# आयुर्वेद कॉलेज पपरोला में नए स्टूडेंट्स का किया स्वागत, मनाया परिचय समारोह

## छात्रों को कॉलेज के विभिन्न विभागों, सुविधाओं और संसाधनों की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**



राजीव गांधी राजकीय स्नातकोत्तर आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय पपरोला में प्रथम वर्ष बीएएमएस बैच 2024-2025 के नए छात्रों का स्वागत एवं परिचय समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी अध्यापकों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया और नए छात्रों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य प्रोफेसर विजय चौधरी द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसके पश्चात छात्र कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रो. अंजना मिश्रा ने स्वागत संबोधन दिया।

इसके उपरांत एंटी-रैगिंग समिति के अध्यक्ष प्रो. विजयंत भारद्वाज ने छात्रों को रैगिंग के प्रति जागरूक किया और अभिभावक-शिक्षक संघ का गठन किया। प्रधानाचार्य प्रोफेसर विजय चौधरी ने छात्रों को संबोधित करते हुए शिक्षा में अनुशासन और मनोयोग से अध्ययन करने पर बल दिया। उन्होंने छात्रों से अपने लक्ष्यों की ओर केंद्रित रहने का आह्वान किया और महाविद्यालय की उपलब्धियों एवं सुविधाओं की जानकारी दी।

इस सत्र में दो छात्र बांग्लादेश से हैं, जिनकी प्रवेश प्रक्रिया अभी चल रही है। समारोह का समापन कक्षा प्रभारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से हुआ, जिसमें उन्होंने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इसके बाद, डॉ. पूजा मखनोत्रा के नेतृत्व में छात्रों को महाविद्यालय और अस्पताल का परिचय कराया गया, जिसमें उन्हें विभिन्न विभागों, सुविधाओं और संसाधनों के बारे में जानकारी दी गई। इस आयोजन के पश्चात छात्रों की नियमित कक्षाएं प्रारंभ कर दी गईं, जिससे उनकी शैक्षणिक यात्रा का औपचारिक रूप से शुभारंभ हुआ।

# नशे की ओवरडोज से युवक की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला के पुलिस थाना शाहपुर के तहत नशे की ओवरडोज के कारण युवक की मौत का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार बलानाणा के डडामण गांव के 24 वर्षीय युवक की कार शनिवार को द्रमण मैदान में लगी थी। इस दौरान उसके गांव का एक युवक उसकी कार को देखकर वहां गया तो युवक कंडक्टर साइड में अचेत पड़ा मिला। गाड़ी खुली हुई थी तथा युवक अचेत पड़े युवक को शाहपुर स्थित अस्पताल ले गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर, चिकित्सकों ने आरंभिक जांच तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर नशे की ओवरडोज से युवक की मौत होने की बात कही है। युवक की मौत की सूचना के बाद अस्पताल पहुंची शाहपुर पुलिस की टीम ने शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने जोनल अस्पताल धर्मशाला में शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। उधर, मामले की पुष्टि करते हुए धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि मौके से फॉरेंसिक सबूत लेकर आरएफएसएल लैब में जांच के लिए भेजे गए हैं तथा मामले में कार्रवाई की जा रही है।

# विद्युत बोर्ड में पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग



**अनिल छांगू, जवाली**

हिमाचल प्रदेश विद्युत पेंशनर्स फोरम जवाली यूनिट की बैठक लब में यूनिट प्रधान राम लुभाया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कर्मचारी यूनियन के पूर्व राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष व रिटायरी फोरम के सदस्य पवन मोहल और जिला कांगड़ा से फोरम के सलाहकार देवराज रनोत ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि विद्युत बोर्ड में पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाए तथा समाप्त किए गए अभियंताओं के 51 पदों को अभिलंब बहाल किया जाए। उन्होंने 81 आउटसोर्स ड्राइवरों को पुन: कार्य पर रखने की जोरदार मांग की। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने इन पदों को बहाल न किया तो प्रदेश की कांग्रेस सरकार और विद्युत प्रबंधन के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि विद्युत बोर्ड की सर्विस कमेटी द्वारा अप्रूव किए गए 1030 टी-मेट के पदों को अतिशीघ्र भरा जाए। छठे वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप संशोधित वेतन और पेंशन की बकाया राशि प्रदान की जाए। रिटायर कर्मचारियों के लीव इनकैशमेंट, ग्रेच्युटी जैसे सभी वित्तीय लाभों की बकाया राशि का भुगतान किया जाए। (अनंत ज्ञान)

# धर्मशाला स्कूल में जिला स्तरीय अंडर-19 खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**धर्मशाला।** पूर्व मेयर एवं वर्तमान में पार्षद देवेंद्र जग्गी ने राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यामिक पाठशाला धर्मशाला में आयोजित जिला स्तरीय अंडर 19 बाल एवं बालिका खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह में उन्होंने दीप प्रजवलित कर मां सरस्वती की वंदना से शुरुआत की। उन्होंने कहा कि मैं भी इस पाठशाला में छठी से आठवीं तक पढ़ा हूं तथा यह पाठशाला मेरी प्रेरणादायक पाठशाला है। यह पाठशाला सन 2026 में अपने 100 साल पूर्ण कर रही है, जोकि धर्मशाला शहर के लिए गर्व की बात है तथा इस पाठशाला में शिक्षा ग्रहण कर गए लोग अच्छे-अच्छे पदों पर रहे हैं तथा भविष्य में इस पाठशाला का अपना अलग स्थान रहेगा। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानाचार्य की मांग पर स्कूल के खेल मैदान के सौंदर्य एवं मरम्मत तथा स्टेज पर टाइलें डालने इत्यादि के लिए पांच लाख तथा इकावन हजार रुपए खेल गतिविधियों को बढ़ाबा देने के लिए मुख्यमंत्री से स्वीकृत करवाने की घोषणा की। इस मौके पर देवेंद्र जग्गी के अलावा वर्तमान मेयर नीनू शर्मा, धर्मशाला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरभजन सिंह चौधरी, सुरेश धीमान, प्रधान बागनी तथा पूर्व ब्लॉक कांगेस अध्यक्ष, अनुराग कुमार, पार्षद तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## स्पोर्ट्स

### होला में दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन; कांगड़ा, हमीरपुर और पंजाब के खिलाड़ियों ने लिया भाग

# पंजाब के प्रदीप और दीपक ने जीती ओपन डबल्स की ट्रॉफी

**राकेश डोगरा, डरोह**

उपतहसील भवारना की पंचायत चांदड़-बमियाल के गांव होला में दो दिवसीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता करवाई गई। इसका आयोजन यूथ फिटनेस एकेडमी होला तथा माणिक वेब टेक्नोलॉजी भवारना के संयुक्त प्रयास से सफलतापूर्वक करवाया गया। इस प्रतियोगिता में जिला हमीरपुर, कांगड़ा तथा पंजाब के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसमें डबल्स ओपन, सिंगल ओपन तथा 30 वर्ष से अधिक आयु के डबल्स ओपन प्रतियोगिता शामिल की गई। इसमें कुल 40 टीमों ने भाग लिया, मैच 2 दिन लगातार दिन-रात खेले गए।



प्रतियोगिता का शुभारंभ एक्स सर्विसमैन लीग खैरा के उपाध्यक्ष प्रीतम चौधरी ने किया तथा समापन समारोह में मुख्यातिथि की भूमिका रतन ज्वेलर्स भवारना के राजेश वर्मा ने निभाई। उन्होंने खिलाड़ियों को मोमेंटो तथा कैश प्राइज देकर सम्मानित किया। इस दौरान ओपन डबल्स की ट्रॉफी तथा 7100 रुपए नकद पुरस्कार पंजाब के प्रदीप एवं दीपक ने जीता तथा उपविजेता की ट्रॉफी, 4100 रुपए का पुरस्कार नूरपुर के ईशांत एवं मोहित ने जीता।

तीसरा पुरस्कार 1100 रुपए पंचरुखी के अनुज और आशु ने हासिल किया। 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ियों में डबल्स की ट्रॉफी तथा 4100 रुपए कैश नगरोटा के डॉ. गौरव तथा ऋषभ ने शानदार खेल का प्रदर्शन करके अपने नाम किया, जबकि उपविजेता की ट्रॉफी व 2100 रुपए कैश का पुरस्कार भवारना के दीपक एवं सागा ने जीता। तीसरा पुरस्कार 1100 रुपए सुजानपुर के पंकज और मंगल ने जीता इसके साथ ओपन सिंगल का खिताब भी पंजाब के खिलाड़ी दीपक ने हासिल किया।

इस अवसर पर मुख्यातिथियों ने नौजवानों को नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी साथ ही यूथ फिटनेस एकेडमी होला के डायरेक्टर संजय तथा मणिक वेब टेक्नोलॉजी भवारना के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनीष चौधरी तथा होला के सभी लोगों की इतनी बड़ी प्रतियोगिता करवाने के लिए बड़ी प्रशंसा की। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में दोनों संस्थाओं के पदाधिकारियों के अतिरिक्त पंचायत तथा गांव की जानी-मानी हस्तियों ने दान देकर सफलतापूर्वक कर संपन्न करवाया। (अनंत ज्ञान)

# परागपुर के अमित वालिया को आज तक नहीं मिला बहादुरी का सम्मान

## अपनी जान पर खेलकर बचाई थी दर्जनों लोगों की कीमती जिंदगी

**सालबिया शर्मा, गरली**



अपनी जान पर खेलकर दर्जनों लोगों की कीमती जिंदगी बचाने वाले परागपुर के बहादुर, साहसी एवं नौजवान युवक अमित वालिया को करीब 20 वर्ष गुजर जाने के बाद भी आज तक किसी भी सरकार या पुलिस विभाग द्वारा सम्मानित नहीं किया, जिसका उन्हें दुख है। बात 29 जून, 2005 की है जब राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल परागपुर के खेल के मैदान में हैंड ग्रेनेड (बम) बच्चों को खेलते समय दिखाई दिया।

बच्चों ने तुरंत इसकी सूचना स्कूल के थोड़ी दूरी पर स्थित अमित वालिया के घर पर दी। इस दौरान उन्होंने वहां तुरंत खेल के मैदान में उस बम को उठाकर बिना समय गंवाए तौलिए में लपेट कर अपने स्कूटर की डिक्की में डालकर पुलिस थाना देहरा पहुंचा। देहरा पुलिस ने जब यह सब देखा तो उन्होंने तुरंत इसकी सूचना अपने अधिकारियों को दी।देखते ही देखते यह बात तत्कालीन डीजीपी तक पहुंची। इसकी सूचना मिलते ही पालमपुर होल्टा से इंडियन आर्मी की करीब 15 से 20 आर्मी जवानों व अधिकारियों की टीम देहरा पहुंच गई उस बक्त हर तरफ उपरोक्त नौजवान युवक अमित बालिया की बहादुरी के चर्चे लोगों की जुबान पर थे कि कैसे अपने हिम्मत का परिचय देते हुए इस नौजवान अमित वालिया ने सच्चे नागरिक का फर्ज निभाते हुए बम को पुलिस तक पहुंचाया है। उस वक्त आर्मी अधिकारियों ने बताया था कि अगर यह बम फट जाता तो 200 से 300 मीटर का एरिया तबाह हो जाता। खैर अगले दिन ब्यास नदी के तट पर देहरा में उस बम को जब ब्लास्ट किया गया तो धमाका इतना जोरदार हुआ कि पूरा देहरा उस धमाके से कांप उठा था। उस वक्त तत्कालीन पुलिस अधिकारियों, प्रशासन एवं पालमपुर से आए आर्मी ऑफिसर्स ने उस नौजवान युवक को शीघ्र बहादुरी पुरस्कार से सम्मानित करने की बात भी कही थी, लेकिन 20 वर्ष बीत जाने पर भी उस बहादुर युवक को पुलिस विभाग या प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित नहीं किया गया। यह बहादुर नौजवान युवक कोई और नहीं बल्कि क्षेत्र के जाने-माने शिक्षक एवं परागपुर निवासी अमित वालिया हैं जो कि वर्तमान में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर में बतौर कंप्यूटर शिक्षक कार्यरत हैं। वहीं, अमित वालिया ने बताया कि इस सारी घटना की जानकारी देहरा पुलिस थाने में मौजूद रोजनामचे की रिपोर्ट में भी दर्ज है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### 449 ग्राम चरस सहित तीन गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** जिला कांगड़ा के पुलिस थाना बैजनाथ के तहत चरस समेत 3 लोगों को गिरफ्तार करने का मामला सामने आया है। पुलिस थाना बैजनाथ की पुलिस टीम जब पेट्रोलिंग पर थी तो शक के आधार पर जांच के बाद चढियार में गाड़ी नंबर एचपी34ई-7818 से 449 ग्राम चरस बरामद की है। इस सन्दर्भ में गाड़ी चालक कृष्ण सिंह निवासी विजापुर तहसील जयसिंहपुर, गाड़ी में साथ बैठे शक्ति चंद निवासी क्याम्वल तहसील डाडासीबा व गाड़ी में पिछली सीट में बैठे प्राकम चंद निवासी सिंबल तहसील बैजनाथ के विरूध स्वापक औषधि एवं मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम में पुलिस थाना बैजनाथ में दर्ज किया गया है। उधर, एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

### एचआरटीसी की स्पेशल बसें आज भी चलेंगी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** डीएम धर्मशाला पंकज चड्ढा ने बताया कि 3 नवंबर को पालमपुर से दिल्ली के लिए दो, नगरोटा बगवां से दिल्ली के लिए एक, धर्मशाला से दो और पठानकोट से दिल्ली के लिए एक स्पेशल बस चलाई जाएगी। इसके अलावा जोगिंद्रनगर से चंडीगढ़ के लिए एक, बैजनाथ से एक, पालमपुर से तीन, नगरोटा बगवां से तीन, धर्मशाला से तीन, पठानकोट से एक और चंबा से चंडीगढ़ के लिए दो स्पेशल बसें चलाई जाएंगी। 3 नवंबर को बैजनाथ से बद्दी के लिए एक, पालमपुर से एक, नगरोटा बगवां से तीन, धर्मशाला से दो और पठानकोट से बद्दी के लिए एक बस चलाई जाएगी। डिमांड के हिसाब से बसों की संख्या को बढ़ाया जा सकता है।

### साडा संघर्ष समिति की हुई किरकिरी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बिलिंग का रास्ता बंद करने की साडा संघर्ष समिति की धमकी केवल मात्र गीदड़ भभकी ही साबित हुई । बैजनाथ विधानसभा के गांवों को साडा में शामिल किए जाने के विरोध में प्रभावित लोगों ने संघर्ष का रास्ता अपनाते हुए बीड़ बिलिंग में होने वाले पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप का विरोध करते हुए यह कहा था कि अगर उनके गांवों को साडा से बाहर नहीं निकाला गया तो वे बिलिंग की तरफ जाने वाले वाहनों की आवाजाही बंद कर देंगे । लेकिन शनिवार को संघर्ष समिति का कोई भी सदस्य नहीं दिखाई दिया उल्टा जो कुछ लोग संघर्ष समिति में शामिल थे, वे इस वर्ल्ड कप को सफल बनाने में जुटे हुए थे । ऐसे में साडा संघर्ष समिति की धमकी न केवल गीदड़ भभकी साबित हुई, बल्कि इन लोगों की झूठी वाहवाही लूटने की कोशिश की वजह से काफी किरकिरी भी हुई है ।

### एसओएस परीक्षा के लिए आवेदन की तिथि बढ़ाई

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय (एसओएस) की मार्च में होने वाली परीक्षा के लिए आवेदन की तिथि में बदलाव किया है। अब अभ्यर्थी बिना विलंब शुल्क के 30 नवंबर तक आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद आवेदन करने पर अभ्यर्थियों को एक से दो हजार रुपये तक लेट फीस देनी होगी। शिक्षा बोर्ड ने यह आवेदन 8वीं, 10वीं और 12वीं कक्षा के लिए मांगे हैं। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने एसओएस की मार्च, 2025 में होने वाली परीक्षाओं के आवेदनों को लेकर आंशिक संशोधन किया है। अब आठवीं, 10वीं और 12वीं कक्षा के अभ्यर्थी फ्रेश एडमिशन (डायरेक्ट एडमिशन/डायरेक्ट साइंस), फ्रेश एडमिशन (अवेलिंग टीओसी/री एडशिन) एवं एडिशनल सब्जेक्ट के अभ्यर्थी अब 30 नवंबर तक बिना विलंब शुल्क के आवेदन कर सकेंगे। एक से 15 दिसंबर के बीच आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को एक हजार रुपये लेट फीस के रूप में भरना होगा, जबकि 16 से 31 दिसंबर तक आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों से दो हजार रुपये लेट फीस वसूली जाएगी।

### फतेहपुर की 16 पंचायतें टीबी मुक्त घोषित

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** स्वास्थ्य ब्लॉक फतेहपुर की 16 पंचायतें टीबी मुक्त घोषित कर दी गई हैं। उन्हें एसडीएम विश्रुत भारती और बीडीओ सुभाष चंद अत्री ने सिविल अस्पताल फतेहपुर में प्रमाणपत्र और अवार्ड देकर सम्मानित किया। हेल्थ एजुकेटर रजिंदर धीमान ने बताया फतेहपुर ब्लॉक की पंचायत बगडोली, बरुणा, बरोट खास, डक, ढूहग, गदराना, हडवाल, झुंब खास, लरहूं, मनोह सिहाल, मच्छोट, नंगल, नगाल, रियाली, समलेट और स्थाना में कोई भी टीबी रोगी ने होने पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी मुक्त घोषित कर दिया गया है।

# बीड़-बिलिंग में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता से बढ़ी हिमाचल की प्रतिष्ठा : आरएस बाली

## विधायक ने पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप के सफल आयोजन के लिए की 35 लाख देने की घोषणा

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**



बीड़-बिलिंग में शनिवार को पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप का आगाज करते हुए हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) एवं विधायक आरएस बाली ने कहा कि मुख्यमंत्री की सकारात्मक सोच से प्रदेश को अलग पहचान दिलाकर हिमाचल को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि बीड़ बिलिंग में 2015 के पश्चात एक बाद फिर पैराग्लाइडिंग की विश्वस्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन होने से यहां के लोगों को आर्थिक रूप में लाभ होने के साथ-साथ यहां के स्थानीय पायलटों को विश्व के बेहतरीन पैराग्लाइडिंग पायलटों को देखने के साथ उनसे सीखने का अवसर मिलेगा।

उन्होंने कहा कि बीड़-बिलिंग घाटी देवी-देवताओं की भूमि होने के चलते, यहां सभी प्रतिभागियों पर देवताओं का विशेष आशीर्वाद बना रहता है। प्राकृतिक सौंदर्य और प्रदेश की अमूल्य संस्कृति की झलक दुनिया भर के लोगों को देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसे स्थानों के विकास और सुविधाओं के सृजन को विशेष प्रयास कर रही है इसके अतिरिक्त प्रदेश में अनछूहे पर्यटक स्थलों की भी पहचान की जा रही है। उन्होंने कहा कि बीड़ लैंडिंग साइट के लिए 60 लाख और अन्य सुविधाओं के लिए पर्यटन विभाग की ओर 7 लाख जारी किए गए हैं। इसके अलावा उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिये 35 लाख देने की घोषणा की। उन्होंने खीर गंगा घाट पार्किंग में लिफ्ट लगाने की भी घोषणा की। इस अवसर पर बीपीए के अध्यक्ष अनुराग शर्मा, पूर्व विधायक सुरिंदर काकू प्रदेश एससी सेल के उपाध्यक्ष रविंद्र बिट्ठू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र जम्वाल, आयोजन निदेशक सुरेश ठाकुर , महासचिव चमेल सिंह, अंकित सूद, ऐरो क्लब ऑफ इंडिया के ऑब्जर्वर अरविंद, पीडब्ल्यूसीए के अध्यक्ष गोरान दिमिशकोव्स्की, स्कोरर डेनियल डिमोव, एसडीएम बैजनाथ डीएसपी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी इलाके के गणमान्य लोग और 26 देशों के प्रतिभागी उपस्थित रहे।

### हिमाचल की संस्कृति से रू-ब-रू होंगे विदेशी मेहमान

**गौरतलब** है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों के मनोरंजन और विदेशी मेहमानों को समृद्ध भारतीय और देव भूमि हिमाचल की संस्कृति से रू-ब-रू करवाने के लिए कार्निवाल की घोषणा की थी। 6 से 8 नवंबर तक लैंडिंग साइट बीड़ में कार्निवल का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रतिदिन शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

## हैप्पी बर्थडे



लोहारा (ऊना) की यशिका को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



चाखड़ (बुघार) के जगदीश ठाकुर को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## ज्वालामुखी स्कूल में 8 से लगेगा जिला स्तरीय बाल विज्ञान मेला

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

जिला स्तरीय 32वां बाल विज्ञान मेले का आयोजन 8 और 9 नवंबर को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र) ज्वालामुखी में होगा। इस दौरान विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के अलावा इनोवेटिव साइंस मॉडलों की प्रदर्शनी लगेगी, जबकि मानव जाति के कल्याण के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विषय पर नाटक का भी मंचन होगा। डिप्टी डायरेक्टर एलिमेंट्री एजुकेशन अश्वनी भट्ट ने बताया कि खंड स्तर पर जिलेभर में हुए बाल विज्ञान मेलों के बाद अब 8 और 9 नवंबर को ज्वालामुखी में जिला स्तरीय बाल विज्ञान मेले का आयोजन होगा। इस दौरान आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में पहला स्थान हासिल करने वाले मेधावियों को राज्य स्तरीय बाल विज्ञान मेले में हिस्सा लेने का अवसर मिलेगा। 8 और 9 नवंबर को आयोजित होने वाले इस मेले के दौरान विज्ञान प्रतियोगिता और इनोवेटिव साइंस मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

इसके अलावा कक्षा नौवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों की आठ सदस्यों की टीम को मानव जाति के कल्याण के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विषय पर एक नाटक का मंचन करना होगा। 12 से 15 मिनट तक आयोजित होने वाले इस नाटक की स्क्रिप्ट को संबंधित स्कूलों को पहले डिप्टी डायरेक्टर प्रारंभिक शिक्षा विभाग के कार्यालय को 5 नवंबर तक भेजना होगा। निबंध और स्लोगन राइटिंग के दौरान पारंपरिक ज्ञान प्रणाली और आधुनिक विज्ञान विषय पर होगा। इस दौरान पहले स्थान पर रहने वाले मेधावी को राज्य स्तरीय विज्ञान मेले में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

## चंबी मैदान का होगा कायाकल्प : पठानिया

### बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाने क लिए 15 करोड़ रुपए की राशि होगी खर्च

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**



उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि चंबी मैदान में युवाओं को खेल की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने क लिए 15 करोड़ के लगभग राशि व्यय की जाएगी, प्रारंभिक तौर पर मैदान के सौंदर्यीकरण पर 51 लाख व्यय किए जा चुके हैं।

शनिवार को चंबी मैदान में पुलिस भर्ती के आवेदन के लिए तिथि बढ़ाए जाने पर चंबी मैदान में युवाओं द्वारा आयोजित धन्यवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि केवल सिंह पठानिया ने कहा कि शाहपुर तथा अन्य विस क्षेत्र के सैकड़ों युवाओं ने पुलिस भर्ती के आवेदन की तिथि बढ़ाने की मांग उठाई थी जिस पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह ने युवाओं के आग्रह को स्वीकार करते हुए पुलिस कांस्टेबल (पुरुष और महिला) के पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है और उम्मीदवारों को अपेक्षित परीक्षा शुल्क के साथ 12-11-2024 (11: 59) मध्यरात्रि तक ऑनलाइन भर्ती आवेदन जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। पठानिया ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने तथा पुलिस तथा आर्मी की भर्ती के लिए तैयार करने के लिए मैदान के निर्माण पर विशेष बल दिया जा रहा है तथा खेल गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि विधानसभा शाहपुर क्षेत्र के चंबी मैदान को युवाओं के लिए एक मॉडल स्टेडियम बनाया जाएगा। पठानिया ने कहा कि वर्तमान सरकार युवाओं की हितैषी सरकार है, युवाओं के सर्वांगीण विकास के साथ साथ स्वरोजगार के लिए भी अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं ताकि युवा आत्मनिर्भर बन सकें तथा राज्य की आर्थिकी को सृदुढ़ करने में अपनी रचनात्मक भूमिका का निर्वहन कर सकें। इस अवसर पर चंबी स्पोर्ट्स एकेडमी के पदाधिकारियों ने उपमुख्य सचेतक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चंबी खेल मैदान में स्टेडियम निर्मित होने से युवाओं को काफी लाभ मिलेगा।

**पुलिस भर्ती आवेदन की तिथि बढ़ाने के लिए युवाओं ने जताया सरकार का आभार**

## गोवर्धन पूजा पर नूरपुर के बृजराज स्वामी मंदिर में लगाया विशाल भंडारा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



नूरपुर क्षेत्र की अगाध श्रद्धा के श्री बृजराज स्वामी मंदिर में गोवर्धन पूजा के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के बृजराज स्वामी मंदिर में सैकड़ों लोगों ने माथा टेका तथा प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान माहौल पूरी तरह भक्तिमय नजर आया तथा महिलाएं भजन-कीर्तन करती रहीं। हर वर्ष की तरह इस वर्ष श्री बृजराज स्वामी मंदिर नूरपुर के प्रांगण मे गोवेर्धन पूजा (अनकूट) के भंडारे का आयोजन मंदिर कमेटी द्वारा आयोजित किया गया। मंदिर कमेटी ने दोपहर के बाद भंडारे का शुभारंभ श्रद्धालुओं के लिए किया। सैकड़ों लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

### नूरपुर के प्राचीन किले में है मंदिर, आज भी सुनाई देती है मीरा के घुंघरुओं की आवाज



**नूरपुर** के प्राचीन किले में स्थित भगवान श्री बृजराज स्वामी का मंदिर क्षेत्रवासियों के साथ लाखों लोगों की आस्था का केंद्र है। यह विश्व का एकमात्र ऐसा मंदिर है, जहां भगवान श्रीकृष्ण के साथ राधा नहीं, बल्कि मीरा बाई की मूर्ति स्थापित है। इस मंदिर में श्रीकृष्ण और मीरा की मूर्तियां एक साथ विराजमान हैं। कहा जाता है कि यहां आज भी मीरा के घुंघरुओं की आवाज सुनाई देती है। राजस्थानी शैली की काले संगमरमर से बनी श्रीकृष्ण व अष्टधातु से बनी मीरा की मूर्ति आज भी नूरपुर के इस ऐतिहासिक श्री बृजराज स्वामी मंदिर में मौजूद है।

## बेघर हुए 14 परिवारों को मिली 6-6 मरला जमीन

**अनंत ज्ञान, जवाली**



वर्ष 2023 में भयंकर बरसात के कारण बेघर हुए नियांगल, त्रिलोकपुर व सोलदा पंचायत के 14 परिवारों को 6-6 मरला जमीन उपलब्ध हो पाई है तथा हाल ही में इंतकाल भी हो गया। जल्द ही अब बेघर हुए 14 परिवार उक्त जमीन पर अपना पक्का आशियाना बना पाएंगे, जिसके चलते बेघर हुए परिवारों की आंखों में खुशी की चमक दिखाई दी है। डेढ़ साल के बाद बेघर हुए परिवारों को जमीन उपलब्ध हो पाई है।

ग्राम पंचायत नियांगल के छोटा राम, खेम राज, प्रभात सिंह, प्रीतम सिंह, कुशाल सिंह, धरो राम, ज्ञान चंद, विक्रम सिंह, कुलदीप सिंह, सुभाष चंद, त्रिलोकपुर पंचायत के राम सिंह व सोलदा पंचायत के हरबंस सिंह, बुद्धि सिंह, विजय कुमार के नाम जमीन के इंतकाल भी हो गए हैं। नायब तहसीलदार कोटला कोविंदर चौहान ने हाल ही में विधिवत रूप से भूमिहीन 14 परिवारों को अपने कार्यालय में बुलाकर भूमि के मालिकाना हक ट्रांसफर किए। उक्त परिवार वर्ष 2023 से किराया के मकानों में रह कर गुजर-बसर कर रहे थे। इन बेघर हुए परिवारों की नियांगल में जमीन का प्रावधान किया है। इन परिवारों को मकान बनाने के लिए पहली तीन-तीन लाख रुपए की किश्त मिल चुकी है।

प्रभावित परिवारों ने कहा कि समाजसेवी प्रदीप शर्मा का हमें जमीन उपलब्ध करवाने के लिए काफी सहयोग रहा है। प्रभावित परिवारों ने मांग की है कि हमें मकान निर्माण के लिए जल्द दूसरी किश्त जारी की जाए।


## ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

**झंडूता।** विधानसभा क्षेत्र झंडूता की कुलज्यार पंचायत में ग्रामीण स्तर की क्रिकेट प्रतियोगिता का शुक्रवार को शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता में झंडूता क्षेत्र और आसपास के इलाकों की कई टीमें भाग ले रही हैं। जड्डू-कुलज्यार यूथ क्लब के तत्वावधान में आयोजित की जा रही प्रतियोगिता का शुभारंभ झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने किया। उन्होंने प्रतियोगिता के आयोजन के लिए यूथ क्लब की पीठ थपथपाते हुए 11 हजार रुपए की राशि भेंट की। इसके अलावा उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को क्रिकेट किटें देने की घोषणा भी की। जीतराम कटवाल ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं। आने वाले समय में देश की बागडोर उन्हीं के हाथों में होगी। चिंतित करने वाला पहलू यह है कि बड़ी संख्या में बच्चे और युवा भी नशे की गिरफ्त में फंसकर अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं।

## श्री बालाजी अस्पताल कांगड़ा कल मनाएगा स्थापना दिवस

**सीटी स्कैन व एमआरआई पर 50 फीसदी डिस्काउंट**

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



डॉ. राजेश शर्मा
सीएमडी

निजी क्षेत्र में हिमाचल के सबसे बड़े मल्टी स्पेशियलिटी स्वास्थ्य संस्थान श्री बालाजी अस्पताल कांगड़ा 4 नवंबर को अपनी स्थापना के 20 साल का सफर पूरा करने जा रहा है। एनएबीएच प्रमाणित श्री बालाजी अस्पताल कांगड़ा ने निजी क्षेत्र में पहले भी बड़ा नाम कमाया है। अस्पताल ने कांगड़ा ही नहीं चंबा, हमीरपुर जिलों में भी अपनी सेवाओं का विस्तार कर रखा है। अस्पताल का अपना नर्सिंग कॉलेज भी है। स्थापना दिवस पर अस्पताल में सीटी स्कैन व एमआरआई पर पचास फीसदी डिस्काउंट रहेगा। यह डिस्काउंट अगले पंद्रह दिन तक जारी रहेगा। श्री बालाजी तो हॉस्पिटल के सीएमडी डॉ. राजेश शर्मा द्वारा संचालित इस अस्पताल की ब्रांच हमीरपुर में श्री बालाजी एचओडी के नाम से काम करी है तो चंबा के परेल में अस्पताल स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करा रहा है। अस्पताल का कांगड़ा में अपना नर्सिंग कॉलेज भी है, जोकि आधुनिक सुविधाओं से लैस है। लोगों की सेवा करने का भाव डॉ राजेश शर्मा को विरासत में मिला है। उनके पिता स्व. पंडित बालकृष्ण शर्मा भी लोगों की सेवा के लिए हर समय तैयार रहते थे। इसलिए ही इस बार भी डॉ. राजेश शर्मा ने अस्पताल के स्थापना दिवस पर सीटी स्कैन व एमआरआई पर पचास फीसदी डिस्काउंट देने की बात कही है।

# एसएमआई हॉस्पिटल ने 2 माह में लगाए 22 आई चेकअप कैंप

## निशुल्क शिविरों में 2500 से ज्यादा मरीजों की आंखों की हुई जांच : डॉ. संदीप महाजन

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

एसएमआई हॉस्पिटल के निर्देशक व चीफ आई सर्जन डॉ. संदीप महाजन ने बताया कि बीते 2 महीनों सितंबर व अक्तूबर माह में एसएमआई हॉस्पिटल घुरकड़ी (कांगड़ा) के सौजन्य से लगभग 22 से ज्यादा फ्री आई चेकअप कैंपों का सफल आयोजन किया गया। इन कैंपों में 2500 से ज्यादा मरीजों की आंखों का निरीक्षण किया गया। ये कैंप विभिन्न जिला के विभिन्न पंचायत क्षेत्रों के अंतर्गत लगाए। इनमें मुख्यतः जिला चंबा, जिला कांगड़ा, जिला बिलासपुर, जिला हमीरपुर में आयोजित किए गए। यह कैंप जिला के दूर-दराज के पंचायत क्षेत्रों में लगाए गए।

पिछले 6 महीनों में लगाए कैंपों के सफल आयोजन के बाद अब जो कैंप लगाए जा रहे हैं। उनमें मरीजों की अपनी आंखों की देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ने लगी है और लोगों का कहना है कि फ्री आई चेकअप कैंप लोगों की आंखों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में प्रेरणा का स्रोत बन रहे हैं।

स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि कैंपों में आंखों के निरीक्षण के दौरान जो महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है उससे हमें यह ज्ञात हो गया है कि आंखों की सही समय पर जांच करवाना कितना जरूरी है। इससे कि हम अपनी आंखों की बहुमूल्य रोशनी को समय रहते बचा सकते हैं। एसएमआई हॉस्पिटल घुरकड़ी की टीम में ऑफथैलिमिक ऑफिसर अमिताभ छाबरा, प्रणव डडवाल, शिवानी ठाकुर व सहयोगी स्टाफ में मनोहर लाल, सुवीन कुमार, रविंद्र कुमार, सूरज, प्रकाश, अजय भाटिया ने मिलकर लगभग 2500 से ज्यादा मरीजों की आंखों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जो बीमारियां सामने आईं, उससे संबंधित दवाइयां भी एसएमआई हॉस्पिटल के सौजन्य से मुफ्त बांटी गईं। मरीजों की आंखों के निरीक्षण के दौरान विभिन्न बीमारियां सामनें आई, जिसमें मुख्यतः सफेद मोतियाबिंद, आंखों के पर्द से संबंधित बीमारियां हैं।

पिछले 6 महीनों में जितने भी कैंप लगाए गएख उनमें बढ़ते बच्चों की आंखों की रोशनी का कम होना, ज्यादा नंबर के चश्में लगना, रंगों को न पहचान पाना, सिर दर्द रहना व तनाव में रहना जैसे रोगों से पीड़ित पाए गए। (अनंत ज्ञान)

### पटाखों के धुएं का आंखों पर बुरा प्रभाव



**डॉ.** संदीप महाजन ने बताया कि यह त्योहारों के महीने होते हैं। इसमें मुख्यतः शीतकालीन नवरात्र, दशहरा व दीपावली जैसे सुप्रसिद्ध त्योहार इन्ही महीनों में मनाए जाते हैं। त्योहारों के चलते लोग मिठाइयों व आतिशबाजी का प्रयोग ज्यादा करते हैं। इन त्योहारों के चलते वायुमंडल बहुत ज्यादा प्रदूषित होता। घर-घर में आतिशबाजी होती है, जिससे वायुमंडल में प्रदूषण काफी बढ़ जाता है, जिससे अगले 15 से 20 दिन इन पटाखों से निकलने वाले धुएं व गैसों से आंखों की रोशनी पर बुरा प्रभाव पड़ता है। इससे आंखों में एलर्जी का होना, आंखों में खुजली होना, आंखों से पानी निकलना, आंखों का लाल होना या मधुमेह रोग के कारण आंखों की रोशनी का धुंधला होना जैसे रोग सामने आते हैं। इसलिए इन महीनों में लोगों को अपनी आंखों की देखभाल ज्यादा करनी चाहिए व खान. पान का भी ख्याल रखना चाहिए। आंखों से संबंधित किसी भी प्रकार की बीमारी होने पर तुरंत नेत्र विशेषज्ञ से सलाह लें व रोग का इलाज करवाएं।

### आंखों को लेकर जागरूक रहें लोग

**नेत्र** विज्ञान के क्षेत्र में जागरूकता प्रदान कर रहा एसएमआई हॉस्पिटल प्रदेश के जन-जन तक अपना संदेश समय-समय पर पहुंचाता आ रहा है। प्रदेश का कोई भी नागरिक दृष्टिहीन न रहे, इसलिए प्रदेश के हर नागरिक को जागरूक होना चाहिए, ताकि आंखों की रोशनी को समय रहते बचाया जा सके। इससे प्रदेश का कोई भी नागरिक दिृष्टहीन न हो सके। 22 से ज्यादा फ्री आई चेकअप कैंपों के आयोजन के लिए सभी जिला के स्थानीय लोगों, जिन्होंने कैपों में भाग लिया उन्होंने डॉ. संदीप महाजन का इन कैपों के आयोजन के लिए धन्यावाद किया और उन्होंने यह भी आग्रह किया कि भविष्य में इसी तरह एसएमआई हॉस्पिटल कांगड़ा जिला स्तर पर व पंचायत स्तर पर फ्री आई चेकअप कैंपों का आयोजन करते रहे। एसएमआई हॉस्पिटल के निर्देशक व प्रबंधन समिति के आदेशानुसार फ्री आई चेकअप कैंपों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अपने क्षेत्र में लगने वाले फ्री आई चेकअप कैपों का लाभ उठाएं और आंखों से संबंधित रोगों का उपचार समय रहते करवाएं।



## न्यूज ब्रीफ

### गाली-गलौज व मारपीट करने का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** थाना सदर हमीरपुर में विद्यासागर पुत्र हरि चंद निवासी भिड़ा की शिकायत पर गाली-गलौज और जान से मारने का मामला दर्ज हुआ है। शिकायतकर्ता के अनुसार पहली नवंबर को इनके पड़ोसी नरेश कुमार, संजू, राजन धीमान पुत्र धर्म चंद तथा चाचा तीली गांव व विद्यासागर के घर के आंगन में आए तथा शिकायतकर्ता व इनकी पत्नी, इनकी माता व परिवार को गाली-गलौज करने लगे तथा जान से मारने की धमकियां देने लगे। जिसका शिकायतकर्ता व इनके परिवार ने विरोध किया तो ये उपरोक्त सभी शिकायतकर्ता व इनके परिवार के साथ मारपीट की। पुलिस थाना प्रभारी ललित महंत ने बताया कि मारपीट का मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### कंप्यूटर शिक्षक रविंद्र की हृदय गति रुकने से मौत

**हमीरपुर।** दिवाली के दिन जहां एक और पूरा प्रदेश दिवाली मना रहा था, वहीं जिला ऊना के रविंद्र कुमार जो कि पिछले 15 वर्षों से कंप्यूटर शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे, अचानक दिवाली के दिन हृदय गति रुक जाने से उनकी मृत्यु हो गई। रविंद्र अपने पीछे दो लड़कियां, पत्नी व बूढ़ी मां को छोड़ गए। हिमाचल प्रदेश कंप्यूटर शिक्षक संघ ने रविंद्र की आकस्मिक मौत पर गहरा शोक व संवेदना व्यक्त की है। संघ की अध्यक्ष सुमन ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुक्खू से आग्रह किया है कि रविंद्र के परिवार को तुरंत आर्थिक सहायता प्रदान की जाए और उसकी पत्नी को करुणामूलक आधार पर सरकारी नौकरी दी जाए, ताकि परिवार का भरण-पोषण हो सके। संघ ने बताया कि मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है कि नवंबर तक कंप्यूटर शिक्षकों की 2017 की रुकी भर्ती प्रक्रिया को पूरा कर दिया जाएगा। अन्यथा मजबूर होकर कंप्यूटर शिक्षकों को संघर्ष की राह अपनानी पड़ेगी।

### 103 वर्षीय फुलमू देवी का निधन



**रंगस।** जोलसप्पड़ पंचायत के सोरड़ गांव की फुलमू देवी का शनिवार तड़के निधन हो गया। वह कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थीं। उनके निधन की खबर मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ उनके घर पर जुट गई। उनके पौत्र अजय कुमार, बनदीप कुमार व राजेश कुमार ने बताया कि वह अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और उनका निधन हो गया। बैंडबाजों के साथ उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई।

### शनिदेव मंदिर डूगाड़ में लगी भक्तों की भीड़



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले डूगाड़ शनिदेव मंदिर में शनिवार को सैकड़ों भक्तों ने शीश नवाया। मंदिर के महंत जोगिंद्र सिंह ने बताया कि शनि देव मंदिर में हर शनिवार को भक्ति शीश नवाने के लिए पहुंचते हैं। मंदिर में श्रद्धालुओं की के लिए लंगर की व्यवस्था भी है। उन्होंने बताया कि इस मंदिर की स्थापना के लिए भोरंज में वर्ष 2006 में एक शिला मिली थी उसके बाद इस शिला को शनिदेव मंदिर में शिला डूगाड़ में स्थापित किया गया। वर्ष 2011 में बाबा बालक नाथ मंदिर के महंत राजेंद्र गिरी जी महाराज द्वारा मूर्ति की स्थापना की गई। सलौणी के पंडित सदाराम शर्मा द्वारा विधि विधान के साथ मूर्ति को स्थापित किया गया। जोगिंदर सिंह ने बताया कि उन्हें वाकसिद्धि प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि उनकी जीवा भी काली हो चुकी है। इसके अतिरिक्त शनिवार के दिन लोगों के ग्रहों का निवारण तोला के जरिए किया जाता है। हजारों की संख्या में श्रद्धालु शनि देव मंदिर में शीश नवाते हैं।

# मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में गीजर व्हीलचेयर खराब, नहीं हो रही मरम्मत

## कॉरिडोर बन गए डंपिंग साइट, प्रशासनिक अमला बना लापरवाह

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**





अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

व्यवस्थागत खामियों की वजह से हमीरपुर स्थित मेडिकल कॉलेज की भीतरी व्यवस्था को बुरी तरह जंग लग चुका है। गीजर, एक्वागार्ड और व्हीलचेयर लंबे समय से ज्यादातर खराब पड़े हैं। इनकी मरम्मत कौन करेगा? प्रशासनिक अमले पर सवाल उठ रहे हैं।

मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी के बाहर व्हीलचेयर की स्थिति ही खुद इसकी भीतरी व्यवस्था की पोल खोल देती हैं। मरीज या फिर उनके तमीरदार कभी एक व्हीलचेयर उठाते हैं, तो उन्हें सही हालत में व्हीलचेयर ढूंढ पाना भी बेहद कठिन हो जाता है, क्योंकि कइयों के टायर खराब हैं, तो कइयों पर कोई और तकनीकी वजह की खराबी। तमीरदार करें भी तो करें क्या? इन्हें ठीक करवाने के लिए प्रशासन कोई जहमत नहीं उठा रहा। अस्पताल के भीतर लोगों को साफ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए प्रशासन ने कई जगहों पर कूलर भी लगाए हैं। इनके लिए पानी को साफ करने को एक्वागार्ड भी लगाए थे, लेकिन यह सारे ढांचे अब शो-पीस बनकर रह गए हैं। उनकी कभी मरम्मत नहीं हुई। अब प्रशासन एक्वागार्ड को ठीक क्यों नहीं करवा रहा? यहां भी सवाल खड़े हैं। मरीज को सर्दी के मौसम में गर्म पानी उपलब्ध हो इसके लिए शौचालय में गीजर भी लगाए गए हैं, लेकिन यदि ज्यादातर गीजर खराब हों, तो फिर ठीक कौन करवाएगा? कई गीजर तो पिछले एक साल से खराब हैं। वार्ड सिस्टर्स ने कई गीजर की अथॉरिटीज के पास शिकायत भी की है, लेकिन महीनों से इनकी रिपेयर नहीं हो रही। स्पेशल बर्ड्स में भी यही स्थिति है। कई गीजर को रिप्लेस किया जाना है और कइयों की रिपेयर होनी है। मगर कोई यह करवाने के लिए संजीदा कोशिश क्यों नहीं कर रहा? इसीलिए रोगी प्रशासनिक व्यवस्था को कोस रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

#### कबाड़ का बसेरा बने कॉरिडोर

**रोगी** वार्डों के साथ कई जगह पर बड़े स्तर पर कॉरिडोर में कबाड़ का भी खूब जमाबड़ा देखा जा सकता है, जहां जगह मिली, वहीं पर इसे टिका दिया जाता है। जिससे अस्पताल के कई स्थान कबाड़ की भेंट चढ़ चुके हैं। रोगियों को खड़े होना है, या फिर कुछ और बेहतर व्यवस्था हो सकती है, वहां पर बड़े स्तर पर ऐसा सामान भरा हुआ है। जिसकी शायद जरूरत ही नहीं है।

#### नर्सों से मंगवाई है रिपोर्ट : एमएस

**मेडिकल** सुपरिंटेंडेंट अजय कुमार का कहना है कि एक नया एक्वागार्ड लगाया गया है, बाकी अस्पताल के भीतर जो लगे हैं, वे डोनेट किए गए हैं। गीजर यदि खराब हैं तो संबंधित वार्ड की नर्सों को इसकी रिपोर्ट देनी चाहिए।

# हिमाचल में चुनावी गारंटियों की असफलता पर कांग्रेस की फजीहत : राजेंद्र राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने प्रेस बयान में कहा कि कांग्रेस की हिमाचल में चुनावी गारंटियों को पूरा न कर पाने की वजह से देशभर में पार्टी की खिल्ली उड़ रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया और कहा कि विकास व जनकल्याण के मुद्दों पर झूठे आंकड़े पेश कर अपनी छवि बनाने का प्रयास कभी सफल नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि हाल ही में मुख्यमंत्री ने रोहडू विधानसभा क्षेत्र के डोडरा क्वार के दौरे के दौरान खुद को इस क्षेत्र में आने वाले पहले मुख्यमंत्री के रूप में प्रचारित किया, जबकि इस तथ्य से सभी परिचित हैं कि पूर्व मुख्यमंत्री राजा वीरभद्र सिंह का यह विधानसभा क्षेत्र रहा है और वह कई बार यहां का दौरा कर चुके हैं। राणा ने मुख्यमंत्री द्वारा बार-बार 10 में से 5 गारंटियों के पूरे होने के दावों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि युवा बेरोजगारों को रोजगार देने और 18 वर्ष से अधिक आयु की सभी महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए देने का वादा आज भी अधूरा है। प्रदेश में विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं और मुख्यमंत्री सिर्फ अपने मित्रों पर सरकार का खजाना लुटाने को ही अपनी सबसे बड़ी सफलता मान रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब खुद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी पार्टी नेताओं को नसीहत दे रहे हैं कि वे केवल वही वादे करें, जिन्हें पूरा किया जा सके। यह हिमाचल में गारंटियों को पूरा न कर पाने के कारण ही है कि कांग्रेस को राष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदगी का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा बेहतर होगा मुख्यमंत्री जनता को गुमराह करने के बजाय वास्तविक विकास और कल्याणकारी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करें।

# मुख्यमंत्री की माता ने परिवार सहित दियोटसिद्ध मंदिर में नवाया शीश

**अनंत ज्ञान, बड़सर**



उत्तरी भारत के सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में शनिवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की माता संसारो देवी, बड़े भाई राजीव ठाकुर, भाभी तथा भतीजा, भतीजियों ने बाबा जी की गुफा में दर्शन करके बाबा जी का आशीर्वाद लिया। उन्होंने परिवार की सुख शांति के लिए पूजा-अर्चना की। बाबा बालक नाथ मंदिर में माथा टेकने के लिए पहुंची मुख्यमंत्री की माता ने रोट का प्रसाद चढ़ाया और बाबा बालक नाथ के दर्शन किए।

इस अवसर पर मंदिर प्रशासन ने मुख्यमंत्री की माता को बाबा जी का प्रसाद रोट तथा पटका भेंट करके सम्मानित किया। बता दें कि दिवाली त्यौहार के बाद मुख्यमंत्री की माता परिवार सहित मंदिर पहुंची और आम लोगों की तरह बाबा बालक नाथ के दर्शन किए।

# कांग्रेस की झूठे वादे कर सत्ता हासिल करने की है आदत : अनुराग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर से सांसद अनुराग ठाकुर ने शनिवार को समीरपुर स्थित आवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं व स्नेहजनों से भेंट कर जनसमस्याओं की सुनवाई की। ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी द्वारा देश के विभिन्न राज्यों में झूठे वायदों के दम पर सत्ता हासिल करने की कला की कलई खुलने की बात कही है।

उन्होंने कहा झूठ और फ़रेब ही कांग्रेस का असली चाल, चरित्र और चेहरा है। आज कांग्रेस पार्टी द्वारा झूठ बोलकर सत्ता हासिल करने की कला इनकी पार्टी पर ही भारी पड़ रही है। हिमाचल, कर्नाटक, तेलंगाना जैसे राज्यों में झूठे वादे कर सत्ता हासिल करने की आदत से कांग्रेस की देशभर में फजीहत हो रही है।

कांग्रेस द्वारा बगैर बजट के प्रावधान के बड़ी बड़ी घोषणाओं की आदत की की पोल तो अब इनके राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे ही खोल रहे हैं। वादे करके मुकरना अब इनकी पार्टी में ही इन्हें भारी पड़ रहा है। गारंटियों को पूरा करना तो दूर अब ये अपनी ही चालू की गई योजनाओं को बंद करने की तैयारियों में हैं। हिमाचल समेत आज जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकारें हैं, वे विकास और आर्थिक सुदृढ़ता के मामले में पिछड़ते जा रहे हैं, जिसका नुकसान वहां की जनता को उठाना पड़ रहा है।

कांग्रेस झूठे वादे और झूठी गारंटियों के विश्वासघात का खामियाजा जनता को उठाना पड़ रहा है। हिमाचल आज कांग्रेस सरकार के कुप्रबंधन व नाकामी से अव्यवस्था व अनिश्चितता की ओर है। आज हिमाचाल प्रदेश की हालत यह है कि केंद्र की परियोजनाओं के पैसे न मिलें तो विकास कार्य ठप हैं। मुख्यमंत्री के अपने गृह विधानसभा में सड़कों के खस्ताहाल है। हिमाचल में सरकार चलाना अब कांग्रेस के बस के बाहर है। कांग्रेस ने हिमाचल को दिया कुछ नहीं बस छीनने का काम किया है। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस राज में हिमाचल की हालत तो यह हो गई है कि आज मुफ्त बिजली का वादा करके उसपे सेस, मुफ्त पानी का वादा करके उस पर चार्ज और अब टॉयलेट की सीट पर टैक्स लगाकर वसूली सरकार ने हिमाचल की जनता को छलने का काम किया है। 2 साल पहले कांग्रेस ने विधानसभा चुनावों के समय प्रदेश की जनता से झूठे वादे और झूठी गारंटियां देकर सरकार बनाई थी।

हिमाचल की माताएं बहनें अभी भी अपने 1500 रुपए प्रति महीने का इंतजार कर रही हैं। दो रुपए प्रति किलो गोबर और 100 रुपए प्रति लीटर दूध खरीदे जाने का इंतजार कर रहे हैं। हिमाचल के युवा अपनी 5 लाख नौकरियां का इंतजार कर रहे हैं। हिमाचल के परिवार 300 यूनिट फ्री बिजली का इंतजार कर रहे हैं। प्रदेश का यह इंतजार तो खत्म नहीं हुआ उल्टा इन्होंने प्रदेश को भारी भरकम कर्ज के बोझ तले दबा दिया है।

# धनपुर मैदान को खेल स्टेडियम बनाने की लोगों ने उठाई मांग



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा के धनपुर स्थित मैदान को खेल स्टेडियम का रूप देने की लोगों द्वारा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के समक्ष जोरदार मांग उठाई है। लोगों का कहना हैं कि उपमंडल की पंचायत बड़ा, फस्टे, चौड़ू, जीहन, सपड़ोह, पुतडियाल आदि के बच्चों के लिए क्षेत्र में कोई भी ऐसा मैदान नहीं हैं जहां वे अपनी खेल गतिविधियों को बढ़ावा दे सकें।

क्षेत्र के बच्चों एवं गणमान्य व्यक्तियों का कहना है कि धनपुर के इस मैदान को उन्होंने कई बार राजनेताओं से खेल स्टेडियम बनाने की मांग की ताकि उस स्टेडियम में बच्चों अपनी खेल गतिविधियों को बढ़ावा दे सके। बच्चों की इस मांग को आज दिन तक कोई सकारात्मक रूप नहीं मिल पाया है। वर्तमान समय में आलम यह हैं दूर-दूर से बच्चे इस मैदान में खेलने के लिए आते हैं, लेकिन इस मैदान की सही हालत न होने के कारण यहां बच्चों को खेलने में बड़ी परेशानी होती है। गौर हो कि गत दिवस मुख्यमंत्री सुक्खू के नादौन प्रवास के दौरान कांग्रेस के युवा कार्यकर्ता कपिल शर्मा की अध्यक्षता में क्षेत्र का एक प्रतिनिधिमंडल धनपुर में ही सीएम सुक्खू से भी मिला था और धनपुर के मैदान को खेल स्टेडियम में तबदील करने पर मुख्यमंत्री को अपना मांग पत्र भी सौंपा था, ताकि काफी लंबे समय से चली रही इस मांग को सकारात्मक रूप मिल सके। धनपुर स्थित मैदान को खेल स्टेडियम में तबदील कर दिया जाता है तो इससे क्षेत्र के खेल प्रेमियों को खेल का मैदान भी मिल जाएगा। मुख्यमंत्री सुक्खू को क्षेत्रवासियों की इस मांग पर अवश्य चिंतन करना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

# कांग्रेस सरकार ने प्रदेश को खस्ताहाल स्थिति में पहुंचा दिया : आशीष

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



विधानसभा क्षेत्र सदर से विधायक आशीष शर्मा ने शनिवार को ग्राम पंचायत स्वाहल के मझोट अप्पर, मझोट लोअर, उसली, अप्पर सेर, स्वाहल, भाटी, कथाल गांवों में गांववार कार्यक्रम आयोजित कर जन आशीर्वाद प्राप्त किया एवं चुनावों में उन्हें सहयोग करने व दूसरी बार विधानसभा भेजने के लिए आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि आज प्रदेश सरकार ने प्रदेश को खस्ताहाल स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया है। प्रदेश को पूरे देश में कंगाल राज्य की धारणा दिलवाने का काम इस कांग्रेस सरकार ने किया है। जब नौ विधायकों ने इस सरकार की लचर कार्यप्रणाली को देखा, तब ही इस सरकार का साथ छोड़ने का निर्णय लिया। झूठी सरकार ने उस दौरान भी महिलाओं को 1500 रुपए खाते में डालने का आश्वासन दिया और एक गांव की दो-तीन महिलाओं को यह पैसे चुनावों के दौरान डाल दिए, लेकिन अब वह 1500 रुपए नहीं आए। अब दोबारा जब चुनाव आएंगे तब दोबारा यह झूठी सरकार महिलाओं के फॉर्म भरवाना शुरू करेगी। हालात ऐसे हैं कि प्रदेश को भारी कर्जे के बोझ तले दबाया जा रहा है और खुद के परिवार व मित्र मंडली की झोली को भरा जा रहा है। आम आदमी से इस सरकार को कोई लेना देना नहीं है। लोगों की आंखों में धूल झोंकी जा रही है और झूठ बोलकर गुमराह किया जा रहा है। 300 यूनिट बिजली बिल माफ करने का वादा कर जो 125 यूनिट भाजपा सरकार ने निशुल्क की थी वह भी बंद कर दी है। युवाओं को रोजगार के नाम पर ठगा है।

उन्होंने कहा कि अब लोग इस सरकार की कारगुजारी को समझ गए हैं और उन नौ विधायकों के निर्णय को सही बता रहे हैं। उन्होंने विधायक निधि से पंचायत में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 12 लाख रुपए जारी किए हैं। इनके आलावा विधायक ने नए कार्यों के प्राकलन भी देने की अपील की, ताकि और विकास कार्य भी विधायक निधि से करवाकर लोगों को सौगात दी जाए। इस दौरान स्थानीय लोगों ने विधायक का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर ओंकार चंद, दिनेश शर्मा, धनपत राय, रीना देवी, सुनीता, ध्यान चंद सहित विधायक की पत्नी स्वाति जार व अन्य मौजूद रहे।

# वोकेशनल शिक्षक 4 को शिमला में करेंगे प्रदर्शन

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में आउटसोर्स पर तैनात वोकेशनल शिक्षकों को दिवाली पर वेतन के एरियर का भुगतान न होने से रोष व्याप्त है। इसी बात को लेकर वोकेशनल शिक्षकों ने कंपनियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रदेशभर के वोकेशनल शिक्षक 4 नवंबर को राजधानी शिमला में चौड़ा मैदान में जुटकर कंपनियों के विरुद्ध प्रदर्शन करेंगे।

वोकेशनल शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी डटवालिया ने बताया कि कंपनियों के तुगलकी फरमानों से व्यावसायिक शिक्षक परेशान हैं। यह कंपनियां प्रदेश सरकार के आदेशों को भी दरकिनार करती नजर आ रही हैं।

#### दिवाली पर वेतन के एरियर का भुगतान न होने से रोष

उन्होंने बताया कि दो कंपनियां ने एरियर का भुगतान नहीं किया जिसके कारण वोकेशनल शिक्षकों की दिवाली फीकी रही और प्रदर्शन के जरिए वे अपना आक्रोश जाहिर करेंगे, जबकि अन्य कंपनियां भी मनमानी कर रही हैं। इन शिक्षकों को 16 कंपनियां वेतन का भुगतान करती हैं।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के 1200 सरकारी स्कूलों में 2174 वोकेशनल शिक्षक सेवारत हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इन कंपनियों को आदेश जारी किए थे कि 20 अक्तूबर तक व्यावसायिक शिक्षकों का एरियर जारी कर दिया जाना चाहिए, उसके बावजूद भी अभी दो ऐसी कंपनियां हैं, जिन्होंने एरियर जारी नहीं किया। इसमें सेंटम और आईसीएसएस कंपनी द्वारा एरियर जारी नहीं किया गया है। यह कंपनियां सरकार के निर्देशों को ताक पर रखकर मनमाने ढंग से वेतन प्रदान करती हैं। जिसकी कोई समय अवधि नहीं है, जबकि सरकार ने हर महीने की सात तारीख तक वेतन जारी करने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले तो यह कंपनियां सिर्फ वोकेशनल शिक्षकों का शोषण करती थी लेकिन अब तो सरकार के आदेशों की अवहेलना करना शुरू कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

# पुलिस अधीक्षक ने किया हमीरपुर पुलिस थाने का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**




त्योहारी सीजन लगभग समाप्त हो चुका है, ऐसे में शहरों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किए पुलिस प्रशासन के प्रबंध सराहनीय रहे। पुलिस अधीक्षक ने शहर में पुलिस द्वारा किए गए प्रबंधों से लोगों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हुई। त्योहार के दिनों में बहुत अधिक भीड़ रहती है उनकी सुरक्षा को लेकर पुलिस ने विशेष प्रबंध किए थे।

त्योहार के दिनों में शहर में सुख और शांति से लोगों ने खरीददारी की और त्योहार मनाए। किसी प्रकार की कोई घटना नहीं हुई। इसी बात को लेकर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मचारियों की पीठ थपथपाई। शनिवार को हमीरपुर पुलिस थाना पहुंचे पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने औपचारिक निरीक्षण किया और पुलिस थाना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की जांच की। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह भी उपस्थित थे। बता दें कि पुलिस थाने का हर 6 माह बाद बड़े अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया जाता है। इस दौरान पुलिस में चल रहे मामले और क्राइम से संबंधित जो भी कार्यप्रणाली अपनाई जाती है इसकी रिपोर्ट ली जाती है।

इसके अलावा जो केस पेंडिंग होते हैं उन पर चर्चा की जाती है। भगत सिंह ने बताया कि त्योहारी सीजन ने बाजारों में लोगों की भीड़ अधिक रही, लेकिन लोगों ने भी शांति का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यत नशा करने वाले लोग परेशानी पैदा करते हैं उन्हें कंट्रोल करने के लिए पुलिस ने पूरी व्यवस्था की थी।

## मिसाल — मोटा अनाज, दलहन, तिलहन और कई अन्य फसलें एक साथ उगा रहे हैं किसान

# प्राकृतिक खेती में मिसाल बना हरनेड़, 218 बीघा जमीन पर 59 किसान कर रहे खेती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



खेत में किसान व अन्य।

खेती में रासायनिक खाद के अंधाधुंध प्रयोग और अत्यंत जहरीले कीटनाशकों के छिड़काव से जहां हमारे खेत-खलिहानों, हवा और पानी में लगातार जहर घुल रहा है। यह जहर हमारे खान-पान तथा शरीर में भी प्रवेश कर रहा है। इससे हमारे शरीर और आसपास के वातावरण में कई गंभीर परिणाम सामने आ रहे हैं। कैंसर और कई अन्य जानलेवा बीमारियां लगातार बढ़ रही हैं। यही नहीं, जमीन की उर्वरा भी प्रभावित हो रही है।

मगर हमीरपुर जिले में किसान प्राकृतिक खेती को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दे रहे हैं। ग्राम पंचायत बफड़ीं के हरनेड़ गांव के तो सभी किसानों ने प्राकृतिक खेती को अपनाने का संकल्प लिया है और अब यह गांव एक आदर्श गांव के रूप में उभरने लगा है। गांव के प्रगतिशील किसान ललित कालिया ने बताया कि आत्मा परियोजना के अधिकारियों की प्रेरणा से उन्होंने पालमपुर में प्रशिक्षण प्राप्त किया और सबसे पहले 4 कनाल जमीन पर प्राकृतिक खेती शुरू की। अब वह अपनी पूरी जमीन पर प्राकृतिक खेती ही कर रहे हैं। किसी भी प्रकार की रासायनिक खाद या केमिकलयुक्त कीटनाशक का प्रयोग नहीं कर रहे हैं। वह प्राकृतिक खेती के लिए बीजामृत, जीवामृत, द्रेकास्त्र, अग्निस्त्र और अन्य सामग्री स्वयं घर पर ही तैयार कर रहे हैं।

खरीफ सीजन में वह मक्की के साथ-साथ कोदरा, मंढल और कौंगणी जैसे मोटे अनाज, दलहनी फसलें जैसे कुल्थ, माश और रोंगी, तिलहनी फसल के रूप में तिल और कचालू, अरबी, अदरक तथा हल्दी उगा रहे हैं। रबी सीजन में वह गेहूं के साथ सरसों, चना और मटर इत्यादि भी लगा रहे हैं। गांववासी अब जहरमुक्त खेती के साथ-साथ कई ऐसे पौष्टिक मोटे अनाज व अन्य पारंपरिक फसलों के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं जो कि लुप्त होने के कगार पर पहुंच गई थीं। अब तो प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक खेती से तैयार फसलों के लिए अलग से न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया है जोकि सामान्य दामों से काफी ज्यादा है।

अभी खत्म हो रहे खरीफ सीजन की मक्की को गांव हरनेड़ के किसानों ने 30 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से बेचा, जबकि पहले मक्की को सामान्यत: प्रति किलो 18 से 20 रुपए तक ही दाम मिलता था। जिला का यह छोटा सा गांव प्राकृतिक खेती में एक आदर्श गांव बनकर उभर रहा है।

#### क्या कहते हैं आत्मा परियोजना के निदेशक डॉ. नितिन शर्मा



**कृषि** विभाग की आत्मा परियोजना हमीरपुर के परियोजना निदेशक डॉ. नितिन कुमार शर्मा ने बताया कि गांव हरनेड़ के सभी 62 किसान परिवारों की लगभग 264 बीघा भूमि को 'प्राकृतिक खेती, खुशहाल किसान योजना' के तहत प्राकृतिक खेती के अंतर्गत लाने के लिए शुरुआती चरण में 26 किसानों को 2-2 दिन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके बाद गांव के प्रगतिशील किसानों को प्रशिक्षण के लिए कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर भी भेजा गया तथा उन्हें देसी नस्ल की गाय खरीदने के लिए सब्सिडी प्रदान की गई। अब गांव के 59 किसान परिवार लगभग 218 बीघा भूमि पर पूरी तरह प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। अब वे हर सीजन में केवल एक-एक ही फसल उगाने के बजाय एक साथ कई फसलें उगा रहे हैं।

### लापरवाही से गाड़ी चलाने का केस दर्ज

**बड़सर।** थाना बड़सर के अंतर्गत हेम राज पुत्र दीप चंद गांव झरनोट ने शिकायत दर्ज करवाई है कि गलत दिशा से आ रहे स्कूटी चालक ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। इस हादसे में उन्हें व पत्नी को चोटें आई हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार वह पत्नी सहित स्कूटी से अपने घर जा रहा था तथा जब वह बुधवीं पहुंचे तो वहा पर बिजली दफ्तर के पास दूसरी स्कूटी के चालक अश्वनी ने गलत साइड से आकर टक्कर मारी और वहां से भाग गया। पुलिस थाना प्रभारी प्रवीण राणा ने बताया कि शिकायत के आधार पर लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी कार्रवाई जारी है।

"हर जीवन को अपनी पूरी क्षमता का एहसास करने का मौका दिया जाना चाहिए, क्योंकि हर जीवन मायने रखता है। -बराक ओबामा

## संपादकीय

# मुफ्त की रेवड़ियां

महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के बीच मुफ्त की रेवड़ियां यानी चुनावी वादों का शोर सियासी फिजाओं में घुल गया है । एक ओर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ऐसी कोई भी घोषणा करने से मना किया है जिसे पूरा न करने की सूरत में बाद में सरकार की बदनामी होती है। हालांकि यह निर्देश उन्होंने कर्नाटक कांग्रेस के लिए दिया है, लेकिन अगर कोई राष्ट्रीय अध्यक्ष अपनी पार्टी के लिए इस तरह का निर्देश देता है तो वह पूरे देश में ही लागू माना जाता है। निश्चित रूप से उनके इस निर्देश के कई मायने हैं। दूसरी ओर भाजपा कांग्रेस के इस बयान को ही चुनावी मुद्दा बनाने में जुटी है। भाजपा तो हमेशा से ही कांग्रेस पर जनता से वादाखिलाफी का आरोप लगाती रहती है और अब उसने मल्लिकार्जुन खड़गे के राज्य नेतृत्व को दी गई नसीहत को ही हथियार बना लिया है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बयान को लेकर कांग्रेस को आड़े हाथ लिया। उन्होंने बकायदा सोशल मीडिया पर एक पोस्ट जारी कर कहा कि कांग्रेस पार्टी इस बात को समझ रही है कि झूठे वादे करना तो आसान है लेकिन उन्हें पूरा करना कठिन ही नहीं बल्कि असंभव है। उन्होंने कांग्रेस को झूठे वादों की पार्टी तक करार दे दिया। मल्लिकार्जुन ने निश्चित रूप से यह महसूस किया होगा कि कांग्रेस सत्ता में आने के लिए जरूरत से ज्यादा वादे कर दे रही है और उन्हें पूरा करने में बाद में कठिनाई पेश आ रही है।

हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार है और वहां विकास की दिशा और आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है, जो कि धनाभाव के कारण हो रहा है। कर्नाटक में तो कांग्रेस अपनी अंदरूनी लड़ाई से ही जूझ रही है। कर्नाटक में कांग्रेस की ओर से दी गई गारंटी पर सवाल उठा तो हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इसका कड़ा प्रतिकार किया। उन्होंने भी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट जारी कर कह दिया कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार अपने वादों को पूरा करने और पूरे राज्य में समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह से समर्पित है। अब सवाल यह उठता है कि राजनीतिक दल आखिर सत्ता में आने के लिए इस तरह के हथकंडे अपनाते ही क्यों हैं? मुफ्त की रेवड़ियां न केवल कांग्रेस बांटती है बल्कि भाजपा भी इसमें पीछे नहीं रहती है। कांग्रेस का नकारात्मक पहलू यह है कि उसके पास धन की कमी है और वह अपने वादे पूरे करने में असफल रहती है, जबकि भाजपा के पास सकारात्मक पहलू यह है कि केंद्र में भाजपा की सरकार बैठी है और उसे वादे पूरे करने के लिए धन की कमी कभी आड़े नहीं आती है क्योंकि पीएम मोदी उन्हें भरपूर मदद करते हैं। यह बात तो सत्य है कि बिना सोचे समझे लोक लुभावन घोषणा करने के हमेशा दुष्परिणाम ही सामने आते हैं। इस बात का आभास कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की ओर से अपनी पार्टी के नेताओं को दी गई इस नसीहत से चलता है कि बिना सोचे समझे कोई भी घोषणा न की जाए और जो घोषणा की जाए, वह बजट के हिसाब से ही की जाए।


घोषणाएं केवल वही की जानी चाहिएं, जिन्हें पूरा करने का सामर्थ्य हो नहीं तो बाद में बदनामी ही झेलनी पड़ती है। घोषणा पूरी न होने की सूरत में भविष्य में पार्टी को राजनीतिक नुकसान भी झेलना पड़ता है। दरअसल, कांग्रेस अध्यक्ष को यह सब इसलिए कहना पड़ा क्योंकि कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कुछ दिन पहले यह कह दिया था कि राज्य सरकार महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की सुविधा देने वाली शक्ति योजना पर नए सिरे से विचार करेगी। इससे यही मैसेज गया कि यह योजना बंद की जा सकती है क्योंकि कर्नाटक सरकार अपनी पांच गारंटियों को पूरा करने में असमर्थ रही। इन गारंटियों के पूरा न होने के पीछे आर्थिक संकट का हवाला दिया जा रहा है।

हिमाचल में भी कमोबेश ऐसी ही स्थित है। हिमाचल में कांग्रेस ने सत्ता में आने के लिए कुल 10 गारंटियां दी थी और अभी तक वह मुश्किल से चार या पांच गारंटियां ही पूरी कर पाई है और उनमें भी बहुत ज्यादा बवाल हो रहा है। हिमाचल की जनता कांग्रेस की सुक्खू सरकार की गारंटियों से संतुष्ट नहीं है। कभी महिला को 1500 रुपए नहीं मिल रहे हैं तो कभी बिजली की सब्सिडी खत्म कर दी जा रही है। कर्नाटक और हिमाचल में एक जैसी स्थिति है। दोनों ही राज्यों में सत्ता पाने के लिए मुफ्त की रेवड़ियां बांटने के ऐसे वादे किए गए, जिन्हें अब पूरा करना संभव नहीं हो पा रहा है। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि कांग्रेस अध्यक्ष यह जताने की कोशिश कर रहे हैं कि उन्हें रेवड़ी संस्कृति अब रास नहीं आ रही है क्योंकि पूर्व में वह खुद ही कई बड़े-बड़े लोक लुभावन वादे करते रहे हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे अब इस पक्ष में हैं कि चुनावी वादे करते समय आर्थिक स्थिति का भी ध्यान रखा जाए। बहरहाल , उम्मीद की जानी चाहिए कि भविष्य में कोई भी पार्टी जनता को बरगलाने के लिए मुक्त की रेवड़ियां नहीं बांटेगी और विकास योजनाओं के माध्यम से ही सत्ता पर काबिज होगी। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारतीय सिनेमा जगत के युगपुरुष


**पृथ्वीराज** कपूर का जन्म पंजाब, पाकिस्तान में हुआ था। हिंदी फिल्म और रंगमंच अभिनय के इतिहास पुरुष, जिन्होंने बंबई में पृथ्वी थिएटर स्थापित किया। 'भारतीय सिनेमा जगत के युगपुरुष' पृथ्वीराज कपूर का नाम एक ऐसे अभिनेता के रूप में याद किया जाता है, जिन्होंने अपनी कड़क आवाज, रोबदार भाव भंगिमाओं और दमदार अभिनय के बल पर लगभग चार दशकों तक सिने दर्शकों के दिलों पर राज किया। वर्ष 1944 में पृथ्वीराज कपूर ने अपनी खुद की थियेटर कंपनी पृथ्वी थिएटर शुरू की। पृथ्वी थिएटर में उन्होंने आधुनिक और शहरी विचारधारा का इस्तेमाल किया, जो उस समय के थिएटरों से काफी अलग था। वर्ष 1960 में प्रदर्शित के. आसिफ की मुगले आजम में उनके सामने अभिनय सम्राट दिलीप कुमार थे, इसके बावजूद पृथ्वीराज कपूर अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रहे।



पृथ्वीराज कपूर
**जन्म :** 3 नवंबर, 1906
**मृत्यु :** 29 मई, 1972

कविता

## उसे न जाने क्या मंजूर



*विक्रम कौशल प्रयास*
*समोट, चंबा*

*इस दुनिया में जो भी आया, छोड़ के यहां सब जाएगा।*
*बीत गया सो बीता वेला, लौट वापस नहीं आएगा।*
*विचलित मन संताप भरे हैं, संतोष बिना मन चैन नहीं।*
*पल की खबर न जाने कोई, विक्रम करता मन ध्यान नहीं।*
*जाने के सब बहाने बने, पता नहीं किसकी बारी है।*
*अपनी चलती जो भी कर ले, अंत में जिंदगी हारी है।*
*जीते जी के मेले सारे, चला गया वो हुआ है दूर।*
*उसकी खेलें वे ही जाने, उसे न जाने क्या मंजूर।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# रिश्तों का अहसास करवाता भाईदूज का पावन पर्व

इस प्रकार हम सभी के जीवन में रिश्ते-नातों की खास अहमियत बताई जाती है और उन तमाम रिश्तों को निभाने का प्रयास भी किया जाता है, तो वहीं मानो हमारा समाज रिश्ते-नातों की डोर से पिरोया गया हो, जहां पर हमें अपने समाज में हर रिश्ते-नातों में अपनी-अपनी सहभागिता एवं भूमिका निभानी होती है, तो ही शायद एक सभ्य एवं सुंदर समाज का निर्माण भी होता है। इसी परिप्रेक्ष्य में भाईदूज एक ऐसे पावन एवं पवित्र त्योहार है, जो भारतवर्ष में बहुत ही हर्षोल्लास और विधि-विधान के साथ मनाया जाता है।

भाईदूज का महत्वकार्तिक शुक्ल द्वितीया को मनाया जाने वाला भाईदूज का त्योहार भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है। मान्यता है कि इस दिन यमुना ने अपने भाई यम को आदर सत्कार के साथ भोजन कराया था। यमराज के वरदान अनुसार जो व्यक्ति इस दिन यमुना में स्नान करके यम का पूजन करेगा, मृत्यु के पश्चात उसे यमलोक में नहीं जाना पड़ेगा। तो वहीं पौराणिक कथा के अनुसार सूर्य देव और उनकी पत्नी छाया की दो संतानें थीं, एक यमराज और दूसरी यमुना। यमराज अपनी बहन यमुना को बहुत प्रेम करते थे। यमुना अपने भाई से बार-बार अपने घर आने को कहती थी। एक बार कार्तिक शुक्ल द्वितीया को उन्होंने अपने भाई से घर पर आने का वचन ले लिया। भाईदूज के दिन ही यमराज अपनी बहन यमुना के घर गए। तब यमुना ने अपने भाई यमराज का भव्य स्वागत किया। इसके बाद यमराज को तिलक लगाकर भोजन कराया।

यमुना का अपने भाई के प्रति इतना प्रेम और आदर देख यमराज प्रसन्न हुए और यमुना से वरदान मांगनेउ को कहा। इसके बाद वरदान में यमुना ने अपने भाई से कहा कि हर साल आप इस दिन मेरे घर आना। इसके बाद से ही भाईदूज या यम द्वितीया की परंपरा शुरू हुई। भाईदूज के दिन भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है. इस दिन बहने अपने भाई को तिलक लगाकर और नारियल देकर सभी देवी-देवताओं से भाई की सुख-समृद्धि और दिर्घायु की कामना करती है. उसके बाद भाई अपनी बहन की रक्षा का वादा करते हैं.मानयता शास्त्रों के अनुसार भगवान सूर्य नारायण और संज्ञा के दो संतानें- एक पुत्र यमराज और दूसरी पुत्री यमुना थी। मगर एक समय ऐसा आया जब संज्ञा सूर्य का तेज सहन कर पाने में असमर्थ होने के कारण उत्तरी ध्रुव में छाया बनकर रहने लगी। जिसके कारण ताप्ती नदी और शनिदेव का जन्म हुआ। उत्तरी ध्रुव में बसने के बाद संज्ञा (छाया) का यम व यमुना के साथ व्यवहार में अंतर आ गया। इससे व्यथित होकर यम ने अपनी नगरी यमपुरी बसाई। वहीं यमुना अपने भाई यम को यमपुरी में पापियों को दंड देते देख दुःखी होती, इसलिए वह गोलोक में निवास करने लगीं लेकिन यम और यमुना दोनों भाई-बहन में बहुत स्नेह था।

हिंदुओं के प्रमुख त्योहार में भाईदूज का भी बहुत महत्व है। भाईदूज का पर्व दीपावली से 2 दिन बाद आता है, इस दिन बहन अपने भाई को तिलक कर उसकी लंबी उम्र के लिए हाथ जोड़कर यमराज से प्रार्थना भी करती हैं। स्कंदपुराण में लिखा है कि इस दिन यमराज को प्रसन्न करने से पूजन करने वालों को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है।इस प्रकार वर्तमान में जिस प्रकार समाज में आएं दिन अजीबोगरीब स्थिति एवं घटनाएं देखने एवं सुनने को मिलती हैं उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि वर्तमान के रिश्ते नातों में वह आदर भाव एवं सम्मान जैसा वातावरण बहुत कम देखने को मिलता है जिस बेहतर और सभ्य समाज की हम परिकल्पना करते हैं। इसी उम्मीद और विश्वास के साथ आज भाई-दूज जैसे पावन पर्व को मानने का औचित्य माना जाता है। अगर हम धरातल पर भी समाज में ऐसे अनेक उदाहरण पेश करने का प्रयास करते हैं, तो वहीं हमें कहीं न कहीं समाज में अपने रिश्ते-नातों के अलावा अन्य जरूरतमंद लोगों एवं समाज के प्रति भी हम कहीं ना कहीं अपनी भूमिका निभाने का प्रयास करें ताकि समाज में आप किसी न किसी रूप में लोगों की उम्मीद एवं विश्वास बनकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। जिस प्रकार समाज में आपसी रिश्ते नातों में वह निस्वार्थ भाव और समर्पण देखने को नहीं मिलता, बल्कि रिश्तों में भी हम कहीं न कहीं स्वार्थ ढूंढते नजर आते हैं। जहां पर अनेक ऐसे उदाहरण वर्षों से देखने एवं सुनने को मिलते हैं, जहां एक भाई के द्वारा ही अपने निजी स्वार्थ के लिए अपनी बहन को मौत के घाट तक उतार दिया जाता है, अर्थात रिश्तों को मानो दिन प्रतिदिन तार-तार किया जा रहा है।

**लेखक : हेमराज राणा**
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

ऐसे भाई बहन के रिश्तों से समाज में कहीं न कहीं एक खौफ का वातावरण पैदा होता जा रहा है, जिस भाई बहन के रिश्ते को सबसे पवित्र और प्यार का प्रतीक माना जाता है, ऐसे पवित्र रिश्तों के प्रति हम सभी का नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम अपने जीवन में भाई-बहन के रिश्ते को बहुत ही आदर भाव एवं प्यार के साथ निभाने का प्रयास करें ताकि भविष्य में समाज में एक सकारात्मक संदेश जाता रहे और आने वाली युवा पीढ़ी भी आपसी रिश्ते-नातों की अहमियत और विश्वास को बनाए रखे, क्योंकि जिस प्रकार आधुनिकता के इस दौर में हम सभी अपने रिश्ते नातों को भूलते जा रहे हैं और अपने व्यक्तिगत जीवन और दिनचर्या में कहीं न कहीं इतने मशगूल




हो चले हैं कि हमारे पास अपने रिश्ते-नातों को निभाने के लिए भी मानों समय ही नहीं है। मात्र हम सोशल मीडिया में ही हरेक त्योहार एवं पर्व को मनाने के लिए शुभकामनाओं का मरहम एवं संदेश भेजकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करते नजर आते हैं, जबकि हमें किसी भी त्योहार एवं पर्व को जमीनी स्तर पर निभाने की परम आवश्यकता है, जिन रिश्तों को हमारे समाज एवं बड़े बुजुर्गों ने सदियों से सलामत रखा है, उसके प्रति हम सभी युवाओं एवं समाज का भी नैतिक जिम्मेदारी एवं कर्तव्य बनता है।

इसके विपरीत ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी हरेक रिश्ता-नाता पूरी ईमानदारी एवं आदरभाव के साथ निभाया जाता है, जबकि शहरों में रिश्ते-नातों एवं पर्वों के प्रति लोगों की सोच बिलकुल बदल चुकी है, जो कि भविष्य के लिए बहुत ही दुखद एवं चिंतनीय विषय माना जाता है, अर्थात शहरों में आपसी रिश्ते मानो नाममात्र के रह गए हों, जिनमें एक दूसरे के प्रति मान-सम्मान, आदर भाव और दुख-सुख से मानो कोई सरोकार नहीं रह गया हो। इस प्रकार हम सभी को भाईदूज जैसे सभी पावन पर्वों की अहमियत और युवाओं को जागरूक करने की परम आवश्यकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# खाटू श्याम मंदिर में श्याम बाबा अनेक रूपों में

देश में बहुत से ऐसे धार्मिक स्थल हैं, जो अपने चमत्कारों व वरदानों के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्हीं में से एक है राजस्थान में शेखावाटी क्षेत्र के सीकर जिले का विश्व विख्यात प्रसिद्ध खाटू श्याम मंदिर। यहां फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को श्याम बाबा का विशाल वार्षिक मेला लगता है। इसमें हर साल देश-विदेश के करीब 30 लाख श्रद्धालु शामिल होते हैं।

खाटू श्याम का मेला राजस्थान के बड़े मेलों में से एक है। इस मंदिर में भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक की श्याम यानी कृष्ण के रूप में पूजा की जाती है। इस मंदिर के लिए कहा जाता है कि जो भी इस मंदिर में जाता है, उन्हें श्याम बाबा का नित नया रूप देखने को मिलता है। कई लोगों को तो इस विग्रह में कई बदलाव भी नजर आते हैं। कभी मोटा तो कभी दुबला। कभी हंसता हुआ तो कभी ऐसा तेज भरा कि नजरें भी नहीं टिक पातीं। श्याम बाबा का धड़ से अलग शीष और धनुष पर तीन वाण की छवि वाली मूर्ति यहां स्थापित की गई है। कहते हैं कि मंदिर की स्थापना महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद स्वयं भगवान कृष्ण ने अपने हाथों की थी। मूल मंदिर 1027 ई. में रूप सिंह चौहान और उनकी पत्नी नर्मदा कंवर द्वारा बनाया गया था। मारवाड़ के शासक ठाकुर के दीवान अभय सिंह ने ठाकुर के निर्देश पर 1720 ई. में मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। मंदिर इस समय अपने वर्तमान आकार पर है और मूर्ति गर्भगृह में प्रतिष्ठापित है। मूर्ति दुर्लभ पत्थर से बनी है।



**लेखक : रमेश सर्राफ धमोरा**
स्वतंत्र लेखक

पिछले वर्ष अगस्त को खाटू श्याम मंदिर में दर्शन करने जा रही तीन महिलाओं की भगदड़ में मौत होने के बाद प्रशासन यहां की व्यवस्था को लेकर पूरा सख्त हो गया। यहां के आम रास्तों को 40 फुट तक चौड़ा किया गया है, जिससे मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा हो रही है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**आजकल** के आधुनिक युग में लोगों की जीवन शैली काफी बदल चुकी है। सुविधाओं से भरपूर जिंदगी की लालसा हर आदमी की इच्छा बन गई है। हालांकि, आधुनिक युग में भागदौड़ तो है, लेकिन यह भागदौड़ जिंदगी को व्यवस्थित नहीं बल्कि अव्यवस्थित कर रही है। इस कारण पहाड़ों के लोगों में मोटापा बढ़ने लगा है, इसका सबसे बड़ा कारण मधुमेह है। हर आदमी हद से ज्यादा मसरूफ है और यही बीमारी का सबसे बड़ा कारण है। छोटी उम्र में लोग बड़ी-बड़ी बीमारियों के रोगी बन गए हैं। ऐसा नहीं कि हम इस अव्यवस्थित जीवन को व्यस्थित नहीं कर सकते हैं। इसके लिए सबसे जरूरी है अपने आप से काउंसिलिंग करना, अपने आप को समझना अपने जीवन को समझना। इसके साथ सबसे जरूरी है, जीवन में नियमित अनुशासन और व्यवस्था को लाना। जब आदमी जीवन को व्यवस्थित करने के लिए इन दो नियमों को लागू कर लेगा, वह रोग मुक्त होने लगेगा, क्योंकि व्यवस्थित जीवन ही मनुष्य को शारीरिक और मानसिक रूप से सही कर सकता है। हमें अपनी दिनचर्या को बदलना होगा। नियमित रूप से व्यायाम करते रहना होगा। आजकल की भागदौड़ की जिंदगी में कुछ समय निकालकर व्यायाम करना जिंदगी का जरूरी हिस्सा बनाना चाहिए।

**-रुचिका शर्मा, दाड़ी ( धर्मशाला )**

# शिक्षा वही जो युवाओं को आजीविका कमाना सिखाए

शिक्षा वही जो आजीविका से जोड़े, अन्यथा बेरोजगारों की फौज खड़ी करने का कोई औचित्य नहीं रह जाता है। सुख की सरकार समग्र शिक्षा अभियान के तहत नौवीं से लेकर 12वीं तक की कक्षाओं के छात्रों को रोजगार युक्त शिक्षा मुहैया करवाने जा रही है। सरकार एक संस्था से मिलकर छात्रों का संपूर्ण व्यक्तित्व विकास किए जाने का खाका तैयार कर चुकी है, जिससे उन्हें नौकरी तलाश करने में कोई परेशानी नहीं आएग। वर्तमान की शिक्षा अपने उद्देश्यों में खरा उतरकर समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करे, इसलिए ही प्रदेश सरकार शिक्षा क्षेत्र मे सुधार किए जाने को लेकर प्रयासरत है।

छात्रों को नैतिक, सेक्स और योग शिक्षा मुहैया करवाए जाने पर जोर दिए जाने की जरूरत है। छात्र सिर्फ किताबी कीड़ा ही बनकर न रह जाए उसके व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास के लिए सांस्कृतिक गतिविधियों, खेलकूद आदि प्रतियोगिताओं में शामिल होना जरूरी है। छात्रों को स्मार्टफोन से दूरी बनाकर रखने से ही वे अपने लक्ष्य की ओर बढ़ सकते हैं। एक दंपती को घरेलू बजट से भी कहीं ज्यादा खर्चा अपने बच्चों की पढ़ाई पर लगाना पड़ रहा है। शिक्षा क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश को बेशक केरल राज्य की तुलना में दूसरा स्थान प्राप्त है, मगर प्रदेश में बेरोजगारों का आंकड़ा करीब दस लाख तक पहुंच चुका है। इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता कि पहाड़ का युवा शिक्षित बनकर कहां तक सफल हो पा रहा है। मंदिर की बगल में शराब ठेका न खोले जाने का कायदा तो मौजूद है, मगर सरकारी स्कूलों के आसपास निजी स्कूल खोले जाने की मान्यता देना क्या सही है। सरकारों ने चप्पे-चप्पे पर निजी स्कूल खोलने की अधिसूचनाएं रेवड़ियों की तरह बांटकर शिक्षा का व्यापारीकरण किया है। आज की शिक्षा इस कदर महंगी बन चुकी है कि बच्चों के अभिभावकों की जेब पर अत्यधिक आर्थिक बोझ बढ़ाए हुए है।

निजी स्कूलों के लिए सरकारों की ओर से बनाएगए नियम मानों सिर्फ फाइलों में ही दफन हैं। सच्चाई तो यह है कि हर स्कूल के अपने अपने कायदे और नियम हैं, जिसके चलते सरकारें मूकदर्शक बनी हुई हैं। वर्तमान समय में शिक्षा अपने उद्देश्यों पर पूर्णतय: खरा नहीं उतर पा रही है, नतीजतन शिक्षित बेरोजगारों की फौज बढ़ती ही जा रही है। युवाओं की भागीदारी सामाजिक कार्यों में बराबर न होने के कारण सामाजिक बुराइयां दिनोंदिन बढ़ती ही जा रही हैं। शिक्षा के मूल दो उद्देश्य माने जाते हैं, एक शिक्षित व्यक्ति का रोजगार से जुड़ना, दूसरा समाज और राष्ट्र का पुनर्निर्माण करना। सच कहा जाए तो एक शिक्षित व्यक्ति सही समय पर रोजगार हासिल नहीं कर पा रहा है। वहीं, सामाजिक बुराइयों के खिलाफ अपनी आबाज बुलंद करने की बजाए कन्नी काटकर खामोश, मायूस, असहाय और अपने आपको कोसने के सिवाए कुछ नहीं कर पा रहा है। ऐसी शिक्षा को ग्रहण करने का क्या औचित्य रह जाता है जो एक शिक्षित व्यक्ति को समय पर रोजगार से न जोड़ सके। अधिकांश शिक्षित युवा रोजगार न मिलने के कारण दूसरे घरेलू कामों में अपने परिवार वालों का हाथ बंटाना पसंद नहीं कर रहे हैं। ऐसे हालात में गुमराह होकर नशे और दूसरी गलत आदतों में पड़कर अपनी जिंदगी बर्बाद करते जा रहे हैं। बेरोजगारी से तंग आकर आत्महत्ताएं तक करने से भी गुरेज नहीं कर रहे हैं। बेरोजगारी किसी घातक कैंसर की बीमारी से कम नहीं है, जो युवा पीढ़ी को अपाहिज बना रही है।



**लेखक : सुखदेव सिंह**
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

शिक्षा का राजनीतिकरण और व्यापारीकरण एक साथ हो रहा, जिसका खामियाजा युवाओं को भुगतना पड़ रहा है। चप्पे-चप्पे पर खुलते निजी स्कूल क्या वास्तव में समय की मांग कहलाए जा सकते हैं। कुछेक नामी स्कूलों को छोड़कर ऐसा लगता कि बाकी अन्य शिक्षा मंदिर की आड़ में अपनी तिजोरियां भरने में मशगूल हैं। बगैर राजनीतिक पहुंच से ऐसे स्कूलों को मान्यता मिलना दिन में सपने देखने के बराबर है।

सरकारी स्कूलों में दिनोंदिन घटती जा रही बच्चों की तादाद के लिए सरकारें खुद जिम्मेदार हैं। स्कूलों में घटती जा रही बच्चों की संख्या को लेकर शिक्षक बर्ग खुद मानसिक परेशानी से जूझ रहे हैं। शिक्षक बनने का सपना संजोने वाले कई युवाओं की इच्छाओं पर पानी फिरता जा रहा है। सरकारों के सभी कायदे कानून ऐसा लगता है कि निजी स्कूलों के ऊपर कभी सही तरह से लागू नहीं हुए हैं। स्कूल प्रबंधन अपनी मनमर्जी अनुसार फीसों व अन्य दूसरे चार्ज बच्चों के अभिभावकों से बसूलकर उनके बजट को हिलाकर रख देता है। रबड़, पेंसिल से लेकर दूसरी सभी बच्चों की जरूरत की चीजें सरेआम बेचकर शिक्षा की आड़ में गोरखधंधा चलाया जा रहा है।

सरकारी स्कूलों में बतौर शिक्षक सेवाएं देने के लिए बीएड, जेबीटी, एमए, एमफिल पास की जरूरत होती है, मगर निजी स्कूलों की स्थिति बिलकुल इसके विपरीत नजर आती है। पैंतीस अंक लेने वालों को पास कर दिया जाता है, लेकिन सरकारी नौकरी के लिए मेरिट नब्बे प्रतिशत होना जरूरी माना जाता है। मेरिट सूची में नाम दर्ज होने के बाबजूद भी आजकल सीधे तौर पर किसी का रोजगार से जुड़ पाना आसान काम नहीं रह गया है। अभिभावक अपना पेट काटकर बच्चों को उच्च शिक्षा ग्रहण यह सोचकर करवाते हैं कि वे खुद आत्मनिर्भर बनकर उनका भी सहारा बनेंगे, मगर सरकारों की नीतियां सही न होने की बजह से आज का युवा सिर्फ मानसिक पीड़ा झेलने को मजबूर है। सरकार को चाहिए कि सरकारी स्कूलों में छात्रों के लिए कंप्यूटर शिक्षा मुफ्त बनाए और प्राइवेट स्कूलों की तरह ही मुलभुत सुविधाएं भी जुटाए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल में दीपावली की रात अग्निकांडों का कहर, दोषी कौन?

दीपावली पर्व पर किन्नौर से लेकर भरमौर तक आगजनी के तांडव से हिमाचल में लोगों के आशियाने जलकर राख हो गए और काफी लोग झुलस गए। शिमला में चार लोगों के हाथ जल गए तथा 9 साल के बच्चे का हाथ व चेहरा जल गया। आग ने भयंकर तांडव किया और पल भर में आंखों के सामने 18 आशियाने जलकर राख के ढेर में तब्दील हो गए। किन्नौर में सिलेंडर में आग लगने से दो लोग झुलस गए। भरमौर के सवाई ककरी गांव में भयंकर आग से तीन मंजिला मकान जल गया।

लोगों के पास सिर्फ वही कपड़े बचे हैं, जो पहन रखे थे, सारा सामान आग की भेंट चढ़ गया। प्रदेश में करीब 85 स्थानों में अग्निकांड की घटनाएं हुई हैं। समाचार पत्रों के अनुसार अग्निकांडों से लगभग 41 लाख 54 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। हर जिले में आग की घटनाएं हुई हैं, कोई भी जिला अछूता नहीं रहा है। अग्निकांड से मकान व पशुशालाएं भी जलकर राख हो गईं। इसके अलावा कई जगहों पर जंगल में आग लगने की घटनाएं पेश आई हैं। प्रदेश के शिमला जिले में 22 आग की घटनाओं में 72 हजार का नुकसान हुआ है, किन्नौर जिले में आग की घटना में दो लोग झुलसे हैं। राजधानी शिमला में 22, सिरमौर में चार घटनाएं, मंडी जिले मे छह , कुल्लू में आग की आठ घटनाएं, बिलासपुर जिले में दो, चंबा जिले में सात, कांगड़ा जिले में 13, हमीरपुर जिले में पांच, सोलन जिले में 11 और ऊना जिले में आग की पांच घटनाएं घटित हुईं।

मंडी में पटाखे चलाते समय 30 से ज्यादा लोग झुलस गए। बल्ह के डहनू में एक गोशाला आग लगने से राख हो गई। आग के कारण घास के लगभग 1500 पूले जल गए। गनीमत यह रही कि कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। प्रतिवर्ष दीपावली पर नुकसान होता है लेकिन लोग सबक नहीं सीखते हैं लापरवाही बरतते हैं और जान जोखिम में डालते हैं। सबक न सीखना लोगों की आदत बन गई है। सरकार को राज्य के प्रत्येक गांव में एक-एक अग्निशमन केंद्र स्थापित करना चाहिए ताकि समय पर आग पर काबू पाया जा सके।



**लेखक : नरेंद्र भारती**
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

अक्सर देखा गया है कि केवल जिला मुख्यालयों पर ही केंद्र होने के कारण दूरदराज के क्षेत्रों में देरी से पहुंचने पर संपति का ज्यादा नुक्सान होता है। जब तक दमकल कर्मचारी पहुचते हैं, तब तक आशियाने राख हो चुके होते हैं।

अगर सरकार हर गांव में केंद्र नहीं खोल सकती है तो गांव में कुछ साहसी युवाओं को अग्निशमन का प्रशिक्षण दिया जाए ताकि आपातकालीन स्थिति में आग की घटनाओं पर काबू पाया जा सके। सरकार को लोगों को जागरूक करने के लिए गांव में जागरूकता शिविरों को आयोजन करना चाहिए। सरकारों को आपदा प्रबधन कमेटियां बनानी चाहिएं ताकि समय रहते आग को बुझाया जा सके। स्कूलों में भी बच्चों को प्रशिक्षित करना चाहिए ताकि ऐसी स्थितियों में बच्चे आग को काबू पाने में अपना योगदान दे सकें। देश में लगभग 90 प्रतिशत मामलों में आग लगने का कारण बिजली का शार्टसर्किट ही सामने आता है। यह समझ नहीं आता कि लोग इतने लापरवाह कैसे हो जाते हैं कि घरों में पुरानी व गल-सड़ चुकी तारों को नहीं बदलते हैं, बाद में चाहे सब कुछ राख हो जाए।

अधिकांश घटनाओं में लोगों की लापरवाहियां सामने आती हैं व सार्वजनिक स्थलों पर भी आग बुझाने के यंत्र तक नहीं होते, जहां हर रोज लाखों लोगों की आवाजाही होती है। लापरवाही बरतने को लेकर शिंकजा कसा जाए तो अग्निकांड की घटनाओं को रोका जा सकता है। सरकारों को चाहिए ऐसे अग्निशमन सेवा सप्ताहों को केवल मात्र औपचारिकता के तौर पर न निभाकर सही रूप में क्रियान्वित किया जाए। सरकार को इस बाबत कारगर कदम उठाने होगें तथा बीते अग्निकांड के दर्दनाक हादसों से सबक लेना चाहिए यदि अब भी इन ममालों की अनदेखी की तो हर दीपावली को लोग अग्निकांडों में जलते रहेंगे और बेमौत मरते रहेंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# रेलगाड़ी की चपेट में आने से 63 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

**रेलवे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेजा**

**अनंत ज्ञान, ऊना**

नंगल-तलवाड़ा ब्रॉडगेज रेल लाइन पर अंबाला कैंट से अंब-अंदौरा जा रही पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से 63 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। यह हादसा पौने 12 बजे ऊना के रायपुर सहोड़ा के समीप हुआ है। घटना की जानकारी मिलने पर रेलवे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेजा।

मृतक की पहचान जोगिंद्र सिंह (63) पुत्र किशन सिंह निवासी वार्ड नंबर तीन, रायपुर सहोड़ा के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार सुबह अंबाला कैंट से पैसेंजर ट्रेन प्रतिदिन की भांति अंब अंदौरा के लिए चली। इस दौरान करीब पौने 12 बजे रायपुर सहोड़ा में पहुंचने पर ट्रेन की चपेट में एक वृद्ध व्यक्ति आ गया, जिसके चलते वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना के दौरान रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से वृद्ध व्यक्ति की पहचान की और पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज किए। रेलवे चौकी ऊना के इंचार्ज अजय ऐरी ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध व्यक्ति की मौत हुई है। शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## छात्राओं को बांटी मिठाई

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमोत्कर्ष संस्था ने संयुक्ता चौधरी हिमोत्कर्ष महिला प्रशिक्षण संस्थान की छात्राओं को दिवाली त्योहार के उपलक्ष्य पर मिठाई बांटी। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष जतिंद्र कंवर व अन्य सदस्यों ने छात्राओं को मिठाई भेंट की और दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी। जतिंद्र कंवर ने कहा कि दिवाली पर्व पर माता लक्ष्मी व गणेश जी की पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि इस दिन हमें बुरी आदतों को छोड़कर नए विचारों को ग्रहण करना चाहिए। इस मौके पर हिमोत्कर्ष संस्था के वरिष्ठ सदस्य बीएल कौशल, रजनीश लूंबा, रंजू बाला, मीना ठाकुर, सोनिया, कमला व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

# करोड़ों के कारोबार के साथ संपन्न हुआ दीयों का त्योहार दीपावली

## व्यापारियों के लिए रहा अच्छा, छिटपुट घटनाओं में मामूली नुकसान भी

**राजेश शर्मा, ऊना**

दीपों के त्योहार दीपावली पर ऊना जिले में व्यापारियों की दृष्टि से अच्छा रहा है। करोड़ों का कारोबार तीन से चार दिनों के बीच हुआ है। काफी समय के बाद बाजारों में रौनक लौटी है। ऊना में करोड़ों के पटाखे बिक्री हुए हैं और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की खरीददारी भी जमकर हुई है। मिठाई से लोग कुछ परहेज करते दिखे, लेकिन देसी घी से बने पकवान कई जगह आकर्षण थे।

मिठाई में मिलावट के बीच कुछ जगह दिवाली में संस्थाओं ने देसी घी के शुद्धता का दावा करते हुए स्टाल लगाए थे। ऐसे स्टॉल्स पर भीड़ भी पहुंची है। कई जगह लोग ऐसी मिठाई पर विश्वास करते हुए नजर आए। हालांकि पटाखों के कारोबारियों ने खूब हाथ रंगे। घटिया और बढ़िया नाम से पटाखों बेच दिए गए, लेकिन हमेशा की तरह गुणवत्ता और ग्रीन दिवाली को ठेंगा ही दिखाया गया। जमकर प्रदूषण भी हुआ, लेकिन उत्साह ऐसा था कि ऊना जिलो में दो दिन पटाखों और रंग-बिरंगी रोशनी से कोना-कोना नहाया हुआ था। घरों को मंदिरों की तरह सजाया गया था। शुक्रवार रात को भी दिवाली जैसा माहौल रहा।



ऊना जिले में कुछ जगह छिटपुट घटनाएं भी हुईं। आग लगने की घटनाओं के छह मामले सामने आए हैं। इनमें लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। इसके अलावा वन संपदा का भी अलग से नुकसान हुआ है, जिसका आकलन विभाग ने दर्ज नहीं किया है। अंब और हरोली विकास खंड को छोड़कर सदर, ऊना, बंगाणा और गगरेट में दीपावली की रात को पटाखे और आतिशबाजी की चिंगारी से जहां गोशालाएं और मक्की के गट्ठे हजारों की संपत्ति स्वाह हुई है। राहत भरी खबर यह भी है कि इस दीपावली पर्व पर किसी भी प्रकार का कोई बड़ा जानी नुकसान नहीं हुआ है, हालांकि इससे पहले सड़क हादसों ने जरूर दहलाया। जिला ऊना के सबसे बड़े क्षेत्रीय अस्पताल में दिवाली पर्व पर पटाखों से झुलसने का कोई भी मामला सामने नहीं आया है।

उधर, गगरेट में एक व्यक्ति की दुकान आग लगने से जल गई और ऊना के मैहतपुर क्षेत्र में भी खेतों में रखी घासनी का सामान आग की भेंट चढ़ा है। बंगाणा में भी दो गोशालाओं में आग लगने से घासनी समेत अन्य सामान जल गया है। इस दौरान दमकल विभाग ने भी मुस्तैदी के साथ अलग-अलग जगह पर घटित हुई घटनाओं पर काबू पाने के लिए जी जान से मेहनत की है, जिससे लोगों को राहत भी मिली है।

कुल मिलाकर ऊना जिला के लिए दिवाली का पर्व संतोषजनक रहा, जिससे क्षेत्र की जनता ने राहत की सांस लेते हुए सुख-समृद्धि, उन्नति और प्रगति की दिवाली पर्व पर मंगलमय की कामना की। क्षेत्रीय अस्पताल ऊना के एमएस डॉ. संजय मनकोटिया के अनुसार दिवाली पर्व पर लक्ष्मी स्वरूप दो कन्याओं ने जन्म लिया है, जिससे दिवाली को लोगों के घर में साक्षात लक्ष्मी आगमन से खुशियां दोगुनी हुई हैं। (अनंत ज्ञान)

## सरकारी एवं निजी स्कूलों को जारी किए निर्देश

# ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन वाले स्कूल ही होंगे साइंस स्किट में शामिल

**जिला स्तरीय 32वां बाल विज्ञान मेला 8 और 9 नवंबर को होगा आयोजित**

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला स्तरीय 32वां बाल विज्ञान मेला 8 और 9 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक ऊना सोमलाल धीमान ने बताया कि इस बार बाल मेला राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बहडाला में आयोजित किया जाएगा।

उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा ने बताया कि जिला स्तरीय बाल मेले में खंड स्तरीय बाल मेले में विभिन्न श्रेणियों की प्रतियोगिता में स्थान अर्जित करने वाले विजेता प्रतिभागी ही शामिल हो सकेंगे।

इस संदर्भ में विभाग ने जिला ऊना के सरकारी एवं निजी स्कूल के समस्त प्रधानाचार्य और मुख्याध्यापक को निर्देश जारी कर दिए हैं, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि पांच खंड स्तरीय बाल विज्ञान मेले में अव्वल रहे विद्यार्थी जिला स्तरीय मेले में भाग लेंगे। इनमें साइंस क्विज (जूनियर, सीनियर और सीनियर सेकेंडरी) में प्रथम, मैथ ओलंपियाड में (जूनियर, सीनियर और सीनियर सेकेंडरी) प्रथम, द्वितीय, तृतीय और ऐनोवेटिव मॉडल (जूनियर और सीनियर) वर्ग में प्रथम व द्वितीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागी जिला स्तरीय बाल विज्ञान मेले में भाग लेंगे।

इसके अतिरिक्त जिन स्कूलों की साइंस स्कीट की ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हुई है, वह प्रतिभागी सीधे जिला स्तरीय बाल विज्ञान मेले में भाग लेंगे।

**क्या कहते हैं अधिकारी :** 32वां जिला स्तरीय बाल विज्ञान मेला 8 और 9 नवंबर को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बहडाला में किया जाएगा। जिला ऊना के समस्त प्रधानाचार्य व मुख्याध्यापक सरकारी एवं निजी स्कूल प्रबंधक को निर्देश दिए हैं, ताकि बाल मेले का सफलतापूर्वक संचालन किया जा सके।
**- सोम लाल धीमान, उपनिदेशक, प्रारंभिक शिक्षा, ऊना**

# विश्वकर्मा मंदिर संतोषगढ़ में धार्मिक समागम जारी, लोगों का उमड़ा हुजूम

**अनंत ज्ञान, ऊना**

नगर परिषद संतोषगढ़ के बाबा विश्वकर्मा मंदिर में 76वां सालाना धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को लेकर कमेटी द्वारा मंदिर को रंग-बिरंगी लाइटों व फूलों से सजाया गया। पहले दिन बाबा विश्वकर्मा मंदिर में कमेटी द्वारा दीप जलाकर शुरुआत की, दूसरे दिन सुबह झंडा रस्म अदा की गई।



विश्वकर्मा मंदिर संतोषगढ़ में श्रद्धालुओं की लगी भीड़।

इसके बाद मंदिर में आए कथा वाचिक व संगीतकारों ने बाबा विश्वकर्मा की महिमा का गुणगान किया। स्टेज सेक्रेटरी भजन सिंह मान ने बताया कि यह धार्मिक कार्यक्रम लगातार 76 वर्षों से मनाया जा रहा है। बाबा विश्वकर्मा मंदिर में माथा टेकने के लिए भक्तों की लाइनें सुबह से ही लगनी शुरू हो गईं। इस मंदिर में व कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए हिमाचल, पंजाब व अन्य राज्यों से बाबा विश्वकर्मा मंदिर में माथा टेकने के लिए आते हैं। तीन दिवसीय इस धार्मिक कार्यक्रम में लगातार लंगर का प्रसाद भी लगाया जाता है।

कार्यक्रम में प्रसिद्ध कथा वाचक एवं संगीतकार भगत गुरदेव सिंह एंड पार्टी धनेट, राम चंद्र रागी एवं पार्टी मल्लपुर सोलन, कुलदीप कोमल एंड पार्टी ऊना, देवी कृष्ण प्रिय दासी पुबोवाल ने विशेष प्रस्तुति दी। वहीं, मंदिर में जगत पिता बाबा विश्वकर्मा की जीवनी पर प्रकाश डाला और ब्रह्मा विष्णु भगवान के बारे में श्रद्धालुओं को बताया। हरे कृष्णा हरे कृष्णा हरे रामा हरे रामा आदि प्रवचन किए। इस मौके पर विश्वकर्मा मंदिर कमेटी संतोषगढ़ के बलदेव सिंह मान प्रधान, कुलदीप सिंह मुख्तियार वरिष्ठ उपप्रधान, कुलदीप सिंह मान (विक्की) उपप्रधान, प्रमेंद सिंह मान सचिव एवं कोषाध्यक्ष, अर्जुन सिंह मान उपसचिव, भजन सिंह मान मंच सचिव, रमेश चंद धीमान उपमंच सचिव, मनदीप सिंह मान उपमंच सचिव सहित अन्य मौजूद रहे।

# दुघार तनोह में क्रिकेट प्रतियोगिता में 18 टीमें होंगी आमने-सामने

**विजेता को 15 हजार और उपविजेता को मिलेंगे 11 हजार इनाम स्वरूप**

**विनोद शर्मा, लठियानी**

उपमंडल बंगाणा की तनोह पंचायत के कृष्ण युवक मंडल दुघार तनोह के सौजन्य से पथरू प्रीमियर लीग फाइव क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन पथरू खेल मैदान में आयोजित किया जा रहा है। दूसरे दिन के मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत समिति सदस्य जोगिंद्र देव आर्य, वशिष्ठ अतिथि के रूप में भारतीय किसान संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष दिलबाग सिंह उपस्थित रहे।

इस मौके पर विनोद शर्मा, सतपाल शर्मा, कृष्ण कुमार, दीपक शर्मा, रणजीत सिंह, अंकुश, कुबेर सिंह, अंकित शर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।। इस प्रतियोगिता में ऊना जिले की 18 टीमें भाग ले रही हैं। विजेता टीम को 15000 का नकद पुरस्कार दिया जाएगा उपविजेता को 11000 नकद इनाम स्वरूप दिए जाएंगे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों का परिचय लेकर की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जोगिंद्र देव आर्य ने खिलाड़ियों को खेल को खेल की भावना से खेलने का आह्वान किया।

खेल की भावना से प्रतिभा को निखरने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि हर इंसान के अंदर एक खिलाड़ी होना चाहिए। जीवन में एक खेल को जरूर अपनाना चाहिए। एक अच्छा खिलाड़ी अपने खेल के माध्यम से अपने परिवार व देश का नाम गौरवान्वित करता है। (अनंत ज्ञान)

# दुलैहड़ में श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ पर निकाली शोभायात्रा



हरोली क्षेत्र के गांव दुलैहड़ के गोविंद धाम गोशाला में स्थापित श्री राधे कृष्ण मंदिर में शोभायात्रा निकाली गई।

**अनंत ज्ञान, हरोली**

हरोली क्षेत्र के गांव दुलैहड़ के गोविंद धाम गोशाला में स्थापित श्री राधे कृष्ण मंदिर में शोभायात्रा निकाली गई।

धार्मिक यात्रा वृंदावन से आई कथा व्यास कृष्णा भारद्वाज संग निकाली गई। कलश यात्रा में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान राधे कृष्ण के भजनों का गुणगान पूरे गांव किया गया। यात्रा गांव से होती हुई गोपाल गोशाला मंदिर में समाप्त हुई। समागम के आयोजक पंडित किशोरी लाल ने बताया श्री राधे कृष्ण मंदिर दुलैहड़ में 3 से 9 नवंबर तक श्रीमद् भागवत साप्ताहिक कथा रोजाना सुबह 11 से दोपहर 2-30 दोपहर तक होगी। कथा उपरांत हर रोज लंगर की व्यवस्था होगी ।9 नवंबर को कथा सप्ताह समाप्ति पर विशाल भंडारे का अयोजन भी होगा। उन्होंने धार्मिक समागम का लाभ उठाने के लिए श्रद्धालुओं को निमंत्रण दिया है ।

# फार्मेसी ऑफिसर (एलोपैथी) के भरे जाएंगे 19 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हिमाचल प्रदेश द्वारा भूतपूर्व सैनिकों से फार्मेसी ऑफिसर (एलोपैथी) के 19 पद बैच आधार पर भरे जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों में भूतपूर्व सैनिकों की अनारक्षित श्रेणी से 10 पद दिसंबर 2006 बैच तक, एससी श्रेणी से 5 पद जून 2004 बैच तक, एसटी श्रेणी में 1 पद जून, 2004 बैच तक और ओबीसी श्रेणी से 3 पद अप्रैल 2019 बैच तक भरे जाएंगे।

अक्षय शर्मा ने बताया कि ऊना जिला के भूतपूर्व सैनिक जोकि फार्मासिस्ट (एलोपैथी) के उपरोक्त श्रेणी और बैच की पात्रता रखते हैं, वे अपना नाम 10 नवंबर से पहले संबंधित रोजगार कार्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर दर्ज करवा लें। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय के दूरभाष नंबर 01975-226063 पर संपर्क कर सकते हैं।

# तीन सड़क हादसों में चार लोग घायल

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिले के मैहतपुर, भैरा और बसाल में तीन अलग-अलग सड़क हादसे हुए हैं। तीनों हादसों में घायल हुए व्यक्तियों को नंगल और क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शिकायत के बाद सभी मामलों में केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस थाना अंब के तहत भैरा में बाइक को कार ने टक्कर मार दी। शिकायत में सुरेंद्र सिंह निवासी भैरा ने बताया कि वीरवार रात अपनी स्वीट शॉप के बाहर मौजूद था। एक मोटरसाइकिल अंब की तरफ से भैरा संपर्क मार्ग की ओर जाने लगी तो ऊना की तरफ से आई तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इसमें मोटरसाइकिल चालक अरुण कुमार निवासी भैरा घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से उसे क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में भर्ती कराया गया। अन्य मामले में प्रेम चंद निवासी लोअर बसाल ने पुलिस को शिकायत में बताया कि मंगलवार रात ऊना की तरफ से एक तेज रफ्तार कार आई। कार ने सड़क किनारे कच्चे रास्ते में आकर टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने शिकायत में आरोपों अनुसार बसदेहड़ा निवासी अनुराग के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस दोनों मामलों में आगामी कार्रवाई में जुटी हुई है।

नंगल-ऊना मुख्य मार्ग पर पड़ते नंगल के गांव कलसेहड़ा के निकट एक कार डिवाइडर से टकराकर सड़क के बीचोंबीच पलट गई। इस हादसे में दो लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए नंगल के एनएफएल अस्पताल ले जाया गया। यहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार देने के उपरांत पीजीआई चंडीगढ़ के लिए रैफर कर दिया। यह घटना तड़के लगभग चार बजे के करीब बताई जा रही है। कार सड़क के बीचोंबीचे बने डिवाइडर पर चढ़ी और डिवाइडरों में लगे लोहे के ऐंगल तोड़ते हुए गलत साइड काफी दूरी पर जाकर गिरी। गांव के सरपंच गुलशन कुमार ने कहा कि उसे सवा चार बजे फोन आया तो मौके पर पहुंच कर देखा कि दो व्यक्ति कार से बाहर गंभीर हालात में पड़े हुए थे। इसी दौरान उनके परिचित लोग आए, तो दोनों घायलों को कार में बैठाकर ले गए। सरपंच गुलशन कुमार ने कहा कि हो सकता है कि कार चालक को नींद आ गई हो, जो हादसे का कारण बना।

वहीं, थाना प्रभारी नंगल इंसपेक्टर राहुल शर्मा ने कहा कि एनएफएल अस्पताल से मिली सूचना के हिसाब से दोनों घायल सैहजोवाल के रहने वाले हैं, जिनकी पहचान राजेश कुमार और हरिकिशन के तौर पर हुई है और फिलहाल दोनों उपचार के लिए पीजीआई चंडीगढ़ रैफर किए गए हैं।

## सीआईडी और पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर की बड़ी कार्रवाई

# ऊना में पकड़ा नकील पनीर, जांच के लिए लैब भेजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

नकली दूध और पनीर के साथ ऊना जिला का नाता पुराना रहा है। काफी समय के बाद फिर से ऐसे सामान के जिले में पहुंचने की खबरें आ रही हैं। त्योहारों की आड़ में कुछ जगह जानवरों की चर्बी के इस्तेमाल की अफवाह भी रही। अफवाह ऐसे ही उड़ने वाली भी नहीं थी। कुछ तो रहा होगा, और इसकी पुष्टि अब एक सनसनी फैलाने वाली घटना ने कर दी है।

एक कार में सैकड़ों किलोग्राम पनीर और कुछ ऐसा सामान किसी होटल में जा रहा था, इसकी भनक पुलिस को लग गई और त्योहार बीतने के बाद सैंपल भी ले लिया गया। अब पनीर का सैंपल जांच के बाद पता चलेगा, तो क्या तब तक वह पनीर या जिन दुकानों से मिठाई का सैंपल लिया गया है, वे बिकते रहेंगे। सवाल बहुत जन्म ले रहे हैं, लेकिन संतुष्टि इस बात की है कि सैंपल का रिजल्ट कब लौटेगा? बता दें कि जिले में पंजाब से पनीर और देसी घी को लेकर पहुंची एक कार को सीआईडी व पुलिस ने डंगोली के पास पकड़ा था। वीरवार सुबह हुई इस कार्रवाई में उक्त कार में 326 किलो पनीर और 18 किलो देसी घी गाड़ी की डिग्गी में रखा मिला। अब इतनी बड़ी खेप मिलने के बाद जांच तो तय थी। ऐसा ही हुआ और जो पता चला उसमें यह खेप जिले के कई बड़े होटलों और मिठाई उत्पादकों तक पहुंचाई जानी थी। सीआईडी की तरफ से इस मामले की जानकारी खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम को दी गई।

टीम ने कार में रखे पनीर और देसी को कोल्ड स्टोर में रखवाकर उसके सैंपल जांच के लिए कंडाघाट लैब भेजे हैं। इसकी रिपोर्ट आना शेष है। जिले में भारी मात्रा में बाहरी राज्यों से दूध से संबंधित वस्तुओं की सप्लाई होती है। ऐसे में कई बार बाहरी क्षेत्रों से आने वाले इन उत्पादों में मिलावट होने की आशंका भी सबसे अधिक रहती है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि पंजाब के कुराली क्षेत्र की एक निजी कार में सैकड़ों किलोग्राम पनीर और देसी घी भरा है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने कार में रखे पनीर व देसी घी को जब्त कर कोल्ड स्टोर में रखवा दिया है। जानकारी के मुताबिक अगर असली पनीर और दूध से बने उत्पाद एक से दूसरे स्थान पर दूर भेजे जाते हैं तो बंद वातानुकूलित वाहनों का इस्तेमाल होता है। नियम अनुसार इस प्रकार के उत्पादों की सप्लाई छोटे मालवाहक वाहनों में ही होती है। इन वाहनों में फ्रीजिंग सिस्टम आदि की व्यवस्था भी रहती है, लेकिन इस मामले में निजी कार में इन उत्पादों की सप्लाई की जा रही थी, जो कि अपने आप में कई सवाल खड़े कर रही है। यह आपूर्ति जिले के कई बड़े होटलों व मिठाई उत्पादकों तक पहुंचाई जानी थी।

इस मामले पर खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त जगदीश धीमान ने बताया कि एक गाड़ी में पनीर व देसी घी पकड़ा गया है। इस मामले की जांच की जा रही है। सैंपल की रिपोर्ट आने तक यह सारा सामान कोल्ड स्टोर में रखवा दिया गया है और अब जांच की जा रही है कि यह सामान कहां-कहां सप्लाई किया जाना था, की जानकारी जुटाई जा रही है। सैंपल की जांच से पता चल पाएगा।

**अंदाज** — डीसी ऊना का प्रवासी बच्चों संग दिवाली मनाने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर खूब हुआ वायरल

# आम लोगों के बीच बनाई अपनी खास पहचान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

ऊना के डीसी जतिन लाल ने अपने अनोखे अंदाज में गैर आवासीय प्रवासी बच्चों के बीच दिवाली का पर्व मनाया। उनका यह अच्छा कदम मिसाल बनने जा रहा है। उनकी सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ हो रही है और जिस तरह से वे आम लोगों के खास बने हैं, यह किरदार अलग पहचान बनता जा रहा है।

डीसी ऊना ने सामाजिक सरोकारों को अपनाते हुए 400 बच्चों को प्रीति भोज भी दिया । कार्यक्रम शिक्षा सुधार समिति ईसपुर के सौजन्य से नोण मंदिर में किया गया। दिवाली मनाने डीसी महोदय अपनी माता कमलेश देवी, पत्नी रेनू व पुत्र विहान समेत प्रवासी बच्चों के बीच पहुंचे। शिक्षा सुधार समिति ईसपुर के संस्थापक ओपी डोगरा, उनकी बेटी मिन्नी डोगरा, अध्यक्ष चित्तविलास पाठक, महासचिव सुच्चा सिंह कंग, जगत राम शास्त्री आदि ने डीसी ऊना का स्वागत किया और समिति के शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों को बताया गया। समिति द्वारा कम अध्यापकों वाले स्कूलों अपने खर्चे पर रखे 42 अध्यापकों के भविष्य को लेकर मामला सरकार के समक्ष उठाने की मांग की है।



यह वह गैर आवासीय प्रवासी बच्चों का संस्थान हैं जहां सैकड़ों बच्चे अक्षर ज्ञान सीख रहे हैं।

इस दौरान डीसी ऊना ने समिति के शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयास सराहे। इस दौरान अपनी ओर से 400 प्रवासी बच्चों को प्रीति भोज करवाया और खुद व परिवार ने बच्चों के बीच बैठकर खाने का आनंद उठाया। बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। बच्चों ने खेलें व सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर खूब तालियां बटोरीं। बच्चों को सम्मानित किया गया । पंजाबी व पहाड़ी गानों पर डीसी ऊना बच्चों संग खूब थिरके, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया में खूब छाया हुआ है, जिसका हर कोई तारीफे करते नहीं थक रहा है।

## खूब हो रही खरीदादारी



ऊना। दिवाली की विशेष उपहार योजना के तहत बंगाणा के समीप कोटला डोहगी सहकारी सभा द्वारा बिक्री के लिए रखे गए उत्पाद, जिनकी खूब खरीददारी हो रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### गुरिल्ला संघ जिला कुल्लू की बैठक कल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** एसएसबी गुरिल्ला संघ कुल्लू की मासिक बैठक ढालपुर कुल्लू मे 4 नवंबर सोमवार को होगी। इस बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष प्रेम राणा करेंगे। बैठक मे विशेष रूप से राष्ट्रीय कार्यकारणी के चेयरमैन प्रीतम ठाकुर रहेंगे। राणा ने बताया कि बैठक में कोर्ट में लगी याचिका के बारे भी विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कोर्ट केस की सुनवाई की 26 नवंबर मंगलवार की है। इसमें जो जिला कुल्लू के हिस्से की कोर्ट फीस बनती है उसे भी जमा करना है जिन-जिन की कोर्ट फीस अधुरी है वे सोमवार को जमा करें, अन्यथा उनका नाम कोर्ट लिस्ट से हटाया जाएगा।

### कैडेट्स हमारे राष्ट्र के भावी नेताः कुणाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** एक एचपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी यूनिट ने समुदाय सेवा और कैडेट विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान के रूप में कई महत्वपूर्ण गतिविधियों की श्रृंखला का आयोजन किया। यूनिट कमांडिंग अफसर विंग कमांडर कुणाल शर्मा ने कहा कि हमारे कैडेट्स हमारे राष्ट्र के भावी नेता हैं। ऐसी




विकास की गतिविधियों के माध्यम से, हम समुदाय सेवा, टीमवर्क और आत्म-नियंत्रण के मूल्यों को स्थापित करते हैं। उन्होंने बताया कि यूनिट की बहुमुखी पहलों ने समुदाय सेवा और कैडेट विकास में उत्कृष्टता के प्रतीक के रूप में इसकी स्थिति को मजबूत किया है। गत माह के दौरान उनके द्वारा किए गए कुछ विशेष कार्यक्रमों में यूनिट ने विभिन्न संस्थानों के 800 से अधिक प्रतिभागियों के साथ एक विशाल सफाई अभियान आयोजित किया, जिसमें 1.7 टन कचरा और मलवा सार्वजनिक क्षेत्रों से एकत्र किया गया। कैडेट्स ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया, युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित किया।

# भगवान रघुनाथ जी के मंदिर में धूमधाम से मनाया अन्नकूट पर्व

## चावलों के ढेर से बनाए पर्वत पर रघुनाथ जी को बिठाकर की पूजा-अर्चना

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

जिला कुल्लू के अधिष्ठाता भगवान रघुनाथ की नगरी रघुनाथपुर में शनिवार को परंपरागत तरीके से अन्नकूट पर्व मनाया गया। इस दौरान चावलों का पर्वत बनाकर भगवान रघुनाथ जी को उस पर विराजमान किया और उसके बाद विशेष पूजा-अर्चना हुई। भगवान रघुनाथ जी के जयकारों के बीच मंदिर में श्रीराम के भजन-कीर्तन का दौर भी चलता रहा।

अन्नकूट पर्व की इस रस्म को निभाने के बाद रघुनाथ जी को पवित्र स्नान करवाया गया और उसके बाद भोग लगाया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं क लिए भंडारे का आयोजन हुआ। इस मौके पर घाटी सहित जिलाभर के श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भगवान रघुनाथ के मंदिर पहुंचकर आशीर्वाद लिया। भगवान रघुनाथ जी के पुरोहित



अन्नकूट पर्व के मौके पर परंपरा का निर्वहन करते पुजारी।

कमल किशोर ने बताया कि मंदिर में हर साल इस पर्व को धूमधाम से मनाया जाता है। अन्नकूट पर्व को गोवर्धन पूजा के नाम से भी जाना जाता है। जिस तरह से भगवान कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को उठाकर गौवंश व ग्वालों की रक्षा की थी। उसी तरह कुल्लू में मनाए जाने वाले अन्नकूट त्योहार को भी गोवर्धन पूजा से जोड़ा जाता है। अन्नकूट के दिन हर साल भगवान रघुनाथ जी को नए अनाज का भोग लगाया जाता है। मान्यतानुसार इस दिन भगवान रघुनाथ को नया अनाज चढ़ाए जाने से भगवान रघुनाथ जी फसलों की रक्षा करते हैं और अन्न की कमी न होने का आशीर्वाद भी देते हैं। अन्नकूट त्योहार हर वर्ष दिवाली के दूसरे या तीसरे दिन मनाया जाता है, जिसके लिए शास्त्र पद्धति के अनुसार दिन का चयन किया जाता है। मंदिर पहुंचे श्रद्धालु अंशुल पराशर, विमला ठाकुर, नैना शर्मा व अन्य ने बताया कि वे कई सालों से इस उत्सव के लिए भगवान रघुनाथ के मंदिर आते हैं और प्रसाद ग्रहण कर भगवान की पूजा-अर्चना करते हैं।

वहीं, भगवान रघुनाथ जी के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह ने कहा कि भगवान रघुनाथ जी के कुल्लू में पदापर्ण के बाद से मंदिर में गोवर्धन पूजा (अन्नकूट) द्वापर युग से की जा रही है। भगवान के सालभर मनाए जाने वाले मुख्य 40 पर्वों में से अन्नकूट पर्व भी एक है। यह उत्सव नई फसल के निकलने के बाद भगवान रघुनाथ जी को नए अनाज का भोग लगाने के लिए मनाया जाता है।

उन्होंने बताया कि वर्षभर मनाए जाने वाले रघुनाथ जी के 40 पर्व में से अन्नकूट भी एक पर्व है। लिहाजा, रघुनाथपुर कुल्लू में इस परंपरा का परंपरागत तरीके से निवर्हन किया गया। (अनंत ज्ञान)

# दिवाली खत्म, अब भैयादूज के लिए सजे कुल्लू के बाजार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो,कुल्लू**

जिला कुल्लू में दिवाली का त्योहार संपन्न होते ही भाई-बहन के पवित्र रिश्ते भैयादूज को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। शनिवार को जिलाभर के बाजारों में खरीददारी को लेकर खूब रौनक दिखी। बहनें जहां अपने भाइयों को तरह-तरह की गिफ्ट लेने में व्यस्त दिखी, वहीं भाई भी बहनों के लिए कपड़े, सोने-चांदी की चीजें और अन्य सामान लेने में मशगूल रहे। हालांकि, जिला के अन्य बाजारों में ग्राहकों की खूब चहल-पहल रही, लेकिन कुल्लू के बाजार इन दिनों सूने पड़े हैं क्योंकि ढालपुर में अभी तक व्यापारिक मेले की धूम मची हुई है और लोग बाजारों से कम ही खरीददारी कर रहे हैं।

इसके कारण जिला मुख्यालय कुल्लू के लोअर ढालपुर, अखाड़ा बाजार, सरवरी, गांधीनगर की स्थायी दुकानों में इतनी भीड़ नहीं दिखी जितनी कि ढालपुर में सजे मेले में लोगों का तांता लगा रहा है। अब यह व्यापारिक मेला दो-तीन दिनों में उठने वाला है और बाजारों से कम दाम में यहां पर एक छत के नीचे लोगों को जरूरत का हर तरह का हर सामान सस्ते दामों में उपलब्ध हो रहा है। कुल्लू में सजे इस व्यापार मेले में सबसे अधिक गर्म कपड़ों की खरीद-फरोख्त हो रही है और बाहरी राज्यों से आए व्यापारी खूब चांदी कूट रहे हैं।

व्यापारी डेविल का कहना है कि वह पिछले काफी वर्षों से अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में दुकान लगाते हैं। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिला में दशहरा उत्सव के दौरान हर वर्ष गर्म कपड़ों का ही करोड़ों रुपए का कारोबार होता है और व्यापारी भी इस उत्सव में अपनी दुकान लगाकर खुश होते हैं। उन्होंने बताया कि यहां पर छोटे से लेकर हाई प्रोफाइल लोग तक फ्ली मार्केट में गर्म कपड़ों की खरीददारी करते हैं। कुल्लू में सजे व्यापार मेले में हर दिन लोगों की संख्या में इजाफा हो रहा है और ढालपुर सहित अन्य मैदानों में ग्राहकों का खूब तांता लगा हुआ है, इससे व्यापारियों के भी चेहरे खिल उठे हैं। लिहाजा, दिवाली पर्व संपन्न होते ही कुल्लू जिला के बाजारों में शनिवार को भैयादूज को लेकर खूब खरीदारी हुई और आज जिला में धूमधाम स्व भैयादूज पर्व मनाया जाएगा।

# देवताओं की भव्य शोभायात्रा के साथ सिराज उत्सव लवी मेले का आगाज

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**



उपमंडल मुख्यालय आनी में शनिवार को देव आगमन के साथ तीन दिवसीय सिराज उत्सव लवी मेले का आगाज हो गया, जबकि मेले का विधिवत शुभारंभ प्रदेश सरकार में सीपीएस मोहन लाल ब्रागटा ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में देवताओं से आशीर्वाद लेकर किया।

मेला कमेटी की ओर से अध्यक्ष यूपेंद्र कांत मिश्रा ने उन्हें टोपी, शॉल पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के साथ एसडीएम आनी नरेश वर्मा, डीएसपी चंद्र शेखर कायथ, बंसी लाल, एक्सईएन किशोर शर्मा, कार्यकारी बीडीओ विनोद कटोच, बीएमओ डॉ. भागवत मेहता आदि मौजूद रहे। इन सभी अतिथियों का भी मेला कमेटी ने स्वागत किया। मेले में क्षेत्र के आराध्य गढ़पति देवता शमशरी महादेव, देवता पनेउई नाग व देवता कुलक्षेत्र महादेव ने देव वाद्य यंत्रों की थाप पर अपने कारकूनों व सैकड़ों देवलूओं संग बाजार में शोभायात्रा के साथ मेले में शिरकत की। देवताओं ने इस दौरान देव नृत्य भी किया, जिससे आनी क्षेत्र का वातावरण देवमय हो गया। कमेटी ने मेले में पधारे सभी अतिथि देवताओं का देव परंपरा अनुसार भव्य स्वागत किया। इस दौरान सरस्वती विद्या मंदिर, एलपीएस और ब्रह्मा आईटीआई आनी के छात्र-छात्राओं ने अपनी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति से खूब छटा बिखेरी। मिश्रा ने आनी लवी मेला सिराज उत्सव के इतिहास पर प्रकाश डाला और कहा कि स्थानीय ईष्ट देवी-देवताओं के आशीर्वाद से लवी मेला 20वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है, जो क्षेत्र के लिए खुशी की बात है।

उन्होंने कहा कि मेले हमारी प्राचीन संस्कृति के धरोहर है, जिन्हें सजोये रखना हमारा परम कर्तव्य है। इस मौके पर मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में लोगों को सिराज उत्सव लवी मेले की बधाई दी और कहा कि मेले एवं त्योहार हमारी संस्कृति के धरोहर हैं, जिन्हें सजोये रखना भावी पीढ़ी का परम कर्तव्य है। उन्होंने मेले के सफल आयोजन के लिए हरसंभव सहयोग देने की बात कही। इस मौके पर मेला कमेटी के सतपाल ठाकुर कुक्कू, चंद्र मोहन सूद, महेंद्र ठाकुर, रमेश ठाकुर, मंगत राम, धनी राम ठाकुर, प्रधान बॉबी ठाकुर, गुमत राम राणा, किशोरी लाल, अजय गोस्वामी, सुनील, काका, नवनीत तथा राजेश ठाकुर सहित मेला कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# डुघीलग में पानी की पाइप को 7 जगह से काटा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू जिला के लगवैली के अंतर्गत आने वाले डुघीलग पंचायत के पांच गांवों में इन दिनों लगभग चार महीनों से पेयजल संकट गहराया हुआ है, जिस कारण ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के बारे में संबंधित विभाग को बार-बार शिकायत करने के बाद भी पेयजल समस्या का कोई स्थायी हल नही निकल पाया है।

इस दौरान प्रधान सहित विभिन्न महिला मंडलों, युवक मंडलों ओर स्थानीय ग्रामीणों को साथ लेकर नवींतोड़ बलासी में पेयजल आपूर्ति को लेकर निरीक्षण पर निकले तो मामला काफी चौंकाने वाला निकला और मौके पर जाकर देखा तो पाया कि ग्रामीणों के पेयजल आपूर्ति के लिए लगाई गई पाइपों को 7 जगह से अज्ञात लोगों के द्वारा काटा गया था जिस कारण पेयजल ग्रामीणों तक पहुंच नही पा रहा था। शनिवार को प्रधान के साथ निकले डुगीलग पंचायत के करीब 52 महिलाओं और पुरुषों के साथ-साथ



कटी हुई पाइपों का निरीक्षण करते ग्रामीण।

विभाग के कर्मचारी और पानी की योजना के ठेकेदार कंपनी के लोग भी मौजूद थे।

योजना के निरीक्षण के दौरान पाया कि पाइपों को अलग-अलग जगह से काट कर पानी को खेतों के लिए मोड़ा गया है और उससे खेतों की सिंचाई चल रही थी। जिसके चलते प्रधान और ग्रामीणों महिलाओं ने कड़ा संज्ञान लिया है और विभाग से कार्रवाई करने की मांग की है। ग्रामीण महिलाओं के अनुसार उन्होंने इससे पहले कई बार विभाग के अधिकारियों को पेयजल संकट से संबंधित जानकारी दी और जल संकट दूर करने का आग्रह किया लेकिन विभाग उनकी मांगों को लगातार अनसुना कर रहा था। गौर रहे है कि डुघीलग पंचायत के सुमा, भालठा, छुरला, बलासी और डुघीलग गांवों में चार महीनों से लगातार पेयजल संकट चल रहा है। प्रधान रजनी के साथ लक्ष्मी महिला मंडल डुघीलग की प्रधान मीरा देवी, वार्ड पंच एवं भागासिद्ध महिला मंडल की प्रधान मनोरमा देवी आदि मौजूद थे।

> ग्रामग से डुघीलग की पानी की योजना सप्लाई की पाइपों को काटा गया था जिस कारण डुघीलग पंचायत के गांवों में पानी की समस्या पैदा हुई थी, लेकिन शनिवार को विभाग, योजना के ठेकेदार और पंचायत के लोगों ने संयुक्त रूप से परियोजना का निरीक्षण किया है, जिसमें पाईपें काटी हुई पाई गई है, विभाग इसे ठीक कर पानी की सप्लाई सुचारु करेगा, ताकि लोगों को पानी उपलब्ध हो सके।
>
> **अमित मेरूपा, एक्सईएन, जल शक्ति विभाग।**

### 5 दिन बाद भी दुर्घटना को अंजाम देने वाले फरार चालक का नहीं मिला सुराग

**पतलीकूहल।** कुल्लू-मनाली नेशनल हाईवे-03 पर एक वाहन बीते मंगलवार को एक राहगीर को टक्कर मार कर फरार हो गया है। पांच दिन बीतने के बावजूद भी फरार चालक को ढूंढने में पुलिस नाकाम रही है। बता दें कि मंगलवार को कुल्लू-मनाली एनएच पर तेज गति से जा रही एक हुंडई कार चालक ने दवाड़ा में एक राहगीर को टक्कर मार कर घायल किया और खुद कार समेत फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इस दुर्घटना की सूचना पुलिस थाना पतलीकूहल को दी। पुलिस ने इस घटना पर अज्ञात व्यक्ति कर खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इस दुर्घटना में घायल तनुज पुत्र अमर चंद निवासी गांव शिम डाकघर डोभी को उपचार के बाद पतलीकूहल हॉस्पिटल से घर भेजा गया है। इस घटना में तनुज की दोनो टांगों व पीठ में चोट लगी है। उधर, थाना प्रभारी रजत कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस मामले में छानबीन कर रही है। गाड़ी शिमला में पंजीकृत है। आगामी एक दो दिनों में वाहन मालिक के शिमला वाले पते पर पुलिस दबिश देगी।



सीसीटीवी कैमरे में कैद आरोपी की गाड़ी।

# श्रीखंड महादेव की यात्रा करवाएंगे प्रशिक्षित गाइड

**अनंत ज्ञान, तीर्थन**

जिला कुल्लू में पंजाब नेशनल बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवक युवतियों के लिए शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया है। इसी कड़ी में निरमंड खंड के अंतर्गत आने वाले धाराबाग गांव में 35 ग्रामीणों को दस दिन तक यात्रा व पर्यटक गाइड का निशुल्क प्रशिक्षण दिया गया।



कार्यक्रम के समापन पर प्रशिक्षु व अन्य गणमान्य लोग।

गौरतलब है कि कुल्लू जिले के पर्यटन संभावित क्षेत्रों में आरसेटी द्वारा यात्रा एवं पर्यटक गाइड का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हाल ही में तीर्थन घाटी के गुशैनी में भी करीब 70 युवक-युवतियों को यह प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जिन क्षेत्रों में पर्यटक गतिविधियां अधिक हैं वहां पर महिला ट्रैकिंग गाइड की भी अत्यधिक मांग रहती है। इसको ध्यान में रखते हुए निरमंड क्षेत्र की 6 महिलाओं को भी इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ।

पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान कुल्लू का मुख्य उद्देश्य इस क्षेत्र में पड़ने वाले उत्तर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्रीखंड महादेव की सुरक्षित यात्रा करवाना है। जिला प्रशासन द्वारा हर साल सितंबर माह में यह यात्रा करवाई जाती है, जिसमें हर साल कोई न कोई दुर्घटना होती रहती है। इसलिए लोगों की यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए यहां पर ट्रैकिंग गाइड का कार्य कर रहे युवाओं को प्रशिक्षण के माध्यम से एक सफल गाइड बनाने की कोशिश की गई है।

ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कुल्लू के कार्यक्रम समन्वयक सौरभ उपाध्याय ने बताया कि सभी प्रतिभागियों को ट्रैकिंग गाइड का व्यवसाय अपनाने के लिए प्रेरित किया गया है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी कुल्लू के निदेशक चंद्र नारायण सिंह बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के बाद सभी इच्छुक प्रतिभागियों को 2 साल तक अपना उद्यम स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाएगी। मुख्यातिथि द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# मनाली में नप अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का पद रिक्त, विकास कार्य प्रभावित

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मनाली में नप अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद रिक्त होने से विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। नप के दोनों पद लोगों के विकास कार्यो के लिए अहम रोल अदा करते हैं, लेकिन राजनीति का शिकार होने के चलते इस घटनाक्रम में मनाली की जनता पिस रही है।

कानूनी दाव-पेच के चलते मनाली नप के दोनों ही पद पिछले डेढ़ महीने से खाली चल रहे हैं। मनाली नप में कुल सात वार्ड हैं, जहां इन दिनों विकास कार्य पूरी तरह से ठप पड़ा है और माल रोड के सौंदर्यीकरण का कार्य भी अधर में लटका है। नप मनाली में जो राजनीतिक घटनाक्रम हुआ है वह भाजपा की अंदरूनी खींचतान का नतीजा है, जिस का खामियाजा आम लोगों को उठाना पड़ रहा है। निवर्तमान अध्यक्ष चमन कपूर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आने के बाद 26 अक्तूबर को मनाली नप अध्यक्ष पद का चुनाव होना था और मनोज लारजे ने अध्यक्ष के लिए नामांकन भी भरा था। उनके नामांकन पर आपत्ति जताई गई कि उपाध्यक्ष पद पर होते हुए अध्यक्ष का चुनाव नहीं लड़ सकते।

इसी को लेकर चमन कपूर ने चुनाव प्रक्रिया को ले कर शिकायत पत्र चुनाव अधिकारी को दे दिया। इसी को आधार मान कर चुनाव अधिकारी ने नप चुनाव पर रोक लगा दी। एक सप्ताह गुजर जाने के बाद भी अभी तक कोई फैसला नहीं हो पाया, वहीं उपाध्यक्ष पद पर भी कोई फैसला नहीं हुआ है। लारजे ने कहा कि राजनीतिक दवाब के कारण नप के चुनाव को लटकाया जा रहा है।

# हिमतरु साहित्यिक समारोह में जुटेंगे साहित्यकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमतरु प्रकाशन समिति द्वारा 9 नवंबर को जिला मुख्यालय ढालपुर स्थित जिला परिषद सभागार में एकदिवसीय साहित्यिक, पुस्तक लोकार्पण समारोह एवं चित्रकला व पुस्तक प्रदर्शनी को आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम कला संस्कृति भाषा अकादमी शिमला के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें दो महत्वपूर्ण पुस्तकों का लोकार्पण होगा तथा समारोह में देश-प्रदेश से आमंत्रित साहित्यकार एवं शिक्षाविद अपना वक्तव्य देंगे।

हिमतरु प्रकाशन समिति के संपादकीय सलाहकार सदस्य रमेश पठानिया ने जानकारी दी कि कला संस्कृति भाषा अकादमी, शिमला के

**उपन्यास 'देव नगरी' और 'स्मृतियों में कुल्लू दशहरा' पुस्तकों का होगा लोकार्पण**

सहयोग से आयोजित होने वाले इस एक दिवसीय कार्यक्रम में प्रमुख तौर पर लेखक, पत्रकार एवं संपादक किशन श्रीमान द्वारा लिखित उपन्यास 'देव नगरी' तथा राजकीय महाविद्यालय पनारसा व अन्य महाविद्यालयों तथा शिमला विवि के शोधार्थियों द्वारा तैयार किया गया हिमतरु विशेषांक 'स्मृतियों में कुल्लू दशहरा' का लोकार्पण किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि ये दोनों पुस्तकें पाठकीय दृष्टि से महत्तवपूर्ण हैं। देव नगरी उपन्यास में जहां लेखक किशन श्रीमान ने पहाड़ी संस्कृति एवं लोगों की जीवन शैली व स्थानीयता को प्रमुख स्थान दिया है।

वहीं, स्मृतियों में कुल्लू दशहरा पुस्तक में भी वरिष्ठजनों की दशहरे को लेकर स्मृतियों के साथ-साथ कुल्लू के दशहरे से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां जुटाई हैं। निसंदेह जो पाठकों, शोधार्थियों एवं सुधिजनों के लिए उपयोगी होगी। पाठनिया ने बताया कि इस कार्यक्रम में मांइडस्केप आर्ट गैलरी, हरिपुर की संचालक डॉ. संजू पॉल द्वारा चित्रकारियों की एक प्रदर्शनी लगाई जाएगी, साथ ही पुस्तक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमें विभिन्न लेखकों की पुस्तकें उपलब्ध होंगी।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना बारे लोगों को किया जागरूक : उपायुक्त रवीश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



उपायुक्त तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में शनिवार को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से संबंधित बैठक आयोजित हुई। उपायुक्त ने इस योजना के बारे में जागरूक करने के लिए पंचायत स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस योजना के अंतर्गत शुरुआती तौर पर लाए जाने वाले संभावित क्षेत्रों को भी चिन्हित करने को कहा, ताकि इस योजना के फायदों के बारे क्षेत्र के अन्य लोगों को भी समझा कर उन्हें इसका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जा सके। बैठक में बताया गया कि सोलर रूफटॉप संयंत्र से उत्पादित विद्युत का उपयोग भवन स्वामी द्वारा करने के उपरांत अतिरिक्त विद्युत ग्रिड में चली जाती है, जिसका नेट मीटरिंग के माध्यम से बिजली बिल में किया जाता है। बैठक में परियोजना अधिकारी हिम ऊर्जा प्रेम दास ने बताया कि सरकार द्वारा संयंत्र क्षमता के हिसाब से एक किलोवाट पर अनुदान 30 हजार, 2 किलोवाट संयंत्र क्षमता पर 60 हजार एवं 3 किलो वाट एवं उससे अधिक संयंत्र क्षमता पर अनुदान 78 हजार दिया जाएगा। संयंत्र की स्थापना के उपरान्त सरकार से प्राप्त अनुदान उपभोक्ता के खाते में प्राप्त होता है।

**समस्या** — वाहन चालकों, राहगीरों और दुकानदारों को झेलनी पड़ रही दिक्कत

# निकास नालियां ओवरफ्लो होने से पतलीकूहल बाजार में बह रहा गंदा पानी

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

पतलीकूहल में सड़क किनारे बनी निकास नालियों की हालत खस्ता है। नालियां ओवरफ्लो होने के कारण सारा गंदा पानी सड़क पर फैल गया है, जिस कारण सड़क गंदे पानी के तालाब में तबदील हो गई है। यह गंदा-बदबूदार पानी शनिवार को साफ मौसम के बावजूद पतलीकूहल बाजार की सड़क में बहने लगा। नतीजतन बाजार गंदे पानी से सराबोर हो गया, जिस कारण राहगीरों, वाहन चालकों सहित दुकानदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

स्थानीय दुकानदार रमेश, शंकर, रूपेश गौतम, नितेश गौतम, राम गौतम,

**लोगों ने की विधायक भुवनेश्वर गौड़ से इस समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग**

पंकज, प्रशांत, संजय, राजीव, तरुण, शम्मी, शिव, अंकू, सुमित ने बताया कि बिना बरसात से पतलीकूहल बाजार से नग्गर रोड तक सड़क में पानी बहता रहा जिससे उनकी दुकानों के अंदर तक पानी आ गया। गौर रहे कि पहले भी इस समस्या से पतलीकूहल के स्थानीय लोगों और दुकानदारों को जूझना पड़ा था । लोगों ने संबंधित विभाग और विधायक भुवनेश्वर गौड़ से इस समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है। (अनंत ज्ञान)



पतलीकूहल में निकास नालियां ओवर फ्लो होने से सड़क पर बहता गंदा पानी।

> विभाग बार-बार नालियों को साफ करता रहता है, परंतु यहां पर सब्जी और रेहड़ी वाले गंदगी को नाली में फैंकते रहते हैं जिस कारण नालियां बंद हो जाती है। पिछली बार भी जब विभाग द्वारा नाली को साफ किया गया था तो उसमें सब्जियां, मिठाइयों के प्लास्टिक के लिफाफे और जूस की बोतले निकली थी। स्थानीय लोगों और दुकानदारों से आग्रह है कि वे कचरे को नालियों में न फैंके। फिलहाल विभाग ने निकास नालियों से गंदगी को साफ करने के लिए कर्मचारी भेज दिए है।
>
> **-केडी कश्यप, सहायक अभियंता, लोक निर्माण विभाग कटराईं**



# चौक बाजार में बना व्यावसायिक भवन जर्जर हालत में, अनसेफ करने में देरी

## दुकानदार दुकानें छोड़ने को तैयार नहीं, निगम के पास नहीं है बजट

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन की तरफ से चौक बाजार में कई दशक पहले बनाया गया व्यावसायिक भवन जर्जर हालत में है। इसमें दर्जनों दुकानें चल रही हैं। खतरा होते हुए भी दुकानदार इसे खाली नहीं कर रहे हैं। इससे हमेशा जानमाल का खतरा रहता है।

भवन की जर्जर हालत को देखते हुए नगर निगम ने इसे अनसेफ घोषित करने का प्रस्ताव तो तैयार किया, पर आज तक इसे हाउस से पारित नहीं किया। ऐसे में दुकानदारों से दुकानें खाली करवाई जाएंगी। भवन को डिस्मेंटल कर इससे नए सिरे से बनाया जाएगा। इस कारण दर्जनों दुकानदारों पर आजीविका कमाने का संकट खड़ा हो जाएगा।

**शहर में कई भवन जर्जर हालत में**

शहर में कई भवन ऐसे हैं, जो कि जर्जर हालत में हैं। नगर निगम ने कई भवनों को अनसेफ घोषित किया लेकिन इसमें अभी भी इसमें लोग जान जोखिम में डाल कर रह रहे हैं।

इसमें अधिकतर ऐसे हैं जिसमें संपत्ति को लेकर विवाद है। यही कारण है कि नगर निगम भी इससे डिस्मेंटल करने से कतराता है। शहर के गंज बाजार, अप्पर बाजार, चौक बाजार, धोबीघाट, शिल्ली रोड, चंबाघाट रोड समेत अन्य कॉलोनियों में ऐसे दर्जनों भवन है जो जर्जर हालत में है। (अनंत ज्ञान)



सोलन के चौक बाजार में बना नगर निगम का व्यावसायिक भवन।

> चौक बाजार में बना निगम का व्यावसायिक भवन काफी पुराना है। भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है। इसलिए इसे अनसेफ घोषित किया जाना है। इसको लेकर हाउस में प्रस्ताव लाया जाएगा।
>
> **उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

### भूकंप व आग की दृष्टि से संवेदनशील

शहर में आवासीय कॉलोनी के बीच खड़े जर्जर भवन आगजनी व भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील हैं। आपदा की स्थिति में भवन में रह रहे लोगों के साथ स्थानीय निवासियों की जान खतरे में पड़ जाएगी। कई भवन तो ऐसी जगहों पर हैं, जहां तक फायर ब्रिगेड का पहुंचना भी मुश्किल है। इससे आपदा की स्थिति से निपटना आसान नहीं होगा। शहर के बीचों-बीच भी इस तरह भवन हैं जो पुराने होने के साथ जर्जर हालत में हैं। खास बात यह है कि अधिकर भवनों में पुरानी लकड़ी लगी है, जो आग की स्थिति में बारूद का काम करेगी। इन भवनों के आसपास बहुमंजिला इमारतें खड़ी हैं। ऐसे में यदि आगजनी की घटना हो जाए तो पास के भवनों को भी नुकसान उठाना पड़ेगा।

## नगर निगम सोलन के वार्ड 14 में वार्ड समिति का गठन पर समस्याएं जस की तस

**अनंत ज्ञान, सोलन।** नगर निगम सोलन के वार्ड -14 में पार्षद और पूर्व डिप्टी मेयर राजीव कौड़ा की अध्यक्षता में वार्ड समिति का गठन तो हुआ, पर वार्ड की अधिकतर समस्याएं अभी भी जस की तस हैं। वार्ड समिति में वार्ड से 9 सदस्यों का चयन किया गया जिसमें 5 महिलाएं भी शामिल हैं। इसमें हाउसिंग कॉलोनी फेज एक से मोहन चौहान, शबाना खन्ना, हाउसिंग कॉलोनी फेज दो से ख्यालीराम, शालिनी सेठी, एरिना, रबोन से राजिंद्र वर्मा, कमल ऑर्चर्ड कॉलोनी से केएल शर्मा, कलीन से सावित्री राणा और मधू शर्मा को सदस्य चुना गया है।

वार्ड समिति के अध्यक्ष पार्षद राजीव कौड़ा है। एमसी एक्ट के मुताबिक वार्ड समितियों की वर्ष में दो बार वार्ड सभाएं होना अनिवार्य है। इसमें पारित विकास कार्य को ही निगम से तरफ धनराशि मंजूर होती है। समिति का अध्यक्ष वार्ड पार्षद होता है। इस सभा के सभी सदस्य अपने वार्ड की समस्या लिखित रूप में अपने वार्ड पार्षद को देते हैं, जिसे नगर निगम की मासिक बैठक में पेश किया जाता है। इतना ही नहीं वार्ड में होने विकास वाले कार्य वार्ड समितियों के सदस्यों की देखरेख में होते हैं ताकि कार्य की गुणवत्ता में हेरफेर न हो सके।

इस सभा में महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक होती है। बैठक में लोगों ने वार्ड के अधूरे पड़े विकास कार्य, पार्किंग की समस्या, सीवरेज की समस्या और आवारा कुत्तों की समस्या से निजात दिलाने की मांग की, पर आज तक समस्याएं जस की तस हैं।

## नालागढ़-शिमला वाया मटुली छियाछी की खराब सड़क से सीपीएस को करवाया अवगत



सड़क की दुर्दशा को लेकर सीपीएस से मिलने जाते युवाओं का प्रतिनिधिमंडल।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

छियाछी का एक प्रतिनिथिमंडल क्लब के अध्यक्ष सतीश विक्की की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह अर्की में सीपीएस संजय अवस्थी से सड़क की समस्या को लेकर मिला। इसमें उन्होंने नालागढ़- शिमला वाया मटुली छियाछी की दयनीय दशा बारे अवगत करवाया।

उन्होंने बताया कि अर्की विधानसभा क्षेत्र का एरिया जो नालागढ़ शिमला रोड में पड़ता है, जिसमें ग्राम पंचायत मटुली छियाछी दिग्गल आदि पंचायतें आती हैं, उनके रोड की लगभग 20 वर्षों से कोई भी सुनवाई नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि क्लब द्वारा लोक निर्माण विभाग को लिखित व मौखिक रूप से कई बार अवगत करवाया गया है परंतु विभाग ने इसकी कोई सुध नहीं ली जबकि यह रोड सीधा राजधानी शिमला तक जाता है। उन्होंने सीपीएस संजय अवस्थी से आग्रह किया कि इस रोड का जल्द से जल्द सुधार किया जाए ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

इस रोड में बहुत बड़े-बड़े गड्ढे पड़े हैं जिससे वाहन चलाने में भी कठिनाई आ रही है। इस मौके पर क्लब उपप्रधान किशोर, सचिव लाल चंद लक्की, इंदरजीत, राजेश, अमन, नरेश रिंकू, चंद्रशाही, अमित, राजेश विक्की, गुरदेव हैप्पी, आकाशदीप, राजेंद्र, कैलाश, आकाश, सुशील, दीपक, भागसिंह, ध्रुव, सिकंदर, सचिन, सतीश हैप्पी, भागचंद सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## टूर डी सनावर साइकिलिंग में जुटेंगे देश के कोने-कोने से साइकिलिस्ट

**अनंत ज्ञान, सोलन**

**समुद्र तल से 1750 मीटर ऊंचाई पर स्थित 177 वर्ष पुराने लॉरेंस स्कूल में आज होगा आयोजन**

लॉरेंस स्कूल, सनावर ने हीरो साइकल्स और ओल्ड सनावरियन सोसायटी (ओएसएस) के सहयोग से देश की सबसे बड़ी इंटर स्कूल साइकिलिंग कंपीटिशन 'टूर डी सनावर' के पांचवें संस्करण की घोषणा की है, जो कि समुद्र तल की ऊंचाई 1750 मीटर स्थित 177 वर्ष पुराने स्कूल कैंपस में 3 नवंबर को आयोजित की जाएगी।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य भारत के हर स्कूल में साइकिलिंग को बढ़ावा देना है, साथ ही एक नेशनल लीग स्थापित करने की योजना भी है। इस रेस में 16 स्कूलों और बेंगलुरु, पुणे और गुवाहाटी सहित बीस से अधिक शहरों से 175 से भी अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे। हिमाचल सरकार के युवा सेवाएं और खेल के निदेशक और मुख्यमंत्री के प्रधान निजी सचिव तथा विशेष सचिव विवेक भाटिया (आईएएस) जो कि स्वयं उत्साही और शौकीन साइकिलिस्ट हैं, इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे। इस एमटीबी एक्ससीओ स्टाइल कंपटीशन में चार कैटेगरियां हैं। अंडर 14 में 11 किलोमीटर से लेकर एलीट वर्ग में 15 किलोमीटर की रेस होगी जिसमें 600 मीटर एलिवेशन का इजाफा भी होगा। राईडर्स को खड़ी चढ़ाई, रोमांचकारी उतराई और तीखे मोड़ों के चुनौतीपूर्ण रास्तों से गुजरना होगा।

ओएसएस ने वर्ष 2017 में सनावर में साइकलिंग इवेंट का विचार किया तब से स्कूल हेडमास्टर हिम्मत सिंह ढिल्लों ने कहा कि जैसे जैसे टूर डी सनावर सालों साल आगे बढ़ रहा है, यह स्पष्ट है कि भारत के हर राज्य और यहां तक कि विदेशें से भी स्कूलों को इसमें शामिल किया जाए, जिससे अगला संस्करण और भी अधिक प्रभावशाली बन सके।

## गिरिपार क्षेत्र में एक सप्ताह तक चलती है दीपावली

### बुड़ेछू नृत्य, बैल पूजन व सास-दामाद भेंट, भाईदूज हैं इसका अहम हिस्सा

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

**क्षेत्र में सदियों से इस तरह दीपावली मनाने की परंपरा आज भी कायम**

सिरमौर जिले के गिरिपार क्षेत्र में सदियों पुरानी लोक संस्कृति व पारंपरिक रीति-रिवाजों को संजोए रखने के लिए मशहूर गिरिपार क्षेत्र में यूं तो हिंदुओं के कई त्योहार अलग अंदाज में मनाए जाते हैं, मगर यहां सप्ताह भर चलने वाली दिवाली तथा एक माह बाद आने वाली बूढ़ी दिवाली हमेशा चर्चा में रही है। क्षेत्र में दीपावली से एक दिन पूर्व चौदश से शुरू होता है तथा इसके बाद अवांस, पडैई दूज व तीज आदि नाम से सप्ताह भर चलता है। चौदश से इलाके में त्योहार शुरू हो जाता है।

दीपावली को अंवास के नाम से मनाए जाने व लक्ष्मी पूजा के बाद अगले दिन मनाए जाने वाले पडैई पर्व पर क्षेत्र मे बैलों अथवा गोवंश के साथ-साथ कृषि औजारों की पूजा की जाती है। इस दौरान इलाके के विभिन्न गांवों में बुड़ेछू लोक नृत्य भी हुआ। दिवाली के दौरान अलग-अलग दिन अस्कली, धोरोटी, पटांडे, सीड़ो व तेलपकी आदि पारंपरिक व्यंजन परोसे जाते हैं। दीपावली के अगले रोज पडैई दूज, तीच व चौथ आदि मनाए जाते हैं। अलग-अलग दिन अलग-अलग क्षेत्र व गांव में सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया जाता है, जिसे स्थानीय भाषा मे करियाला कहते हैं। करियाला का आयोजन विशेषकर ग्रामीण देवता के मंदिर परिसर में होता है और यहा पर सबसे पहले आग का अलावा जलाया जाता है, जिसे लोकल भाषा मे घैना कहते हैं।

देवता की पूजा के बाद घैना भी पूजा जाता है। यह घैना पूरी रात जलता है और इसके आसपास ही करियाला का मंचन होता है , जिसमें से कुछ जगहों पर रामायण व महाभारत का स्थानीय भाषा मे मंचन किया जाता है। गिरिपार के अंतर्गत आने वाले उपमंडल संगड़ाह, शिलाई व राजगढ़ की 154 पंचायतों में दीपावली को आज भी इसी तरह पारम्परिक अंदाज में मनाया जाता है। क्षेत्र में कुछ दशक पहले तक बिना पटाखे चलाए ईको फ्रेंडली ढंग से यह उत्सव मनाया जाता था। हालांकि अब देश के अन्य हिस्सों की देखा-देखी में आतिशबाजी व पटाखे दीपावली का हिस्सा बन गई है।

विशेष समुदाय से संबंध रखने वाले पारंपरिक बुड़ेछू कलाकारों द्वारा इस दौरान होकू, सिंघा वजीर, चाय गीत, नतीराम व जगदेव आदि वीर गाथाओं गायन किया जाता है। उक्त कलाकारों द्वारा इस दौरान अलग-अलग तालों पर पारंपरिक नृत्य किया जाता है। सदियों से क्षेत्र में केवल दीपावली अथवा बड़ी दिवाली तथा बूढ़ी दिवाली के दौरान ही बुड़ेछू नृत्य होता है तथा इसे बूढ़ा अथवा बुड़ियाचू नृत्य भी कहा जाता है। स्थानीय लोग बुड़ेछू दल के सदस्यों को नकद बक्शीश के अलावा घी के साथ खाए जाने वाले पारंपरिक व्यंजन भी परोसते हैं तथा इस परंपरा को ठिल्ला कहा जाता है। भैया दूज पर दामाद अपनी सास को भेंट देकर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस प्रक्रिया को पूरा करने जरूरी समझा जाता है और भेंट में दामाद अपनी सास को अखरोट व चावल प्रदान करते हैं।

बहरहाल क्षेत्र में सदियों से इस तरह दीपावली मनाने की परंपरा कायम है। एक माह बाद आने वाली अमावस्या से ग्रेटर सिरमौर के कई गांवों में सप्ताह भर चलने वाली बूढ़ी दिवाली मनाई जाती है तथा कुछ गांवों में इसे मशराली के नाम से भी मनाया जाता है। ग्रेटर सिरमौर अथवा गिरिपार में दीपावली के अलावा लोहड़ी, गूगा नवमी, ऋषि पंचमी व वैशाखी आदि त्योहार भी शेष हिंदुस्तान से अलग अंदाज मे मनाए जाते हैं।

## भुरेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव की 51 फुट मूर्ति बनकर तैयार

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

**11 नवंबर को मुख्यमंत्री सुक्खू करेंगे अनावरण**

सिरमौर जिले के सरहां स्थित भुरेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में 51 फुट की भगवान शिव की प्रतिमा बनकर तैयार हो गई है। इस प्रतिमा के निर्माण में लगे छह सदस्यीय टीम को मंदिर कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया।

समिति के अध्यक्ष मदन मोहन अत्री ने बताया कि आगामी 11 नवंबर को इस मूर्ति का अनावरण प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा किया जाएगा। इस पावन अवसर पर मंदिर कमेटी द्वारा सभी श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया है।

बता दें पच्छाद कांग्रेस मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष आनंद परमार की अध्यक्षता में तथा भुरशिंग महादेव मंदिर कमेटी अध्यक्ष मदन मोहन अत्री व हिमाचल प्रदेश महिला कल्याण बोर्ड की सदस्य व प्रधान ग्राम पंचायत बाग पशोग राजेश्वरी शर्मा की अगुवाई में श्री भुरशिंग महादेव मंदिर परिसर मे हो रहे विकास कार्य जो पूर्ण हो चुके हैं व शिव भोलेनाथ की विशालकाय मूर्ति के अनावरण व उद्घाटन के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात कर उन्हें निमन्त्रण दिया।

वहीं, राजेश्वरी शर्मा ने बताया कि अब मूर्ति भी बनकर तैयार हो चुकी है जिसके अनावरण के लिए मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार करते अब वह 11 नवंबर को पच्छाद के सुप्रसिद्ध व आराध्य देव भुरशिंग महादेव मंदिर परिसर में मूर्ति के अनावरण पर आ रहे हैं।

## शिरगुल की जन्मस्थली शाया में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

दीपावली के पावन पर्व पर शिरगुल देवता की जन्म स्थली शाया में हजारों श्रद्धालुओं ने अपने आराध्य देव के दर्शन करके आशीर्वाद प्राप्त किया। गौर रहे है कि दीपावली और पड़वा अर्थात प्रतिपदा के पावन पर्व पर कालांतर से शिरगुल देवता का आशीर्वाद व दर्शन करने की परंपरा बनी हुई है जिसमें सिरमौर के अतिरिक्त शिमला व सोलन के हजारों की संख्या में श्रद्धालु आकर शिरगुल देवता का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं, जबकि इस मेले में देव दर्शन के अतिरिक्त श्रद्धालुओं कें मनोरंजन की कोई गतिविधियां नहीं होती हैं। इस प्राचीन मंदिर में श्रद्धालुओं को प्रसाद रूप में चावल के दाने दिए जाते हैं, जिसे पाने के लिए श्रद्धालु लाइनों में खड़े होकर बेसब्री से इंतजार करते हैं ।

गौरतलब है कि भगवान शिव के अंशावतार शिरगुल का प्रादुर्भाव लगभग एक हजार पूर्व शाया की पावन धरा पर इस क्षेत्र के शासक राजा भूखड़ू के घर में हुआ था। बचपन में माता-पिता के निधन के उपरांत शिरगुल और उनके भाई चंद्रेश्वर अपने मामा के घर मनौण में रहने लगे।

एक दिन शिरगुल देव और चंद्रेश्वर फागू में एक खेत मे पशु चरा रहे थे और साथ ही कुछ हलधर खेत में लगा रहे थे। शिरगुल की मामी हलधर के लिए भोजन लेकर आई और साथ में शिरगुल और चंदेश्वर के लिए सतू के पिंड बनाकर लाई जिसमें मक्खी एवं अन्य कीट मिलाए हुए थे। उन्होंने सतू के पिंड खाने से मना कर दिया और मामी की प्रताड़ना ने तंग आकर शिरगुल ने फागू खेत में पैर मारकर पानी की धार निकाली और जल ग्रहण करके स्वयं चूड़धार के लिए रवाना हुए थे।

फागू के खेत में शिरगुल द्वारा अपने तप से निकाली पानी की धार आज भी विद्यमान हैं और इस जल को गंगा के समान पवित्र माना जाना है। चूड़धार शिरगुल मी तपस्थली के कारण एक धार्मिक पर्यटन के रूप में अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर उभर रहा है।

महान भक्त एवं साहित्यकार शेरजंग चौहान ने बताया कि सिरमौर, शिमला और सोलन जिला के 9 क्षेत्रों के लोगों के शिरगुल देवता इष्ट है, जिन्हें नोतबीन कहा जाता है। इन क्षेत्रों के लोग वर्ष में पड़ने वाले चार बड़े साजे के अवसर पर शिरगुल देवता के दर्शन को आते हैं और यदि कोई परिवार चार साजे में किसी कारण से न आ सके तो दिवाली के अगले दिन पड़वा को अवश्य आते हैं।

बताते हैं पड़वा को देव दर्शन करने से चार साजे का फल मिलता है। उन्होने बताया कि बीते कुछ वर्षों से मंदिर समिति ने इस पावन पर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मंदिर आने वाले हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस वर्ष करीब 20 से 25 हजार श्रद्धालुओं ने शिरगुंल देवता के भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।



शिरगुल की जन्म स्थली शाया मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

## राज्य स्तरीय किन्नौर महोत्सव में मेगा किन्नौरी कायांग का हुआ आयोजन

# पारंपरिक किन्नौरी परिधानों में महिलाओं पुरुषों व युवाओं ने डाली सामूहिक नाटी



राज्य स्तरीय किन्नौर महोत्सव में नाटी डालती महिलाएं।

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

राज्य स्तरीय किन्नौर महोत्सव में मेला स्थल पर मेगानाटी किन्नौरी कायांग का आयोजन किया गया।

किन्नौरी पारंपरिक परिधान में महिलाओं-पुरुषों व युवाओं ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ सामूहिक नाटी कायांग में भाग लिया। मेगा नाटी कायांग का शुभांरभ राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने पूजा-अर्चना के साथ किया। मंत्री ने कहा कि सांस्कृतिक धरोहर को आगे बढ़ाने,नई पीढ़ी तक पहुंचाने व पुरानी परंपरा को बनाए रखने के लिए इस तरह के आयोजनों का बहुत बड़ा महत्व है।

महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा खेल को बढ़ावा देने के लिए खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। किन्नौर जिला में मेगा किन्नौरी कायांग में जिला के तीनों खंड से आए महिला मंडल की महिलाओं, पुरुषों व युवाओं ने हिस्सा लेकर नाटी कायांग के माध्यम से सभी को किन्नौर की समृद्ध संस्कृति से रू-ब-रू करवाया, वहीं ऐसे आयोजनों से आज के युवा पीढ़ी को शिक्षा के साथ-साथ किन्नौर की समृद्ध संस्कृति से भी जोड़े रखने व समृद्ध संस्कृति को लुप्त होने से बचाने का भी संदेश दिया।

## प्रदेश सरकार श्रमिकों के कल्याण के लिए कर रही कार्य : जगत सिंह नेगी



नाको में इंटेक का जिला स्तरीय सम्मेलन में पहुंचे मंत्री नेगी का स्वागत करते लोग।

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ**

राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर जिले की हंगरंग घाटी की नाको पंचायत में भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटेक) के अंतर्गत सीमा सड़क संगठन के श्रमिकों के लिए आयोजित जिला स्तरीय सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। राजस्व मंत्री ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार श्रमिकों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा इन वर्गों के लिए समावेशी योजनाएं कार्यान्वित कर रही है।

उन्होंने बताया कि राज्य कामगार कल्याण बोर्ड श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा कवच प्रदान कर रहा है तथा महिला कामगारों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं अमल में लाई गई हैं जिसमें दुर्घटना, विकलांगता एवं गर्भवती होने पर उन्हें वित्तीय सहायता उपलब्ध हो सके।

इससे पूर्व राज्य इंटेक के उपाध्यक्ष बिहारी लाल सेवगी ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और उन्हें संगठन की वित्तीय गतिविधियों से अवगत करवाया तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में श्रमिकों की समस्याओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिप सदस्य हितेष नेगी, पूह ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रेम सिंह नेगी, इंटेक के राज्य सचिव मान सिंह नेगी, कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**आयोजन** मुख्य संसदीय सचिव ने अर्की में सुनी जनसमस्याएं, जल्द निपटारे के दिए निर्देश

## स्वच्छता हम सभी का सामूहिक उत्तरदायित्व : अवस्थी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

मुख्य संसदीय सचिव (लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन संपर्क) संजय अवस्थी ने कहा कि स्वच्छता हम सभी का सामूहिक उत्तरदायित्व है। संजय अवस्थी अर्की में विभिन्न जन समस्याओं को सुलझाने के उपरांत उपस्थित जन प्रतिनिधियों एव अन्य के साथ संवाद कर रहे थे।

उन्होंने इससे पूर्व नगर पंचायत अर्की के लिए कूड़ा एकत्रीकरण वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। संजय अवस्थी ने कहा कि अपने आसपास के परिवेश की सफाई, स्वच्छता का महत्वपूर्ण कारक है और प्रत्येक जन को स्वच्छता मुहिम में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सामुदायिक एवं व्यक्तिगत स्तर पर स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता आवश्यक है और स्वस्थ नागरिक देश तथा प्रदेश के विकास को सही दिशा प्रदान करते हैं। मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि प्रदेश सरकार यह प्रयास कर रही है कि लोगों की विभिन्न समस्याओं को उनके घर-द्वार के समीप निर्धारित समयावधि में सुलझाया जाए। इससे लोगों के समय और धन की बचत सुनिश्चित होती है।

प्रदेश के दूर-दराज एवं दुर्गम क्षेत्रों में भी प्रदेश सरकार लोगों के घर तक पहुंचकर उनकी कठिनाइयों और परेशानियों को दूर करने के लिए सतत प्रयत्नशील है। हाल ही में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला जिले के दुर्गम क्षेत्र डोडरा-क्वार पहुंचकर न केवल क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुलझाया अपितु वहां रात्रि ठहराव कर स्थानीय वासियों को यह विश्वास भी दिलाया कि वर्तमान सरकार प्रदेशवासियों की बेहतरी के लिए दिन-रात कार्यरत है और पूर्ण संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है।

उन्होंने इस अवसर पर स्थानीय निवासियों की समस्याएं सुनीं और इनके शीघ्र निपटारे के अधिकारियों को निर्देश दिए।

खंड कांग्रेस समिति अर्की के अध्यक्ष सतीश कश्यप, नगर पंचायत अर्की के अध्यक्ष अनुज गुप्ता, खंड कांग्रेस समिति अर्की के पूर्व अध्यक्ष रमेश ठाकुर, महासचिव कमलेश शर्मा, उपाध्यक्ष मोहन सिंह ठाकुर एवं दीपलाल चौहान, कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सीडी बंसल, एपीएमसी सोलन के सदस्य प्यारे लाल शर्मा, उपमंडलाधिकारी अर्की यादविंद्र पॉल, उपपुलिस अधीक्षक दाड़लाघाट संदीप शर्मा, तहसीलदार विपिन वर्मा, बाघल लैंड लूजर समिति दाड़लाघाट के अध्यक्ष जगदीश ठाकुर, अर्की तहसील ट्रक ऑपरेटर यूनियन के अध्यक्ष ऋषि देव, कांग्रेस पार्टी के विभिन्न पदाधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी अर्की डॉ. तारा चंद नेगी, अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी इस अवसर पर उपस्थित थे।



लोगों की समस्याएं सुनते सीपीएस संजय अवस्थी।

## किन्नौर महोत्सव में भीड़ बढ़ने के बाद भी खरीददारी हुई कम

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ**

**स्वयं सहायता समूहों की लगाई गई प्रदर्शनियों में लोगों की रही भीड़**

राज्य स्तरीय किन्नौर महोत्सव के अंतिम दिन पहले दिनों की अपेक्षा मेला स्थल पर लोगों की भीड़ देखी गई। रिकांगपिओ टेक्सी स्टैंड से मेला स्थल तक अस्थायी दुकानें पूरी तरह सज गई हैं। दुकानदार खरीददारों की राह देखते रहे, जबकि कारोबार आशा के अनुरूप नही हुआ।

व्यापारियों को उम्मीद है कि खरीददारों की संख्या आने वाले दिनों में अधिक रहेगी। मेले में किन्नौरी मार्केट भी पूरी तरह से सजी है, जहां किन्नौरी उत्पादों के अलावा यहां के स्थानीय कारीगरों द्वारा तैयार किए किन्नौरी शॉल, पट्ठू, टोपी, मफलर सहित सूखे मेवे की अस्थायी दुकानें सजा दी गई है। बच्चों के मनोरंजन व खेलकूद के लिए लगाए गए झूलों में भी बच्चों को प्रथम दिन से ही खूब मनोरंजन करते देखा जा रहा है। मेला स्थल पर लोगों की संख्या ज्यादा देखी गई।

इस दौरान मेला स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनियों में जाकर लोगों ने सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानकारियां हासिल की। किन्नौरी उत्पादों सहित यहां के कारीगरों द्वारा तैयार सामानों की बिक्री के लिए स्थापित किन्नौरी मार्केट लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। इसी तरह यहां के स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाई किन्नौरी व्यंजन व स्थानित प्रदर्शनियों में लोगों की भीड़ देखी गई।

## स्पोर्ट्स विंडो

### तीन साल के अनीश ने सबसे कम उम्र में फिडे रेटिंग हासिल की



**कोलकाता।** जहां उनकी उम्र के अधिकतर बच्चे पेप्पा पिग या छोटा भीम जैसे कार्टूनों को देखने या केवल खिलौनों के साथ खेलने में लीन रहते हैं, वहीं अनीश सरकार शतरंज की बिसात पर अपना दिमाग दौड़ाते हैं जिससे उन्होंने एक नया रिकॉर्ड भी स्थापित कर दिया। उत्तरी कोलकाता में रहने वाले अनीश महज तीन साल, आठ महीने और 19 दिन की उम्र में फिडे रेटिंग हासिल करने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। अनीश का जन्म 26 जनवरी 2021 को हुआ था। उन्होंने अक्तूबर में पश्चिम बंगाल राज्य अंडर-नौ ओपन प्रतियोगिता से प्रतिस्पर्धी शतरंज में पदार्पण किया। इस युवा खिलाड़ी ने अपनी पहली प्रतियोगिता में ही प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए संभावित आठ में से 5.5 अंक हासिल किए। इस बीच उन्होंने दो रेटेड खिलाड़ियों अरव चटर्जी और अहिलान बैश्य को हराया। वह कुल मिलाकर 24वें स्थान पर रहे। अनीश को इसके बाद पश्चिम बंगाल राज्य अंडर-13 ओपन में खेलने का मौका मिला, जिसमें उन्होंने पांच रेटेड खिलाड़ियों का सामना करने की अर्हता पूरी की। इस तरह से उन्हें फिडे रेटिंग में 1555 की प्रारंभिक रेटिंग मिली।

### भारत की सीनियर टीम विश्व ब्रिज खेलों के फाइनल में

**ब्यूनस आयर्स।** भारत की सीनियर टीम ने यहां अंतिम-4 के मुकाबले में स्वीडन को 195-129 से हराकर विश्व ब्रिज खेलों के फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय टीम में कमल मुखर्जी, विभास टोडी, बादल दास, प्रणब बर्धन, अरुण बापट और रवि गोयनका शामिल हैं। फाइनल में उनका मुकाबला अमेरिका से होगा। स्वीडन की टीम ने भारत को शुरू में चुनौती दी। भारतीय टीम ने हालांकि उसे कोई मौका नहीं दिया और स्वीडन की टीम ने अंतिम चरण का खेल शेष रहने से पहले ही हार स्वीकार कर ली। इससे पहले भारत ने क्वार्टर फाइनल में कनाडा को और प्री-क्वार्टर फाइनल में स्कॉटलैंड को हराया था।

### महिला हॉकी की 'पोस्टर गर्ल' रानी रामपाल

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी की 'पोस्टर गर्ल' रानी रामपाल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है। भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने ट्विटर पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्हें फैंस काफी पसंद कर रहे हैं।



### भारतीय गोल्फर प्रणवी रियाद में संयुक्त 18वें स्थान पर पहुंची

**रियाद।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स ने दूसरे दौर में तीन अंडर 69 का शानदार कार्ड खेला जिससे वह अरामको टीम सीरीज में संयुक्त रूप से 18वें स्थान पर पहुंच गई।



प्रणवी ने दो बोगी के मुकाबले पांच बर्डी लगाईं। उन्होंने 10वें होल से शुरुआत की तथा 15वें और 18वें होल के बीच चार होल में तीन बर्डी लगाईं। भारत की एक अन्य खिलाड़ी दीक्षा डागर ने पहले दौर में इवन पार का स्कोर बनाने के बाद दूसरे दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेला। वह संयुक्त रूप से 58वें स्थान पर हैं। उन्होंने दो बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाईं। स्लोवेनिया की पिया बबनिक 14-अंडर के कुल स्कोर के साथ शीर्ष पर हैं।

### हॉकी इंडिया लीग : लिली ओसली दिल्ली एसजी पाइपर्स से जुड़े

**नई दिल्ली।** दिल्ली एसजी पाइपर्स ने शनिवार को इंग्लैंड महिला हॉकी की मिडफील्डर और सुपरस्टार लिली ओसली से हॉकी इंडिया लीग के आगामी सत्र के लिए करार किया।



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता ओसली 28 वर्ष की डच मिडफील्डर शान डि वार्ड की जगह लेंगी जिन्होंने निजी कारणों से नाम वापस ले लिया। ओसली ने रियो ओलंपिक 2016 में स्वर्ण और टोक्यो 2020 में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने 2022 बर्मिंघम और 2014 ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता था। दिल्ली एसजी पाइपर्स महिला टीम की कोच डेव स्मोलेनार्स ने एक बयान में कहा ,'' शान डि वार्ड का नहीं होना टीम के लिए झटका है, लेकिन उनकी जगह दो बार की ओलंपिक पदक विजेता ओसली का आना राहत की बात है। उनके पास अपार अनुभव और नेतृत्व क्षमता है।'' टूर्नामेंट एक फरवरी से रांची में खेला जाएगा।

## भारत VS न्यूजीलैंड

### न्यूजीलैंड दूसरी पारी 171/9, कीवियों के पास 143 रनों की बढ़त

# गेंदबाजों ने जगाई भारत की उम्मीद

**एजेंसी, मुंबई**

शुभमन गिल और ऋषभ पंत के अर्धशतकों के बाद रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन ने फिरकी का अपना पुराना जादू बिखेरा, जिससे भारत ने शनिवार को यहां अच्छी वापसी करके न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच में जीत दर्ज करने की अपनी उम्मीदों को पंख लगाए।

पहले दोनों मैच जीतकर तीन मैच की सीरीज अपने नाम कर चुके न्यूजीलैंड ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में नौ विकेट पर 171 रन बनाए हैं और उसने 143 रन की बढ़त हासिल कर ली है। इससे पहले भारत ने न्यूजीलैंड के 235 रन के जवाब में अपनी पहली पारी में 263 रन बनाकर 28 रन की बढ़त हासिल की थी।

वानखेड़े स्टेडियम की पिच से स्पिनर को मदद मिल रही है और ऐसे में भारत के लिए 150 रन के आसपास का लक्ष्य हासिल करना भी चुनौती पूर्ण होगा। भारत को अगर क्लीन स्वीप से बचना है तो उसके बल्लेबाजों को संयमित आक्रामकता दिखानी होगी।

भारत की तरफ से शुभमन गिल (90) शतक से चूक गए जबकि ऋषभ पंत ने 60 रन की तूफानी पारी खेली। निचले क्रम में वॉशिंगटन सुंदर में नाबाद 38 रन बनाकर भारत को बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई। न्यूजीलैंड की तरफ से एजाज पटेल ने 103 रन देकर पांच विकेट हासिल किए।



विकेट लेने के बाद रवींद्र जडेजा को बधाई देते साथी खिलाड़ी।

इसके बाद जडेजा ने 52 रन देकर चार विकेट लिए और दूसरी पारी में थी पांच विकेट हासिल करने की तरफ कदम बढ़ाए। अश्विन ने 63 रन देकर तीन विकेट लिए हैं जबकि सुंदर और आकाशदीप ने एक-एक विकेट लिया है।

तेज गेंदबाज आकाशदीप ने पहले ओवर में ही न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लाथम का मिडिल स्टंप थर्राकर भारत को महत्वपूर्ण सफलता दिलाई। सुंदर ने चाय के विश्राम के बाद टर्न और उछाल लेती गेंद पर डेवोन कॉनवे को स्लिप में कैच देने के लिए मजबूर किया जबकि बेंगलुरु में खेले गए पहले टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड की जीत के नायक रहे रचिन रविंद्र दूसरी पारी में भी नाकाम रहे। अश्विन ने उन्हें स्टंप आउट कराया।

जडेजा ने डेरिल मिचेल को आउट करके उन्हें यंग के साथ पहली पारी की तरह साझेदारी नहीं निभाने दी। जडेजा ने इसके बाद थोड़ा गति से की गई गेंद पर टॉम ब्लंडेल को बोल्ड किया।

### स्कोर बोर्ड

न्यूजीलैंड (पहली पारी) 235/10

| भारत (पहली पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जायसवाल ब. ऐजाज | 30 | 52 | 4/0 |
| रोहित क. लाथम ब. हेनरी | 18 | 18 | 3/0 |
| गिल क. डेरिल ब. ऐजाज | 90 | 146 | 7/1 |
| सिराज पगबाधा ब. सिराज | 00 | 01 | 0/0 |
| कोहली (रन आऊट) | 04 | 06 | 1/0 |
| पंत पगबाधा ब. सोढी | 60 | 59 | 8/2 |
| जडेजा क. डेरिल ब. फिलिप्स | 14 | 25 | 0/0 |
| सरफराज क. ब्लंडेल ब. ऐजाज | 00 | 04 | 0/0 |
| वॉशिंगटन (नाबाद) | 38 | 36 | 4/2 |
| अश्विन क. डेरिल ब. ऐजाज | 06 | 13 | 1/0 |
| आकाशदीप (रन आऊट) | 00 | 00 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 03 | | |
| **कुल : (59.4 ओवर)** | 263/10 | | |

**विकेट पतन** : 1-25, 2-78, 3-78, 4-84, 5-18, 6-203, 7-204, 8-227, 9-247, 10-263.

**गेंदबाजी :** हेनरी 8-1-26-1, विलियम 2-1-5-0, ऐजाज 21.4-3-105-5, फिलिप्स 20-0-84-0, रचिन 1-0-8-0, सोढी 7-0-36-1.

| न्यूजीलैंड (दूसरी पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| लाथम ब. आकाशदीप | 01 | 04 | 0/0 |
| कॉनवे क. गिल ब. वॉशिंगटन | 22 | 47 | 2/0 |
| यंग क. एंड ब. अश्विन | 51 | 100 | 2/1 |
| रचिन स्टं. पंत ब. अश्विन | 04 | 03 | 1/0 |
| डेरिल क. अश्विन ब. जडेजा | 21 | 44 | 1/1 |
| ब्लंडेल ब. जडेजा | 04 | 06 | 1/0 |
| फिलिप्स ब. अश्विन | 26 | 14 | 1/3 |
| सोढी क. कोहली ब. जडेजा | 08 | 14 | 1/0 |
| हेनरी ब. जडेजा | 10 | 16 | 0/1 |
| ऐजाज (नाबाद) | 07 | 14 | 0/1 |
| **अतिरिक्त** | 17 | | |
| **कुल : (43.3 ओवर)** | 171/9 | | |

**विकेट पतन** : 1-2, 2-39, 3-44, 4-94, 5-100, 6-131, 7-148, 8-150, 9-171.

**गेंदबाजी :** आकाशदीप 5-0-10-1, वॉशिंगटन 10-0-30-1, अश्विन16-0-63-3, जडेजा 12.3-2-52-4.

## भारत हांगकांग सिक्सेस टूर्नामेंट में यूएई और इंग्लैंड से हारा

**एजेंसी, हांगकांग**

भारत को शनिवार को यहां हांगकांग सिक्सेस टूर्नामेंट में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और इंग्लैंड से क्रमशः एक रन और 15 रन से हार का सामना करना पड़ा।



शुक्रवार को टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में पाकिस्तान से हारने के बाद भारत को क्वार्टरफाइनल में जगह बनाने के लिए यूएई पर जीत की दरकार थी लेकिन टीम एक रन से हार गई। भारत को 131 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अंतिम ओवर में 32 रन चाहिए थे। आल राउंडर स्टुअर्ट बिन्नी (11 गेंद में 44 रन) ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचाने का सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया, लेकिन वह दूसरा रन लेने की कोशिश में अंतिम गेंद पर रन आउट हो गए। बिन्नी ने ओवर की पहली गेंद को चौके के लिए भेजा। दूसरी गेंद वाइड थी और फिर उन्होंने लगातार चार छक्के जड़ दिए। इससे एक गेंद में तीन रन चाहिए थे, लेकिन वह आखिरी गेंद पर रन आउट हो गए।

दूसरे मैच में इंग्लैंड के खिलाफ भारत 121 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए तीन विकेट पर 105 रन ही बना सका और 15 रन से हार गया।

## विराट कोहली ने 2027 तक आरसीबी के साथ 20 साल पूरे करने के संकेत दिए

**एजेंसी, बेंगलुरु**

विराट कोहली को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 21 करोड़ रुपए की फीस पर रिटेन किया है और भारत के स्टार क्रिकेटर ने संकेत दिए कि वह 2027 तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलना जारी रखना चाहेंगे जिसमें उनका लक्ष्य आरसीबी के साथ 20 साल पूरे करना है।



विराट कोहली

कोहली के शीर्ष स्तर पर क्रिकेट खेलने के समय को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं क्योंकि यह 36 वर्षीय खिलाड़ी कोविड-19 की शुरुआत के बाद से पिछले चार वर्षों से ज्यादा धमाल नहीं कर पाया है। वह 2008 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शुरुआत से ही आरसीबी के लिए खेल रहे हैं और प्रतियोगिता में सर्वाधिक रन जुटाने वाले खिलाड़ियों में शुमार रहे हैं। उन्होंने 131.97 के शानदार स्ट्राइक रेट से 8,000 से अधिक रन बनाए हैं जिसमें आठ शतक और 55 अर्धशतक शामिल हैं।

कोहली ने 'आरसीबी बोल्ड डायरीज' में संकेत दिया कि उनका लक्ष्य 2027 तक कम से कम तीन साल और खेलना है। उन्होंने इसमें कहा, ''इस चक्र के अंत में मुझे आरसीबी के लिए खेलते हुए 20 साल हो जाएंगे और यह मेरे लिए बहुत ही खास अहसास है। ''

उन्होंने कहा, ''मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं एक टीम के लिए इतने साल तक खेलूंगा, लेकिन इतने वर्षों में रिश्ता सही में बहुत विशेष हो गया है। ''

उन्होंने फिर कहा कि वह खुद को किसी अन्य फ्रेंचाइजी के लिए खेलते हुए नहीं देखते। उन्होंने कहा, ''मैं आरसीबी के अलावा कहीं और खुद को खेलते हुए नहीं देखता। मैं बहुत खुश हूं कि ऐसा हुआ। मैं बहुत उत्साहित हूं कि मुझे इस नीलामी में एक नई टीम बनाने का मौका मिला। हम फ्रेंचाइजी और टीम के तौर पर इसके लिए उत्साहित हैं।''

## मैकस्वीनी को टेस्ट टीम में चुनने की वकालत

**एजेंसी, मेलबोर्न**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर रिकी पोंटिंग और इयान हीली ने भारत के खिलाफ 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए राष्ट्रीय टीम में सलामी बल्लेबाज के खाली पड़े एक स्थान के लिए ऑस्ट्रेलिया-ए के कप्तान नाथन मैकस्वीनी का चयन करने की वकालत की है।

डेविड वार्नर के इस साल की शुरुआत में संन्यास लेने और स्टीवन स्मिथ के अपने पसंदीदा चौथे नंबर पर लौटने के बाद ऑस्ट्रेलिया को उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत करने के लिए एक सलामी बल्लेबाज की तलाश है। मैकस्वीनी, सैम कोनस्टास, कैमरून बैनक्रॉफ्ट और मार्कस हैरिस जैसे खिलाड़ी इस रिक्त स्थान को भरने के दावेदारों में शामिल हैं।



नाथन मैकस्वीनी

पोंटिंग ने कहा, ''मेरे हिसाब से इस स्थान को भरने का एकमात्र दावेदार नाथन मैकस्वीनी है, जो क्वींसलैंड में जन्मे हैं और अब दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया-ए की तरफ से भी अच्छा प्रदर्शन किया है।''

हीली ने कहा, ''मुझे खुशी है कि लोगों ने देखा कि नाथन मैकस्वीनी किस तरह से अच्छी बल्लेबाजी कर सकते हैं। मैं उसे अच्छी तरह से जानता हूं क्योंकि वह मेरे क्लब से जुड़ा है। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ता भी उसके बारे में जानते हैं क्योंकि उसने हाल ही में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के लिए बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। वह चारों दावेदारों में सबसे अधिक तैयार नजर आता है।''

### लक्ष्य का पीछा करना आसान नहीं होगा : अश्विन

**मुंबई।** सीनियर आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने स्वीकार किया कि वानखेड़े स्टेडियम की टर्न लेती पिच पर 150 के आसपास का लक्ष्य भारतीय बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं होगा।

अश्विन ने कहा ,'' हमें उनकी पारी का अंत करना होगा। इस पारी में बचाया गया हर रन अहम है। इस पिच पर रन बनाना आसान नहीं है। हमें बहुत अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी।'' अश्विन इस पिच पर धीमी उछाल से हैरान है क्योंकि आम तौर पर मुंबई में ऐसा नहीं होता।

अश्विन ने कहा ,'' मुझे लगा था कि और उछाल होगी। यहां काफी धीमी उछाल है जबकि मुंबई की पिच ऐसी नहीं होती।''

## कृषा वर्मा को अंडर-19 विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण

**एजेंसी, नई दिल्ली**



युवा भारतीय मुक्केबाज कृषा वर्मा ने अमेरिका के कोलोराडो में विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित शुरूआती अंडर-19 विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि पांच अन्य मुक्केबाजों ने रजत पदक अपनी झोली में डाले।

कृषा ने 75 किग्रा वर्ग के फाइनल में जर्मनी की साइमन लेरिका को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले में मात दी।

चंचल चौधरी (महिला 48 किग्रा), अंजलि कुमारी सिंह (महिला 57 किग्रा), विनी (महिला 60 किग्रा), आकांक्षा फलासवाल (महिला 70 किग्रा) के अलावा राहुल कुंडू (पुरुष 75 किग्रा) अपने फाइनल में हार गये जिससे उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

चंचल अयोग्य घोषित किए जाने के बाद दूसरे स्थान पर रहीं जबकि अंजलि को इंग्लैंड की मिया-तिया आयटन से 0-5 से हार मिली। आकांक्षा इंग्लैंड की लिली डीकॉन से जबकि राहुल अमेरिका के अविनोंग्या जोसेफ से 1-4 के समान अंतर से पराजित हुए। विनी को इंग्लैंड की एला लोन्सडेल से 2-3 के विभाजित फैसले में शिकस्त मिली।

## टेनिस

### ज्वेरेव चार वर्षों में तीसरी बार इस हार्डकोर्ट टूर्नामेंट के अंतिम-4 में पहुंचे

# अलेक्जेंडर ज्वेरेव पेरिस मास्टर्स के सेमीफाइनल में

**एजेंसी, पेरिस**

जर्मनी के तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने स्टेफानोस सितसिपास को 7-5, 6-4 से हराकर पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया और यूनान के खिलाड़ी को एटीपी फाइनल की दौड़ से बाहर कर दिया।

फ्रेंच ओपन के उपविजेता ज्वेरेव का अगला मुकाबला 2022 के चैंपियन होल्गर रूण से होगा। वह पिछले चार वर्षों में तीसरी बार इस हार्डकोर्ट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं, लेकिन कभी खिताब नहीं जीत पाए। पिछले पांच वर्षों में यह पहला अवसर है जबकि 10वीं वरीयता प्राप्त सितसिपास एटीपी फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए।



अलेक्जेंडर ज्वेरेव

क्वार्टर फाइनल के एक अन्य मुकाबले में रूण ने ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को 6-4, 4-6, 7-5 से हराया। रूस के 2018 के चैंपियन करेन खाचानोव ने ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-2, 6-3 से हराकर उनकी एटीपी फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को करारा झटका पहुंचाया। सेमीफाइनल में खाचानोव का मुकाबला स्थानीय खिलाड़ी उगो हम्बर्ट से होगा, जिन्होंने कार्लोस अल्काराज को बाहर का रास्ता दिखाने के एक दिन बाद ऑस्ट्रेलिया के जॉर्डन थॉम्पसन को 6-2, 7-6 (4) से हराया।

### बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी से बाहर

पेरिस। भारत के स्टार खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन यहां पुरुष युगल के कड़े मुकाबले में हार के साथ पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गए। बोपन्ना और एबडेन की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को इस एटीपी 1000 प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड के वेस्ले कूलहोफ और क्रोएशिया के निकोला मेक्टिच की जोड़ी से 6-7, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा।



यह मैच एक घंटे 46 मिनट तक चला। पहला सेट टाईब्रेकर में खिंचने से पहले दोनों जोड़ियों ने एक-दूसरे के सामने कड़ी चुनौती पेश की। बोपन्ना और एबडेन को कुछ मौके मिले, लेकिन कूलहोफ और मेक्टिच ने सेट प्वाइंट बचाकर टाईब्रेक जीता और 1-0 की बढ़त बना ली। दूसरे सेट में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला, लेकिन बोपन्नाा और एबडेन ने 12वें गेम में डबल फॉल्ट किया, जिसकी बदौलत कूलहोफ और मेक्टिच को ब्रेक प्वाइंट का मौका मिला।

### मैं कभी टेनिस समुदाय का अनादर नहीं करता : राजपाल

**नई दिल्ली।** भारत के गैर-खिलाड़ी डेविस कप कप्तान रोहित राजपाल ने स्पष्ट किया कि उन्होंने 'शट अप' उन्हें एजेंडे के तहत लगातार निशाना बना रहे कुछ लोगों के लिए कहा था, देश के टेनिस समुदाय के लिए नहीं जैसा कि पेश किया जा रहा है।



राजपाल ने कहा कि डेविस कप कप्तान के रूप में उनकी योग्यता पर सवाल उठाने वाले लोगों को रिसर्च करना चाहिए और वह उन लोगों में से नहीं है जो खिलाड़ियों के नहीं चाहने पर पद पर बने रहेंगे।

आम तौर पर विवादों से परे रहने वाले राजपाल स्टॉकहोम में पिछले डेविस कप मुकाबले में स्वीडन के हाथों भारत की 0-4 से हार के बाद अपने आलोचकों को 'शट अप' कहने के कारण विवादों में घिर गए थे।